रांची एक्सप्रेस 61 साल से लगातार... । जनपय पत्रकारिता।
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.ranchiexpress.com वर्ष-61 अंक-249 रांची बुधवार 01 मई 2024, संवत् 2081 पृष्ठ -12 मूल्य 4 रु.

### सूचना

1 मई (बुधवार) मजदूर दिवस के अवसर पर हिन्दी दैनिक रांची एक्सप्रेस के कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक 3 मई 2024 शुक्रवार को बाजार में उपलब्ध होगा।

– प्रबंधक

# जैक ने इंटर के तीनों संकायों के परीक्षा परिणाम किए घोषित, लड़कियों ने मारी बाजी

**40.78 प्रतिशत प्रथम और 55.71 प्रतिशत द्वितीय**



**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को इंटरमीडिए के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। कॉमर्स में 90.60 प्रतिशत, कला में 93.16 फीसदी, वोकेसनल में 83 और साइंस में 72.72 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। पहली बार है जब जैक ने तीनों संकायों के परीक्षा परिणाम एक साथ जारी किए हैं।

शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक उत्कर्ष गुप्ता और जैक अध्यक्ष अनिल महतो ने संयुक्त रूप इंटर बोर्ड का रिजल्ट जारी किए। शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने बताया कि परीक्षा पैटर्न में बदलाव होने की वजह से रिजल्ट में गिरावट आयी है। साथ ही बताया कि फिजिक्स और केमेस्ट्री में रिजल्ट संतोषजनक नहीं रहा। इस साल 03 लाख 44 हजार परीक्षार्थी 12वीं बोर्ड की परीक्षा में बैठे थे। इनमें साइंस के 94,433, कॉमर्स के 25,907 और आर्ट्स के 2,24,502 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 72.70 फीसदी पास हुए हैं। छात्र जैक की ऑफिशियल वेबसाइट jacresults.com और jac.jharkhand.gov.in पर परिणाम देख सकते हैं।

आर्ट्स में 93.7 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। इसमें 83404 छात्र फर्स्ट डिवीजन हैं। आर्ट्स में कुल 02 लाख 24 हजार 502 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें 02 लाख 06 हजार 685 छात्र ही परीक्षा में पास हुए। कॉमर्स में 90.06 प्रतिशत (23235) छात्र पास हुए हैं। 61 प्रतिशत परीक्षार्थी फर्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं। कॉमर्स में कुल 25907 स्टूडेंट ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें 25644 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए थे।

साइंस में 94433 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें 93,805 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और 68,203 स्टूडेंट परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, जिसमें 72.70 फीसदी छात्र फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण हुए हैं। वोकेशनल में 508 परीक्षार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें केवल 493 छात्र ही परीक्षा में बैठे थे और 439 छात्र यानी 89.22 फीसदी स्टूडेंट पास हुए हैं। साइंस में 72.2 फीसदी लड़के और 72.67 फीसदी लड़कियां उत्तीर्ण हैं। कॉमर्स में 93 प्रतिशत लड़कियां सफल हुई हैं। आर्ट्स में भी लड़कियां आगे रहीं।

**मैं इस साल भी नहीं कर पाया...**

# आई एम सॉरी पापा

- और कोटा में डॉक्टर बनने का सपना लिए फंदे से झूल गया भरत, 4 महीने में ये 8वीं जान गई

**कोटा (एजेंसी)।** राजस्थान के कोटा के धौलपुर निवासी भरत कुमार राजपूत ने अपने पिता को सादे कागज पर लिखा, पापा, मुझे माफ करना, इस बार भी मेरा नीट में चयन नहीं हो पाएगा। इस संदेश के बाद उसने दुखद रूप से अपनी जान ले ली। यह दुखद घटना जवाहर नगर थाने के तलवंडी इलाके में हुई। भरत यहां अपने भांजे के साथ एक पीजी में रह रहा था। मंगलवार को भरत की मौत ने एक बार फिर उन सरकारी और गैर सरकारी दावों की पोल खोल दी है, जिनमें कोटा कोचिंग छात्रों के मानसिक तनाव को दूर करने के लिए प्रयास किए गए हैं।

# मोदी को मारो, मोदी को पीटो और मोदी को खूब गाली दो

**महाराष्ट्र की रैली में विपक्ष पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री**



**उस्मानाबाद (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उस्मानाबाद में आयोजित विशाल जनसभा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी आपका जीवन बदलने के लिए दिन-रात काम करता है।

वहीं इंडिया गठबंधन वाले मोदी को बदलने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। मैं आपका जीवन बदलना चाहता हूं लेकिन वे मुझे बदलना चाहते हैं। फेक वीडियो को लेकर उन्होंने कहा, इनकी हालत यह है कि झूठ नहीं चलता है तो एआई से हमारे चेहरे का उपयोग करते हैं। उनकी मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बिकने लगे हैं। मोदी की आवाज को और मोदी के भाषण का उपयोग करके नई-नई चीजें गढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, वे मोदी को गालियां देते फिरेंगे। हमारे ऊपर अनगिनत झूठे आरोप लगाएंगे। आजकल तो ये दिन-रात मोदी को गाली देने में लगे हैं। ये देश के लिए क्या करेंगे उसका कुछ पता नहीं है।

# गर्मी का कहर

## 'लू' के थपेड़ों से धधक रहे शहर

**45 डिग्री तक पहुंचा पारा, घर से निकलना भी मुश्किल**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारतीय राज्यों में इस वक्त भीषण गर्मी का कहर जारी है। चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। कई शहर लू के थपेड़ों में धधक रहे हैं। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो से तीन दिनों के लिए आंध्र प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा समेत कई राज्यों के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। कुछ राज्यों में स्कूलों में कक्षाएं निलंबित कर दी गई हैं। पारा 45 डिग्री तक पहुंच गया है। अपने नवीनतम मौसम बुलेटिन में आईएमडी ने बताया कि पूर्वी भारत में अगले दो से तीन दिन भीषण गर्मी का कहर होने वाला है। जबकि, अगले पांच दिनों तक दक्षिण प्रायद्वीपीय क्षेत्र में गर्मी जारी रहेगी। आईएमडी ने तेलंगाना, कर्नाटक और सिक्किम के कुछ हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। सोमवार को पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, सिक्किम, ओडिशा, झारखंड, केरल और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में लू चली। आंध्र प्रदेश के कलाईकुंडा और कंडाला में अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से आठ डिग्री अधिक था। आंध्र के नंद्याल शहर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार को ओडिशा के बारीपदा में 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद बिहार का शेखपुरा तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पीटीआई के मुताबिक, आईएमडी ने कहा है कि रेड अलर्ट वाले क्षेत्रों में लोग हीटस्ट्रोक तेजी से फैल रहा है। एजेंसी ने लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने को कहा है।

### पेनल्टी क्यों न लगाएं,बाबा रामदेव के सामने नई मुश्किल

- अब जीएसटी ने भेजा 27 करोड़ का नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पतंजलि समूह की परेशानियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब पतंजलि फूड्स को जीएसटी यानी वस्तु एवं सेवा कर की तरफ से नोटिस मिला है, जिसमें करोड़ों रुपये के टैक्स क्रेडिट को लेकर सवाल पूछे गए हैं। इधर, मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में अवमानना के मामले में फिर सुनवाई जारी है। योग गुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण अदालत पहुंचे हैं। खबर है कि पतंजलि फूड्स को जीएसटी इंटेलिजेंस के चंडीगढ़ जोनल यूनिट से यह नोटिस मिला है। कारण बताओ नोटिस के जरिए पूछा गया है कि कंपनी से 27.46 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट को क्यों नहीं वसूला जाना चाहिए। कंपनी ने कहा, एक शोकॉज नोटिस मिला है... जिसमें कंपनी, उसके अधिकारियों और पदाधिकारियों से कारण बताने के लिए कहा गया है कि 27,46,14,343 रुपये इनपुट टैक्स क्रेडिट क्यों नहीं (ब्याज के साथ) वसूल किया जाना चाहिए। साथ ही पेनल्टी क्यों नहीं लगाई जानी चाहिए...।

# पतंजलि केस में अब बढ़ी आईएमए की मुश्किल

**एससी ने दी ऐक्शन की चेतावनी,भारी पड़े अदालत के खिलाफ बोल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन के मामले में अब सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिशन को भी आड़े हाथों लिया है। केस की सुनवाई के दौरान अदालत ने आईएमए को भी नसीहत देते हुए कहा था कि आपको अपने डॉक्टरों के बारे में भी विचार करना चाहिए। अकसर वे महंगी और गैर-जरूरी दवाएं मरीजों को लिख देते हैं। इसके अलावा कोर्ट की बेंच ने कहा था कि यदि आप एक उंगली किसी की ओर उठाते हैं तो बाकी आपकी ओर भी उठती हैं। इसी नसीहत पर आईएमए के अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन ने अपनी प्रतिक्रिया दी थी और अदालत की टिप्पणियों पर सवाल उठाए थे। एक इंटरव्यू के दौरान अशोकन ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों पर कहा था कि यह भाषा ठीक नहीं है। इसी पर मंगलवार को पतंजलि और बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कोर्ट से कहा, मैंने कल आईएमए के अध्यक्ष का इंटरव्यू देखा। उनका कहना था कि अदालत हमारी ओर उंगली क्यों उठा रही है। अदालत की कार्यवाही में दखल है।




- **अमित शाह फेक वीडियो केस**

### बड़ा ऐक्शन, 2 अरेस्ट,एएपी-कांग्रेस से लिंक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में पुलिस हरकत में आ गई है। खबर है कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों आम आदमी पार्टी यानी एएपी और कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को भी इससे जुड़े मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, आप और कांग्रेस से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अहमदाबाद साइबर क्राइम टीम ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले सोमवार को असम पुलिस ने भी कहा था कि एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक लैपटॉप और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए थे। असम के मुख्यमंत्री ने बताया था कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का नाम रीतोम सिंह है।



# प्रियंका गांधी का डेब्यू टला! राहुल पर सस्पेंस बरकरार

- **24 घंटे में कांग्रेस कर सकती है अमेठी-रायबरेली का फैसला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के दो चरण हो चुके हैं, लेकिन कांग्रेस ने अब तक उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली पर पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन संभावनाएं जताई जा रही हैं कि पार्टी जल्दी दोनों सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर सकती है। कहा यह भी जा रहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा के लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावनाएं कम हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, प्रियंका गांधी के 2024 लोकसभा चुनाव लड़ने के आसार कम हैं। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि प्रियंका चुनाव में सिर्फ प्रचार करेंगी। साथ ही कांग्रेस रायबरेली और अमेठी को लेकर 24 घंटों में बड़ा फैसला ले सकती है। अटकलें थीं कि प्रियंका रायबरेली से मैदान में उतर सकती हैं।




### छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की नक्सलियों पर कमर तोड़ कार्रवाई

- मुठभेड़ में 2 महिला समेत 8 नक्सली ढेर

**रायपुर (एजेंसी)।** बस्तर और कांकेर जिलों की सीमा से लगे जंगलों में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो महिलाओं सहित लगभग आठ नक्सली मारे गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़ सकती है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी सुदनराज ने इस एनकाउंटर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र की सीमा पर टेकमेटा और काकुर के जंगल में मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ के समय एसटीएफ और डीआरजी की एक संयुक्त टीम माओवाद विरोधी अभियान पर निकली थी। टीम ने क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने कहा कि घटनास्थल से एके 47, गोला-बारूद और विस्फोटक सहित हथियार जब्त करने के साथ ही माओवादियों के आठ शव बरामद किए हैं। प्रदेश में गृहमंत्रालय संभाल रहे छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा माओवादियों के साथ बातचीत के लिए अपनी पेशकश दोहरा रहे हैं।

### नौसेना के नए चीफ बने दिनेश त्रिपाठी,संभाला पद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को नेवी के 26वें चीफ के तौर पर पदभार संभाल लिया है। उन्होंने एडमिरल आर हरि कुमार की जगह ली है। पदभार संभालने से पहले उन्होंने अपनी मां रजनी त्रिपाठी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत में योगदान के लिए भारतीय नौसेना को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम काम करेंगे। कम्युनिकेशन एंड इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर के स्पेशलिस्ट माने जाने वाले एडमिरल दिनेश त्रिपाठी अब तक नेवी के वाइस चीफ की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। एडमिरल त्रिपाठी को दिल्ली में नेवी चीफ का पदभार सौंपा गया। 60 साल के एडमिरल त्रिपाठी त्रिपाठी 39 साल से नौसेना में हैं। उन्होंने कहा- पिछले कुछ वर्षों में हमारी नौसेना एकजुट और विश्वसनीय फोर्स के रूप में डेवलप हुई है। इसके लिए मैं नौसेना के सभी पूर्व प्रमुखों का धन्यवाद करता हूं।

# टी-20 वर्ल्डकप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

**शिवम दुबे को टीम में जगह,पंत-सैमसन विकेटकीपर; गिल और रिंकू सिंह रिजर्व प्लेयर**



**मुंबई (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप 2 से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। टीम इंडिया 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम - रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल. अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज। रिजर्व प्लेयर- शुभमन गिल, खलील अहमद, रिंकू सिंह, आवेश खान। टीम इंडिया पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड से खेलेगी। टीम का दूसरा मुकाबला 9 जून को पाकिस्तान, 12 जून को तीसरा मुकाबला अमेरिका और 15 जून को चौथा मुकाबला कनाडा से होगा। इस बार टी-20 वर्ल्ड कप 2 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच कनाडा और होम टीम अमेरिका के बीच डालास में होगा। फाइनल मैच 29 जून को वेस्टइंडीज के बारबाडोस शहर में होगा। सुपर-8 और नॉकआउट मैच वेस्टइंडीज में होंगे।

**कर्नाटक सेक्स स्कैंडल**

# एसआईटी जांच तक जेडीएस नेता प्रज्वल पार्टी से सस्पेंड

- कोर कमेटी की बैठक में हुआ फैसला, कर्नाटक में कोहराम

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** जनता दस (सेक्युलर) ने मंगलवार को हासन से पार्टी सांसद और लोकसभा से उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना को पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी ने मंगलवार को जेडीएस कोर कमेटी की बैठक की। इसमें प्रज्वल को पार्टी से सस्पेंड करने का फैसला लिया गया। बैठक के बाद जद (एस) कोर कमेटी के अध्यक्ष जीटी देवेगौड़ा ने कहा कि हम प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ एसआईटी बनाने का स्वागत करते हैं। हमने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को एसआईटी जांच पूरी होने तक प्रज्वल को पार्टी से सस्पेंड करने को कहा है। वहीं, कुमारस्वामी ने कहा प्रज्वल का सस्पेंशन एसआईटी जांच पूरी होने तक है। मैंने गलत करने वाले का कभी बचाव नहीं किया, लेकिन इस विवाद में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का नाम लेना गलत है। कांग्रेस हमारे परिवार में फूट डालने की कोशिश कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रज्वल से जुड़े सवाल के जवाब में गुवाहाटी में कहा- बीजेपी मातृशक्ति के साथ है। इस जांच को आगे बढ़ाएं। जद (एस) पार्टी ने प्रज्वल को सस्पेंड कर दिया है। उन पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने भी कहा है बीजेपी का रुख स्पष्ट है। कोई भी राजनीतिक दल इस मामले में समर्थन नहीं करेगा। राज्य सरकार पहले ही एसआईटी बना चुकी है, इसलिए जांच जारी रहेगी। इससे पहले जेडीएस विधायक समृद्धि मंजूनाथ ने कहा, विधायक रेवन्ना और उनके सांसद पुत्र प्रज्वल पर यौन शोषण का केस दर्ज होने से पार्टी वर्करों को शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। पूर्व पीएम देवेगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना (67) और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना (33) के खिलाफ उनकी मेड (घरेलू सहायिका) ने यौन शोषण की एफआईआर दर्ज कराई है। केस हासन के होलेनरासीपुर थाने में दर्ज कराया गया। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुए हैं। दावा किया गया है कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं। कर्नाटक महिला आयोग ने इसे राज्य का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल बताया है।



## संक्षिप्त

### मुड़मा नयासराय आरोग्य केन्द्र का निरीक्षण

**पिस्का नगड़ी :** मुड़मा नयासराय आरोग्य केंद्र में मंगलवार को दिल्ली से एक उच्चस्तरीय केंद्र की टीम निरीक्षण एवं उद्घाटन करने पहुंची। उच्चस्तरीय दल में गुरविंदर कौर और जयंता सरकार



थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आरोग्य प्रभारी सीएचओ सोनाली परधीया, एएनएम पंचम कुमारी, संध्या हेलेन लकड़ा, सीएचओ पुनम शर्मा, नयासराय के सहीया ज्योति देवी, रेहाना खातून, सुनीता देवी, सरिता कच्छप, शाहिना परवीन, सलमा परवीन, समिना खातून, संगीता तिर्की, श्वेता देवी, नुसरत परवीन। रातु प्रखंड आरोग्य प्रभारी डा सुसैन होरो, बीपीएम बैशाली कृष्णा, अभिषेक तिवारी, संधीर कुमार का योगदान रहा। कार्यक्रम में उतरी टुन्डूल मुखिया ममता तिर्की, मैजुल हक विशेष रूप से उपस्थित थे।

### विषैले सर्पदंश से महिला की मौत

**बुढ़मू :** बगदा मेढ़ी की बुजुर्ग महिला को पशु चराने के दौरान विषैले सांप के काटने से हुई मौत,किया गया अंतिम संस्कार। जानकारी के अनुसार रविवार को बगदा मेढ़ी निवासी राजो देवी 59 वर्ष पति अमृत महतो को पशु चराने के दौरान एक विषैले सांप ने काट लिया। अन्य चरवाहों के द्वारा जंगल से गांव लाया गया। उसके बाद आनन फानन में रिम्स ले जाया गया। इलाज के दौरान सोमवार को महिला की मौत हो गई। और आज मंगलवार को हिंदू विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया।

### साईं मंदिर का 9वीं वार्षिकउत्सव मना

**बुढ़मू :** मंगलवार को साईं मंदिर का 9वीं वार्षिकउत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6 बजे की काकड़ आरती से की गई तदोपरांत रुद्राभिषेक, हवन व महाआरती का आयोजन किया



गया। दोपहर में भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। समस्त धार्मिक अनुष्ठान आचार्य पंडित अजय मिश्रा व आचार्य पंडित विनोद पाठक के द्वारा संपन्न कराया गया। वहीं यजमान के रूप में दर्शा शिवम शामिल हुए। मौके पर मंदिर के सचिव शिव कुमार तिवारी, पत्रकार मधुकर आनंद, जयकुमार पांडेय, गोपाल तिवारी, वैद्यनाथ ठाकुर, आदित्य कुशवाहा, सुरेश ठाकुर, निर्मल जयसवाल, बंशी जयसवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

### एनआईए डीजी ने झारखंड डीजीपी से की मुलाकात

**रांची :** एनआईए के डीजी सदानन्द दाते ने मंगलवार को रांची के धुर्वा स्थित पुलिस मुख्यालय पहुंचकर राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान दोनों पदाधिकारियों ने झारखंड में आतंकवाद और नक्सलवाद सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान राज्य में आंतकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से की जा रही कार्रवाई एवं हाल के दिनों में प्राप्त सफलताओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान एडीजी आरके मल्लिक, एडीजी डॉ संजय आनन्दराव लाठकर, एनआईए के आईजी आशीष बत्रा, एनआईए डीआईजी ज्योति प्रिया, एनआईए एसपी प्रशान्त आनन्द, मनोज कौशिक सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# उत्साहविहीन मतदाताओं को रिझाने में जुटे है नेता और कार्यकर्त्ता

**इटकी :** चुनाव की तिथि निकट आती जा रही है लोहरदगा संसदीय (सु) सीट के इटकी प्रखण्ड में उत्साहविहीन मतदाताओं को विभिन्न दलों के प्रत्याशी और कार्यकर्ता कई हथकण्डा अपना कर रिझाने का सिलसिला तेज कर रखा है। जिन नेताओं और कार्यकताओं के चेहरे शायद ही कभी नजर आते थे, अचानक उनकी क्षेत्र में सक्रीयता बढ़ गई है। अपने दल के प्रत्याशी को जीत सुनिश्चित करने के लिए नेताओं का चुनावी दौरा शैन शैन जोर पकड़ता जा रहा है। मतदाताओं को रिझाने के लिए उनके द्वारा कई तरह के सब्जबाग दिखाय जा रहे है। किन्तु मतदाताओं में चुनाव को लेकर अब तक उत्साह नही दिख रहा है। मतदाताओं की चुप्पी और प्रचण्ड गर्मी कार्यकत्ताओं के हौसले को पस्त कर दे रही है। चुनाव को लेकर मतदाताओ में उत्साह की कमी इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है नेताओं के चुनावी सभा हो या बैठक में बहुत कम लोग उनकी बात सुनने पहुंच रहे है। मतदाताओं के इस रवैये से प्रत्याशी और नेता परेशान है। फिर भी कार्यकर्ता और नेता हार नही मान रहे अपने प्रत्याशी के पक्ष में बोट डालने के लिए मतदाताओं के समक्ष कई हथकण्डे अपना कर खुश करने में जुट गये है। आगामी 13 मई को लोहरदगा लोक सभा का चुनाव होना है। इस बार प्रखण्ड के 49 बुथों पर कुल 40,251 हजार मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाता 20,026 जबकि 20,224 महिला मतदाता अपना बोट डालेंगे।

## जेएसएलपीएस की महिलाएं रैली निकाल कर मतदाताओं को किया जागरूक

**सोनाहातू :** जेएसएलपीएस की दीदियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से बुधवार को सोनाहातू प्रखंड परिसर में स्वीप के तहत मतददाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही प्रखंड परिसर से रैली भी निकाली गई। आमजनों के बीच लोकसभा चुनाव के निमित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन के तहत लोगों को नैतिक मतदान और ईवीएम, वीवीपैट




के संबंध में जानकारी देकर मतदान करने को कहा गया। सोनाहातू में बीडीओ खगेश कुमार, जेएसएलपीएस बीपीएम सुनील कुमार राणा, ललित कुमार महतो, हीरालाल महतो, धनन्जय यादव, अजय कुमार, लखिन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

## ज्योति कुमारी 409 अंक 81.8 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर बनी

**तमाड़ :** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सलगाडीह में कला का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से 61 छात्राओं ने इंटर कला के परीक्षा में शामिल हुयी थी। जिसमें 56 छात्राएं प्रथम श्रेणी, पांच छात्रा द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुयी। ज्योति कुमारी 409 अंक 81.8 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान सुषमा कुमारी 397 अंक 79.4 प्रतिशत और तृतीय स्थान आरती कुमारी वही किरण कुमारी 396 अंक 79.2 प्रतिशत लाकर विद्यालय में संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त की है। विद्यालय की वार्डन रीता बड़ाइक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारियों ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी है।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–इंदु कुमारी ,उम्र–21 वर्ष, रंग–सॉवला उँचाई– 5फीट 1ईंच, पहनावा–भूरा रंग सलवार सूट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला इंदु कुमारी, पे0–जगेश्वर महतो, सा0–सिद्दी थाना–पिठोरिया, जिला–राँची, जो दिनांक–08.03.2024 को घर से बिना बताए कहीं चली गईं जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में पिठोरिया थाना सनहा संख्या–20/24 दिनांक–28.03.2024, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, मु0, प्रथम, राँची। –9431706141
थाना प्रभारी, पिठोरिया, राँची। –9431706186

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 324250 Police(24-25)#D


## इटकी में बिजली की आँख- मिचौली से किसान और उपभोक्ता परेशान

**इटकी :** इटकी और आसपास के इलाकों में बिजली के अनियमित आपूर्ति से लोग परेशान है। खास कर किसानों को बिजली की आंख मिचौली से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अनुकुल मौसम के कारण किसान बड़ी तदाद में फसल लगा रखे है। किन्तु बार बार बिजली की कट होने से फसलों की पटवन किसान समय से नही कर पा रहे है। जिससे तपती धुप में फसल मुरझाने लगे है। वही क्षेत्र के छोटे बड़े उद्योग धंधे में प्रतिकुल पर असर पड़ने लगा है। बिजली की आवाजाही से आम जन भी परेशान है वही निर्धारित समय में जलापूर्ति भी वाधित हो रही है जिसके कारण लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकृत विभागीय जानकारी के अनुसार हटिया ग्रिड में पावर की कमी और इटकी बेड़ो फीडर में पावर ओवर लोड के कारण बिजली आपूर्ति में बाघा उत्पन्न हो रही है।

## पेयजल एवं बिजली की समस्या हेतु हुए बैठक मे शामिल हुए : डॉ परमेश्वर

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम बंझिला एवं हेसल घुघरी में ग्रामीणों की एक बैठक हुई जिसमे, पेयजल और बिजली की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में पूर्व



डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत उपस्थित थे बैठक मे ग्रामीणों ने पेयजल और बिजली के आपूर्ति में देरी, उन्हें संशोधित करने के लिए कई कदमों की जरूरत को उठाया गया। डॉ. परमेश्वर ने समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव दिए और संभावित उपायों पर विचार किया। हेसल घुघरी के लोगो ने ये भी बताया की हमारे गांव का बिजली का तार पिछले दिन चोरी हो गई जिससे बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है मौके पर ही उन्होंने नया ट्रांसफर्मर की मांग पर भी ध्यान आकृष्ट कराया। डॉ परमेश्वर भगत ने लोगो को भरोसा दिलाया कि विभाग के वरीय पदाधिकारियों से मिलकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुरोध किया जाएगा।

## पैदल मार्च निकाल कर शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को किया जागरूक

**इटकी :** इटकी में मंगलवार को स्थानीय प्रशासन ने पैदल मार्च निकाल कर चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाता के बीच जागरूक्ता अभियान चलाया । जिसका नेतृत्व बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग कर रही थी।पैदल मार्च प्रखण्ड परिसर से शुरू होकर थाना चौक होते कुन्दी गांव पहुंचा । इस दौरान मार्च में शामिल लोग हाथों में तख्ती बैनर लेकर नारा लगाते आगे बढ़ रहे थे और मतदाताओं को अपना मताधिकार का प्रयोग करने का अपील कर रहे थे। पैदल मार्च में बीडीओ



शशि निलिमा डुंगडुंग, सीओ विजय कुमार, बीएसओ हेमन्त एकका, वीपीआरओ रईस मलिक,सभी बीएलओ, प्रवेक्षक और बुथ अवेयरनेश ग्रुप के सदस्य सहित कर्मचारी अधिकारी शामिल थे।

## भूपेंद्र सिंह 82.4 प्रतिशत अंकों के साथ बना टॉपर

**तमाड़ :** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सलगाडीह का वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र भूपेंद्र सिंह 82.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में अव्वल रहा। वही विद्यालय में द्वितीय स्थान दीपक 80 प्रतिशत और तृतीय स्थान परबत मुर्मू 78.8 प्रतिशत प्राप्त किये। प्रधानाध्यापक अभिजीत शुक्ला, उप प्राचार्य आकाश कुमार ने विद्यालय प्रबंधन द्वारा उत्तीर्ण सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाये दी गयी।


**श्रम अधीक्षक का कार्यालय, संयुक्त श्रम भवन, गुमला**
ls.gumla@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

Heat wave से बचाव के लिए औधोगिक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों/खनन क्षेत्रों/शहरी क्षेत्रों/पुल निर्माण/सड़क निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईट भट्ठा/क्रशर एवं मनरेगा अन्तर्गत कार्यरत श्रमिकों को में कार्यरत श्रमिकों को कार्य स्थलों पर निम्न सुविधाए उपलब्ध कराये जाने हेतु निदेश प्राप्त हैः–

1. कार्य स्थलो पर शीतल पेयजल के लिए ब्याउ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औधोगिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्व पेयजल, छॉछ, First Aid Kit with Ice Pack के साथ पर्याप्त मात्रा में ORS की व्यवस्था कराना।
3. Peak Hour में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृति में अभिवृद्वि कराना।
5. उच्च ताप वाले क्षेत्रों में हल्कें कार्यो को कम समय के लिए दिया जाना।
6. गर्भवती महिलाओं एवं Medical Contition वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिशा–निदेश निर्गत करना।
7. श्रमिकों को Heat Wave Alert की सूचना समय–समय पर मुहैया कराना।
8. उधोग/वाणिज्यिक संस्थानों में Heat Wave से सम्बन्धित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
9. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैंप लगवाना।

श्रम अधीक्षक
गुमला

PR 324213 Labour Employment and Traning (24-25)_D


## आरटीसी इंटर महाविद्यालय का सराहनीय रिजल्ट

आर0टी0सी0 इन्टर महाविद्यालय पी0एच0ई0डी0, बुटी, राँची के झारखण्ड इन्टरमिडिएट परीक्षा– 2024 के विज्ञान संकाय मेंप्रथम श्रेणी से 276 एवं द्वितीय श्रेणी से 30, कला संकाय में प्रथम श्रेणी से 290 एवं द्वितीय श्रेणी से 29 एवं वाणिज्यसंकाय में प्रथम श्रेणी से 69 एवं द्वितीय श्रेणी से 07 पास किया। महाविद्यालय के विज्ञान संकाय में शफक खान 462 अंकलाकर प्रथम स्थान, पम्मी कुमारी 459 अंक लाकर द्वितीय, अर्शलन आलम 453 अंक लाकर तृतीय, कला संकाय में लक्कीकुमारी 403 अंक लाकर प्रथम स्थान, कोमल कुमारी 392 अंक लाकर द्वितीय स्थान एवं उर्मिला कुमारी 384



प्राचार्य विकास कुमार | विज्ञान संकाय शफक खान | विज्ञान संकाय पम्मी कुमारी | विज्ञान संकाय अर्शलन आलम | कला संकाय कोमल कुमारी | कला संकाय लक्की कुमारी | कला संकाय उर्मिला कुमारी | कला संकाय उर्मिला कुमारी

अंक लाकरतृतीय स्थान एवं वाणिज्य संकाय में रोहित कुमार 445 अंक लाकर प्रथम स्थान, निखिल कुमार रजक 444 अंक लाकर द्वितीय एवं आयशा परवीण 436 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया। महाविद्यालय कापरिणाम शत–प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के डॉ0 नारायण महतो एवं प्राचार्य श्री विकास कुमार ने संयुक्त रूपसे छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का मेहनत का परिणाम बताया। प्राचार्य विकास कुमार विज्ञान संकाय शफक खान प्रथम स्थान 462 अंक 92.4 % विज्ञान संकाय पम्मी कुमारी द्वितीय स्थान 459 अंक 91.8 % विज्ञान संकाय अर्शलन आलमतृतीय स्थान 453 अंक 90.6 % कला संकाय लक्की कुमारी प्रथम स्थान 403 अंक 80.6% कला संकाय कोमल कुमारी द्वितीय स्थान 392 अंक 78.4 कला संकाय उर्मिला कुमारी तृतीय स्थान 384 अंक 76.8 % वाणिज्य संकाय रोहित कुमार प्रथम स्थान 445 अंक 89.0 % वाणिज्य संकाय निखिल कुमार रजक द्वितीय स्थान 444 अंक 88.8%


**श्रम अधीक्षक का कार्यालय, श्रम भवन, कमन्ता रोड, खूँटी**

**Heat wave से बचाव के संबंध में आवश्यक सूचना**
**नियोजक/मुख्य नियोजक/संवेदक ध्यान दें।**

Heat wave से बचाव के लिए औद्योगिक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों/खनन क्षेत्रों/शहरी क्षेत्रों/पुल निर्माण/सड़क निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईट भट्टा/क्रसर एवं मनरेगा अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों को कार्य स्थलो पर नियोजकों द्वारा निम्न सुविधांए उपलब्ध कराया जाना हैः–

1. कार्य स्थलों पर शीतल पेयजल के लिए प्याऊ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र/खनन क्षेत्र/नगरीय क्षेत्र के श्रमिको के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, छॉछ, First Aid Kit with Ice Park के साथ पर्यापत मात्रा में ORS की व्यवस्था कराना।
3. Peak Hour में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. उच्च ताप वाले क्षेत्रों में हल्के कार्यों को कम समय के लिए दिया जाना।
6. गर्भवती महिलाओं एवं Medical Condition वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिशा– निदेश निर्गत करना।
7. श्रमिकों को Heat wave Alert की सूचना समय–समय पर मुहैया कराना।
8. उद्योग/वाणिज्यिक संस्थानों में Heat wave से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
9. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैंप लगवाना।

ह0/–
श्रम अधीक्षक, खूँटी।

PR.NO.324219 Labour Employment and Traning(24-25):D


## कमला नेहरु कॉलेज में इन्टरमीडिएट का रिजल्ट शानदार रहा

**अनगड़ा :** कमला नेहरु इन्टर कॉलेज टाटी सिलवे में बारहवीं की परीक्षाफल शानदार रहा । कला संकाय मे 98 प्रतिशत वानिज्य संकाय में 94.5% रहा रिजल्ट रहा। कला संकाय में 304 परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिसमे प्रथम श्रेणी में 171 तथा द्वितीय 127 परीक्षाथीयों ने सफलता हासिल किए। अविनाश कुमार महतो ने409 अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम टॉपर बना सूरज कुमार ने 391 अंक प्राप्त कर द्वितीय टॉपर बना तथा जॉन सन कच्छप ने 387 अंक प्राप्त कर तृतीय टॉपर बना। वहीं वानिज्य संकाय में 37 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें 22 प्रथम 13



परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी मे उतीर्ण हुए डोली करमाली 403 अंक प्राप्त कर कॉलेज मे प्रथम टॉपर बनी शवनम कुमारी ने 384 अंक प्राप्त कर द्वितीय टॉपर बनी वहीं विशाल भगत ने 373 अंक प्राप्त कर तृतीय टॉपर बना । कॉलेज के अध्यक्ष डॉ लालमनी प्रसाद सचिव श्री नवनीत कुमार सिंह तथा प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिन्हा ने छात्र छात्राओं की सफलता पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी तथा छात्र छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पाईप लाइन में रिपेयरिंग कर रहे मजदूर की मिट्टी में दबने से मौत

**रातू :** थाना क्षेत्र के रिंग रोड जागृति नगर तिलता के पास पेयजल आपूर्ति के लिए पाईप लाइन में रिपेयरिंग का काम कर रहे मजदूर की मिट्टी धसने से दब कर मौत हो गई। मजदूर की पहचान बरहे बिजूपाड़ा निवासी बबलू उरांव उम्र 28 वर्ष पिता हेम्बा उरांव के रुप में की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रांची में पेयजल आपूर्ति करने के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम पीएचडी विभाग द्वारा जिंदल कंपनी को दिया गया है। जागृति नगर तिलता के पास पाइप लाइन मरम्मती का काम कंपनी के सुपरवाइजर जीतेंद्र सिंह द्वारा कराया जा रहा था। मंगलवार को आठ मजदूरों से साइड पर काम कराया जा रहा था। पाइप के नीचे जमा पानी को मोटर लगाकर पानी निकाल कर पाइप के नीचे ढलाई का काम किया जा रहा था। दोपहर करीब 12 बजे काम कर रहे मजदूर के उपर मिट्टी धंसकर गिर गया। जिससे वह मिट्टी के नीचे दब गया। काफी प्रयास के बाद उसे मिट्टी हटाकर बाहर निकाला गया उसके बाद तुरंत उसे ईलाज के रिंची अस्पताल कटहल मोड़ ले जाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया।


**शपथ पत्र**

मै रुचि भारतीय, पति राहुल भारतीय, उम्र-34 साल ,पता - यूनियन बैंक के सामने, राजलक्ष्मी टावर, नीलकमल होटल के पास, चास , जिला- बोकारो, शपथ संख्या 978 दिनांक -19.4.2024 के द्वारा निम्नलिखित घोषणा करती हूं :- कि मेरा सही नाम रुचि भारतीय जो आधार कार्ड संख्या- 3457 00824261 एवं पैन कार्ड HCJPS3117L में दर्ज है।
शादी के पहले मेरा नाम रुचि कुमारी साहू जो VOTER ID NO. GPV 0636340 निवासी H. NO. 74 बिहार कॉलोनी दर्ज है।
शादी के बाद मेरा नाम रुचि भारतीय हो गया।
रुचि भारतीय एवं रुचि कुमारी साहू दोनों नाम एक ही है और एक ही आदमी का है जो मेरा है।



**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपयुक्त, राँची**
**लोकसभा (आम) निर्वाचन 2024 (प्रशिक्षण कोषांग)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

लोकसभा (आम) निर्वाचन 2024 के निमित 11–खूँटी लोकसभा (58–तमाड़ विधानसभा) तथा 12–लोहरदगा लोकसभा (66–माण्डर विधानसभा) का मतदान कार्य सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding officers)/ सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st polling officers)/ सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd polling officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd polling officers) के **तृतीय चरण (3rd Phase)** का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवन निर्धारित हैः–

**प्रशिक्षण स्थल :– राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची**

**प्रशिक्षण कार्यक्रम**

| Phase | Training Date | Shift | Time | Duty | Party No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 3rd Phase Training | 06 /05/2024 | 1st | 10:30 AM to 01:30 PM | Presiding Officers<br>1st Polling Officers<br>2nd Polling Officers<br>3rd Polling officers | 58-0001 to 66-0190 |
| | | 2nd | 02:30 PM to 05:30 PM | | 58-0191 to 66-0364 |
| | 07 /05/2024 | 1st | 10:30 AM to 01:30 PM | Presiding Officers<br>1st Polling Officers<br>2nd Polling Officers<br>3rd Polling officers | 66-0001 to 66-0180 |
| | | 2nd | 02:30 PM to 05:30 PM | | 66-0181 to 66-0360 |
| | 08 /05/2024 | 1st | 10:30 AM to 01:30 PM | Presiding Officers<br>1st Polling Officers<br>2nd Polling Officers<br>3rd Polling officers | 66-0361 to 66-0516 |

नोट :–

1. राजकीय +2 उच्च विद्यालय, कांके रॉची (सी0.आई0.पी0. कॉंके के समीप) के मुख्य द्वार से प्रवेश करेंगे। विद्यालय के परिसर में ही पार्किंग की व्यवस्था है। कमरावार सिटिंग प्लान प्रशिक्षण स्थल पर अंकित रहेगा। निर्धारित सिटिंग प्लान के अनुसार सभी पीठासीन पदाधिकारी (Presiding officers)/सभी प्रथम मतदान पदाधिकारी (1st polling officers)/ सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारी (2nd polling officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारी (3rd polling officers) निर्धारित तिथि एवं पाली में ससमय अपना स्थान ग्रहण करना सुनिश्चित करेंगे।
2. प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग नहीं लेने वाले पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding officers)/ सभी प्रथम मतदान पदाधिकारी (1st polling officers)/ सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारी (2nd polling officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारी (3rd polling officers) के विरूद्ध जन–प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।
3. मतदान कार्य में भाग लेने वाले सभी पदाधिकारियों को प्रशिक्षण स्थल पर ही पहचान–पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। पहचान–पत्र पर अपना फोटो चिपका कर कार्यालय प्रधान से हस्ताक्षर करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधकारी,
–सह– उपायुक्त, राँची

PR 324216 Ranchi (24-25)_D

## संक्षिप्त

### रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में हर्ष राज खलखो ने झारखंड को दिलाया स्वर्ण पदक

**रांची :** हर्ष राज खलखो ने रोलर स्केटिंग महासंघ की ओर से अमृतसर में आयोजित 5वीं रैंकिंग रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप-



2024 में राज्य को गोल्ड मेडल दिलाया है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों तथा केन्द्र-शासित प्रदेशों से प्रतिभागियों ने भाग लिया।

हर्ष राज खलखो झारखंड राज्य के उस स्केटर में से हैं, जिन्होंने पांच से सात वर्ष के आयु समूह में बेहतर प्रदर्शन किया। पांच सौ मीटर में रजत पदक के अलावा अपने दूसरे इवेंट 200 मी. में स्वर्ण पदक जीत कर झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष विकास सिंह, कोषाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता, सचिव सुमित शर्मा, संरक्षक अजित खेस और अभिषेक सिंह राठौर एवं रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सभी सदस्यों ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हर्ष के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पत्नी के हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने मंगलवार को प्रेम प्रसंग में रुकावट बन रही पत्नी की हत्या करने के दोषी पति ललित सिंह पूर्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले में कोर्ट ने 26 अप्रैल को आरोपित को दोषी करार दिया था। हत्या की यह वारदात गोंदा थाना क्षेत्र में सात मार्च, 2019 को हुई थी। आरोपित पति का किसी महिला के साथ प्रेम प्रसंग था। इसको लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। सात मार्च, 2019 को दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी के सिर पर गैस सिलेंडर से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। इसकी सूचना पर मृतक के बेटे ने गोंदा थाना में प्राथमिकी कराई थी। गिरफ्तारी के बाद से आरोपित जेल में बंद है। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने सात गवाह पेश किए जबकि बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह पेश किए गए थे।

### हत्यारोपि कुख्यात अपराधी संदीप थापा सहित छह आरोपित बरी

**रांची :** अपर न्यायायुक्त राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को ठेकेदार शक्ति सिंह हत्या मामले में कुख्यात अपराधी संदीप थापा सहित छह आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। 26 दिसंबर 2015 को शक्ति की हत्या गोली मारकर की गई थी। इस हत्याकांड को हरमू बिजली ऑफिस के पास अंजाम दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने संदीप थापा पर हत्या की साजिश होटवार जेल में रचने का आरोप लगाया था। शक्ति सिंह कुख्यात संदीप थापा के लिए काम करता था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से संदीप थापा पर लगे आरोप को साबित नहीं कर सकी। इसका लाभ आरोपितों को मिला। इसके बाद अपराधी संदीप थापा सहित छह आरोपित को बरी कर दिया गया।

### ट्रैफिक नियम का उल्लघंन करने वालों से 1142 का कटा चालान

**रांची :** राजधानी रांची में ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले छह दिनों में कुल 1142 लोगों का नियम के उल्लंघन करने के मामले में चालान काटा गया है। इनमें 131, 133,150, 241,241 और 246 चालान शामिल है। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने मंगलवार को बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस ,अनाधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म, अनाधिकृत रूप से सूचक पट्ट लगाकर घुमने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है।

# एटीएस ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के दो बदमाशों को दबोचा, हथियार बरामद

**रांची :** आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें मनिन्दर कुमार उर्फ मिलावट और राजा अंसारी शामिल हैं। इनके पास से आठ चक्र का एक रिवाल्वर, अलग-अलग तरह की 51 गोलियां बरामद की गयी हैं।

एसपी ऋषव झा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एटीएस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के बदमाश राजा अंसारी एवं मनिन्दर कुमार उर्फ मिलावट रामगढ़ के पतरातू आया हुए हैं।






इस सूचना पर एटीएस ने छापेमारी कर दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया। मनिन्दर कुमार के पास से अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद किया गया।

एसपी ने बताया कि मनिन्दर कुमार से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आयी है कि वह गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के जरिये अपराध में प्रयुक्त होने वाले हथियार एवं कारतूसों को जमा करता था। जेल में बंद बदमाश चंदन साव और अमन साहू के निदेर्शानुसार वह चिह्नित अपराधियों को हथियार मुहैया कराता था। साथ ही घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी इसे हथियार वापस कर देते थे।

एसपी ने बताया कि राजा अंसारी अमन साहू गिरोह का कुख्यात अपराधी है, जो विगत दिनों में अमन साहू गिरोह के फायरिंग संबंधी कई घटनाओं में संलिप्त रहा है। ये पूर्व में भी कई आपराधिक घटनाओं में जेल जा चुका है। राजा अंसारी के खिलाफ पूर्व से आठ मामले दर्ज हैं।

# झारखंड हाई कोर्ट में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की आंशिक सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार ने हाई कोर्ट द्वारा मामले में लिए गए स्वतः संज्ञान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है। इस पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में अभी लंबित है। इसलिए समय दिया जाए। कोर्ट ने सरकार के आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई जून माह में निर्धारित की है।

हाई कोर्ट ने पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकृत करते हुए इस केस से याचिकाकर्ता उमेश कुमार एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम हटाते हुए इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। राज्य सरकार की ओर से आईए दाखिल कर कहा गया था कि इस केस के याचिकाकर्ता एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का क्रेडेंशियल सही नहीं है। इसलिए इन दोनों का नाम इस केस से हटाया जाए।

याचिकाकर्ता का कहना है कि राज्य के जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर में शामिल होने के लिए 25 लाख रुपये नॉन रिफंडेबल राशि तय की गई थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के विभिन्न जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल का टेंडर लेने के लिए कोलकाता से झारखंड के तीन जिलों में अलग-अलग खातों में करोड़ों रुपये भेजा गया था। यह उन कंपनियों के खाते में भेजा गया था, जहां जिनके खाते में मात्र दो- चार हजार रुपये हुआ करता था। उसी खाते से सारा पैसा राज्य के अन्य जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर के लिए 25-25 लाख रुपये जमा करने में इस्तेमाल हुआ था। कोलकाता से भेजे गए पैसों का इस्तेमाल शराब माफिया की ओर से झारखंड के सभी जिलों में शराब के होलसेल का टेंडर लेने के लिए किया गया था।

# झारखण्ड सचिवालय सेवा संघ ने चलाया सम्पर्क अभियान

**रांची :** आज दिनांक 30.04.2024 को झारखण्ड सचिवालय सेवा संघ द्वारा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद के नेतृत्व में नेपाल हाउस स्थित सचिवालय के विभिन्न विभागों में



सम्पर्क अभियान चलाया गया। मौके पर अध्यक्ष ने संघ के सदस्यों के साथ चर्चा के दौरान बताया कि सरकार द्वारा सचिवालय सेवा के पद सृजन मामले में लंबे समय से सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है। पद सृजन के विपरीत कार्मिक विभाग द्वारा पदों में कटौती का प्रस्ताव लाया गया है, जो निंदनीय है। संघ के मांगों के प्रति सरकार के अन्यायपूर्ण, संवेदनहीन व उदासीन रवैया संघ को भविष्य में आंदोलन के लिए बाध्य कर रही है। आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के निमित्त अध्यक्ष ने सभी विभागों से विभागीय प्रतिनिधि मनोनीत करने का आग्रह किया, ताकि विभाग एवं संघ के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। उक्त सम्पर्क अभियान में संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद के साथ उपाध्यक्ष विनय कुमार बरनवाल, संयुक्त सचिव देबाशीष सिन्हा, संगठन सचिव प्रणव कुमार पांडा, कोषाध्यक्ष हेम नारायण सिंह आदि पदाधिकारीगण शामिल थे।

# झारखंड हाई कोर्ट ने खरकई डैम प्रोजेक्ट मामले में मुख्य सचिव से मांगे जवाब

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट में छह हजार करोड़ से अधिक राशि खर्च किए जाने के बाद राज्य सरकार द्वारा इसे बंद करने पर आपत्ति जताते हुए संतोष कुमार सोनी द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव से पूछा है कि 6100 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद खरकाई डैम प्रोजेक्ट क्यों पूरा नहीं किया जा रहा है?

कोर्ट ने कहा कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बाद क्या काम बंद रहेगा? यदि वहां ग्रामीण आंदोलनरत हैं तो उसके लिए क्या कर रहे हैं? खरकाई डैम प्रोजेक्ट को लेकर अंतिम रूप से सरकार ने क्या निर्णय लिया है? कोर्ट ने इन बिंदुओं पर मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले का अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है।

इस मामले में जल संसाधन विभाग ने शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया कि जमीन अधिग्रहण पर स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के कारण खरकाई डैम प्रोजेक्ट रुका हुआ है। इस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि 6100 करोड़ से अधिक रुपये इस प्रोजेक्ट पर खर्च हो चुका है। इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर करने से पहले राज्य सरकार ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट जरूर बनाई होगी। क्या प्रोजेक्ट रिपोर्ट में राज्य सरकार को जमीन अधिग्रहण को लेकर ग्रामीणों के आंदोलन को लेकर किसी प्रकार का विचार नहीं किया था। नाराज कोर्ट ने मौखिक कहा कि यदि यही स्थिति है तो मामले में सीबीआई को प्रतिवादी बनाकर जांच करवा देते हैं। फिर सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि छह हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करने के बाद खरकई डैम प्रोजेक्ट को वर्ष 2020 में एक पत्र लिखकर इस प्रोजेक्ट को क्यों बंद कर दिया गया था?

दरअसल, वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। इसी के तहत खरकई डैम प्रोजेक्ट किया जा रहा था लेकिन वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बिना कारण के बंद कर दिया गया। याचिकाकर्ता का कहना है कि सरकार ने इस डैम के प्रोजेक्ट पर छह हजार करोड़ से अधिक की राशि खर्च कर दी है। वर्ष 2020 में बिना कारण के इस प्रोजेक्ट को रोक दिया गया जबकि इस डैम के प्रोजेक्ट के लिए जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है और प्रभावित विस्थापितों को बसाने के लिए नया जगह भी बन चुका है।

### भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ दो मई को करेंगे नामांकन

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और रांची सांसद संजय सेठ दो मई को नामांकन करेंगे। नामांकन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू के प्रदेश अध्यक्ष सुदेश महतो, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो सहित सांसद, विधायक, एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित



रहेंगे। नामांकन के पूर्व एक जनसभा आयोजित की गई है, जिसमें छह विधानसभा क्षेत्रों के लगभग 50 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके बाद मोरहाबादी मैदान से गाजे-बाजे के साथ उपायुक्त कार्यालय नामांकन के लिए प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी संजय पोद्दार ने मंगलवार को दी।

### मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे सरकारी स्कूलों के बच्चे

**रांची :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के सरकारी स्कूलों में भी मतदाता जागरुकता के लिए मतदान से संबंधित रोचक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। स्कूलों में आयोजित होने वाले चेतना सत्रों में भी बच्चों को भारत के विराट लोकतांत्रिक विरासत और इसकी




गौरवगाथा के बारे में बताया जा रहा है। बच्चे इन प्रयासों से लोकतांत्रिक इतिहास और मतदान के महत्त्व को आसानी से समझ पा रहे हैं। इतना ही नहीं वे अपने टोलों, गांवों में भी जागरुकता अभियान चला रहे हैं।

**स्कूलों में बनाया गया डेमोक्रेसी रूम :** राज्य के सरकारी स्कूलों में छात्रों एवं उनके अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए 'लोकतंत्र कक्ष' बनाया गया है। इस रूम में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जुड़े चित्रों, पेंटिंग्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, ईवीएम, वीवीपैट मशीन आदि की प्रतीकात्मक प्रदर्शनी लगाई गयी है। बच्चे इस कक्ष में अभिभावकों के साथ आकर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को आसानी से समझ सकते हैं।

### उपायुक्त कोर्ट का सुनवाई का समय तीन मई से बदलेगा

**रांची :** रांची के उपायुक्त कोर्ट में होने वाली सुनवाई के समय में कुछ दिनों के लिए बदलाव किया गया है। आगामी तीन मई से 15 मई तक उपायुक्त कोर्ट में सुबह 10 बजे से ही सुनवाई होगी। लोकसभा चुनाव के नामांकन को लेकर यह बदलाव किया गया है। कोर्ट के समय में बदलाव की जानकारी रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव को मंगलवार को पत्र लिखकर दी गई है। उल्लेखनीय है कि रांची उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा सुबह 11 बजे से लोकसभा चुनाव के कार्यों में व्यस्त हैं। इसकी वजह से उपायुक्त कोर्ट में सुनवाई का समय बदल दिया गया है।

### महावीर प्रसाद रूंगटा सहित दो आरोपितों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को मनी लांड्रिंग के आरोपित महावीर प्रसाद रूंगटा और राकेश कुमार सिंघानिया की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया है। इससे पहले सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने 12 अप्रैल को आदेश सुरक्षित रख लिया था।

# लोकसभा चुनाव में थर्ड फ्रंट उतारेगा उम्मीदवार

**रांची :** राज्य में पहले और दूसरे चरण के चुनाव में थर्ड फ्रंट सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगा। इसके अलावा गाण्डेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव में भी उम्मीदवार देगा। थर्ड फ्रंट के घटक दलों के नेताओं ने मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।

फ्रंट के समन्वयक एवं झारखंड नवनिर्माण दल के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि लोहरदगा में निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा और कोडरमा में प्रो. जयप्रकाश वर्मा को थर्ड फ्रंट समर्थन देगा। गाण्डेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव में मुख्तार अंसारी को समर्थन देने की घोषणा की। साथ ही पलामू लोकसभा सीट पर बहुजन मुक्ति पार्टी के रामबचन राम, खूंटी से झारखंड नवनिर्माण दल के संजय तिर्की, सिंहभूम में आशा कुमारी रुण्डा, चतरा में बहुजन मुक्ति पार्टी के महेश बाण्डो को थर्ड फ्रंट समर्थन देगा। सिंह ने कहा कि भाजपा संविधान पर चोट कर रही है। संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने की उसकी मंशा है। इसलिए पहला काम भाजपा को सत्ता से




दूर करना है। भाजपा महंगाई और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों से जनता का ध्यान भटका रही और 2047 का सपना बेच रही है जबकि नोटबंदी और जीएसटी से जनता त्रस्त हो चुकी है।

थर्ड फ्रंट के प्रमुख मीडिया प्रभारी पंकज मिश्रा ने एनडीए और आईएनडीआईए दोनों को एक नजर से देखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पहले विधायक और सांसदों को खरीद कर भाजपा दूसरों की सरकार गिरा कर सरकार बनाती थी। अब नया खेल शुरू कर दिया है। जनता के वोट देने के अधिकार को छीन लिया गया है। वोटों को सीधा खरीद लिया जा रहा है।

पंकज ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सबसे पहले खेल शुरू हुआ। अभी सूरत और इंदौर में जनता को वोट देने से वंचित कर दिया गया। भ्रष्टाचार पर बड़ी बात करना भाजपा को शोभा नहीं देती। इलेक्टोरल बॉन्ड इतना ही पारदर्शी होता तो सुप्रीम कोर्ट को इसे असंवैधानिक नहीं कहना पड़ता। उन्होंने कहा कि थर्ड फ्रंट पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगा और बाद के चरणों में भी प्रत्याशी उतारेगा। संवाददाता सम्मेलन में बहुजन सदान मोर्चा के उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक, बहुजन मुक्ति पार्टी के अध्यक्ष मुरलीधर राम, कुसुम देवी, ज्योति भेंगरा, अधिवक्ता रंजीत महतो, वासुदेव भगत, डॉ. सतीश कुमार और किशोर कुमार वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### दोस्त की हत्या के दोषी नाबालिग को उम्रकैद की सजा

**रांची :** जुवेनाइल कोर्ट ने मंगलवार को नाबालिग दोस्त की हत्या करने के दोषी नाबालिग को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले में अभियोजन पक्ष ने 10 गवाह जबकि बचाव पक्ष ने दो गवाह पेश किए थे।

एक जनवरी, 2021 को नए साल का जश्न मनाने के लिए सोनू को उनके घर से आशीष टोप्पो और सुमेश लकड़ा लेकर निकले थे। बाद में सभी ने शराब पी और सोनू टोप्पो की हत्या पत्थर से कुचकर कर दी थी। दो जनवरी को सुबह में सोनू टोप्पो का शव करमटोली के सेलिब्रेशन बैंक्विट हॉल के पास मिला था। लालपुर थाना में मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मृतक सोनू टोप्पो को अंतिम बार आरोपितों के साथ देखा गया था। इसे देखते हुए लालपुर पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

### संत जेवियर्स कॉलेज में युवाओं को वोट के प्रति किया जागरूक

**रांची :** संत जेवियर्स कॉलेज में मंगलवार को आयोजित वोट फॉर योर फ्यूचर विषय के तहत कॉलेज के सभागार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए वोटरों को मतदान के प्रति जागरूक करना था। राँची के नगर आयुक्त अमित कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुऐ उन्होंने नए मतदाताओं व कॉलेज के विद्यार्थियों को बताया कि लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा और जनता के लिए शासन है। उन्होंने कहा कि सोच, पार्टी, सरकार सभी बदल सकते हैं लेकिन आपका पहला वोट हमेशा एक यादगार पल के तौर रह जाएगा। इस अवसर के मौके पर अतिथि राँची के वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन कुमार सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा किसी भी कार्य योजना को कराने के लिए सरकार की जरुरत होती है उसके लिए वोट कर ही लोकतान्त्रिक सरकार चुन सकते हैं। मौके पर उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन. लकड़ा ने कहा कि युवाओं को अपने समाज की विषमताओं को दूर करने के लिए सरकार चुनकर ही कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कामयाबी एक सुबह जैसी होती है, मांगने पर नहीं जागने से ही मिलती है। न्यूज 99 के डायरेक्टर राम प्रताप सिंह, 99 ग्रूप के सी.एम.डी श्याम पांडेय ने भी अपने वक्तव्यों में कॉलेज के छात्रों को वोट के प्रति जागरूक किया। इस दौरान कार्यक्रम में एल्विन रोजारियो बैंड द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गयी जिसे कॉलेज के छात्रों ने काफी सराहा व उस आनंद का लुफ्त उठाया। मौके पर कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. फादर अजय मिंज, एस.जे., आईक्यूएसी संयोजक डॉ. शिव कुमार, डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय सिन्हा, डॉ. मारकुस बारला, डॉ. इवाना चक्रबर्ती व अन्य प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र उपस्थित थे।

# प्रतुल शाह देव मुख्यमंत्री से पूछा, झामुमो का जमीन दलालों के साथ रिश्ता क्या कहलाता है?

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने मंगलवार को मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर हमला बोलते हुए कहा कि झामुमो का हाथ जमीन दलालों के साथ है। उन्होंने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से जानना चाहा कि उनकी सरकार, झामुमो पार्टी, जमीन दलाल एवं ट्रांसफर-पोस्टिंग के रैकेट में लगे लोगों के बीच का रिश्ता क्या कहलाता है?

प्रतुल ने कहा कि पीएमएलए कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों ने स्पष्ट कर दिया है कि झामुमो नेता अंतू तिर्की, सद्दाम हुसैन और अफसर अली समेत तमाम लोगों ने हेमंत सोरेन की 8.86 एकड़ जमीन के फर्जी कागजात तैयार किए थे। साथ ही इन अभियुक्तों ने यह भी स्वीकार किया है कि वे ट्रांसफर-




पोस्टिंग और जमीन के फजीर्वाड़ा का बहुत बड़ा रैकेट चलाते हैं।

प्रतुल ने कहा कि जमीन घोटाला अरबों रुपये का हो सकता है। उन्होंने कहा कि झामुमो के महासचिव सुप्रिया भट्टाचार्य और अंतू तिर्की के बीच व्हाट्सएप चैट से बहुत चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इस चैट से स्पष्ट है कि अंतू तिर्की जो जमीन की गोरखधंधे में लिप्त था, वह सुप्रियो भट्टाचार्य से डीसीएलआर, खूंटी के पद पर कार्यरत प्रवीण मुंडा की पोस्टिंग रांची में जिला लैंड एक्विजिशन अफसर के रूप में करने की पैरवी कर रहा था। दलालों को यह भी पता था कि फाइल सीएम हाउस तक पहुंच गई है। प्रतुल ने कहा कि सीएम हाउस के भीतर की बातें कैसे लीक हो गईं और सुप्रियो भट्टाचार्य ने अंतू तिर्की के द्वारा इस बात को बताने पर एफआईआर क्यों नहीं किया? क्या यह ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट एवं गोपनीयता का उल्लंघन नहीं है? प्रतुल ने कहा कि दस्तावेजों से स्पष्ट है कि कमीशन लेकर अंतू तिर्की अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग कराता था। उन्होंने कहा कि झामुमो को महिला मोर्चा, युवा मोर्चा की तर्ज पर एक 'ट्रांसफर पोस्टिंग मोर्चा' भी खोल लेना चाहिए।

प्रतुल ने कहा कि जमीन के गोरखधंधे से जुड़े दलाल तक फाइल की जानकारी पहुंचना दिखाता है कि या तो सीएमओ भी मिला हुआ था या फिर इन दलालों की सीएमओ तक पकड़ थी। उन्होंने कहा कि सुप्रिया भट्टाचार्य ने गलतबयानी करके हेमंत सोरेन का कई बार बचाव किया। नवीनतम बचाव था जब हेमंत सोरेन के दिल्ली वाले घर से 36 लाख रुपये बरामद गए थे।


## आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कॉरपोरेट ऑफिसः 802, नटराज बाय रूस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, सर एम.वी. रोड़, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-400069, महाराष्ट्र

रांची शाखा कार्यालयः ऑफिस नं. 5, तृतीय तल, श्री साई टॉवर्स, बूरधमान कम्पाउण्ड, लालपुर, रांची-834001 (झारखण्ड)

### मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 3(1) के अंतर्गत। अधोहस्ताक्षरकर्ता वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (कथित अधिनियम) के अंतर्गत आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) सपठित सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत एक मांग सूचना उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निर्गमित की जिसमें निम्नलिखित ऋणीयों (उक्त ऋणीयों ) से मांग करते हुए संबंधित मांग सूचनाओं में वर्णित राशियों का पुर्नभुगतान करने हेतु कहा गया था जो नीचे दिया गया है। उपरोक्त संदर्भ में उक्त ऋणीयों को पुनः सूचना दी जाती है कि वे इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिवस के भीतर कथित ऋणीयों द्वारा निष्पादित ऋण अनुबंध अन्य प्रपत्रों यदि कोई है तो के साथ निम्न दर्शायी गई राशियों का निम्नवर्णित दिनांक से भुगतान/वसूली की दिनांक तक के आगे के ब्याज जैसा कि उक्त मांग सूचनाओं में वर्णित है के अनुसार भुगतान कर दे। ऋणों के बकाया पुर्नभुगतान हेतु कथित ऋणीयों द्वारा क्रमश निम्नलिखित संपत्तियां (एएचएफएल) के पास प्रतिभूति के रूप में बंधक है।

| क्र. सं. | ऋणी/सह-ऋणी/ जमानतदार का नाम | मांग पत्र की दिनांक एवं राशि | प्रतिभूति आस्तियों का विवरण (अचल संपत्ति) |
|---|---|---|---|
| 1. | (रांची शाखा का लोन कोड 01610000008), गिरिश कुमार पोपट (ऋणी) भाविका पोपट (सह-ऋणी1) | 11-अक्टूबर-2023 रू. 1566717/- | सम्पत्ति के सभी अंश व अंग गठित होते है जिसमें भूमि का कुल क्षेत्रफल 14 डेसीमल आरएस प्लॉट नं. 178/ 5394 & 5394 खाता नं. 253, पीएस 228 जो गांव/मोजा- पुन्दग, पीएस-जगनाथपुर, जिला रांची, 1 संपूर्ण निर्मित फ्लैट चतुर्थ तल पर क्षेत्रफल 1252.84 वर्गफिट सुपर बिल्ट अप एरिया फ्लैट नं. सी4 चतुर्थ तल, वसूधा एन्कलेव 430.39 वर्गफिट पार्किंग एरिया के साथ जिसकी सीमाएं- पूर्वः फ्लैट नं. डी4, पश्चिमः खुला आकाश, उत्तरः खुला आकाश, दक्षिणः फ्लैट नं. बी4 एवं सीढ़िया। |
| 2. | (रांची शाखा का लोन कोड 01610000038), अमरेश यादव (ऋणी) प्रमीला कुमारी (सह-ऋणी1) | 11-जून-2023 रू. 702577/- | सम्पत्ति के सभी अंश व अंग गठित होते है जिसमें भूमि का क्षेत्रफल 1 cottah 4 chittaks से कम अथवा ज्यादा जो मौजा- पन्डारा, खाता नं. 154, प्लॉट नं. 104, थाना नं. 149, पीएस-सुखदेवनगर के अन्तर्गत, जिला रांची में स्थित, जिसकी सीमाएं- पूर्वः प्लॉट नं. 175, पश्चिमः 15 फिट चौड़ी रोड़, उत्तरः प्लॉट नं. 104 का हिस्सा, दक्षिणः प्लॉट नं. 104 का हिस्सा |
| 3. | (रांची शाखा का लोन कोड 01610000027), स्व. श्यो कुमारी देवी (जरिये इसके प्रतिनिधि एवं कानूनी वारिस) (ऋणी) शिवपुकार सिंह (सह-ऋणी1) | 9-फरवरी-2023 रू. 742241/- | सम्पत्ति के सभी अंश व अंग गठित होते है जिसमें भूमि पर प्लॉट नं. 905, खाता नं. 2 के अन्तर्गत पीएस नं. 147, जो गांव एवं मौजा-सेवता, पीएस-मन्डू, जिला रामगढ़ में स्थित जिसकी सीमाएं- पूर्वः कृष्ण लाल जैसवाल, पश्चिमः रोड़, उत्तरः नागेश्वर राय, दक्षिणः नानक सिंह बेदी। |

यदि उक्त ऋणी (एएचएफएल) को उपरोक्त भुगतान करने में असमर्थ हो जाएंगे तो (एएचएफएल) उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरुद्ध अधिनियम की धारा 13(4) तथा लागू होने वाले नियमों के अंतर्गत कथित ऋणियों की जोखिम यथा लागतों एवं परिणामों के आधार पर कार्यवाही करेगा। उक्त ऋणी अधिनियम के अंतर्गत कथित संपत्तियों को विक्रय, पट्टे या अन्य किसी प्रकार से बिना (एएचएफएल) की लिखित सहमति के स्थानांतरित करने हेतु प्रतिबंधित है कोई भी व्यक्ति उक्त अधिनियम के प्रावधानों अथवा उसके अंतर्गत बनाये गये नियमों का उल्लंघन अथवा उल्लंघन करने हेतु बाध्य करता है तो वह उक्त अधिनियम के अंतर्गत उपलब्ध दण्ड एवं सजा के लिये उत्तरदायी होगा।

प्राधिकृत अधिकारी,
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

स्थानः रांची दिनांकः 01.05.2024

# इंटर के रिजल्ट में छात्राओं का जलवा, सभी संकायों में लड़कियां रही टॉपर

## राजीव गांधी इंटर कॉलेज पिंडरा की छात्राएं साइंस और आर्ट्स में रही जिला टॉपर

### कॉमर्स में एसएस+2 हाई स्कूल की छात्रा फियांशु बनी जिला टॉपर

**रामगढ़।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया। रामगढ़ जिले में तीनों संकाय साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स पर छात्राओं का दबदबा रहा। सभी संकायों में लड़कियां ही टॉपर रही। सबसे बड़ी बात यह है कि साइंस और आर्ट्स में राजीव गांधी इंटर कॉलेज पिंडरा, तापीन की छात्राएं टॉपर रही। जबकि कॉमर्स में एसएस +2 हाई स्कूल, गोला की छात्रा सबसे अधिक अंक लाकर जिला टॉपर बनी है। साइंस में राजीव गांधी इंटर कॉलेज पिंडरा, तापीन की छात्रा शहनाज खातून ने 451 नंबर लाकर टॉप किया है। इसी कॉलेज की छात्रा ललिता कुमारी ने 449 नंबर लाकर कॉमर्स में टॉप किया है। जबकि कॉमर्स में एसएस +2 हाई स्कूल, गोला की छात्रा फियांशु कुमारी ने 452 नंबर लाकर टॉप रैंक हासिल किया है।





#### विज्ञान संकाय में टॉप 10 की सूची

विज्ञान संकाय में टॉप टेन रहे छात्रों में 14 लोगों का नाम शामिल है। कुछ छात्र ऐसे हैं जिन्होंने बराबर अंक हासिल किया है। पहले नंबर पर राजीव गांधी इंटर कॉलेज पिंडरा तापिन की छात्रा शहनाज खातून 451 अंक, एसएस +2 हाई स्कूल, मांडू की छात्रा तनजिला परवीन 450 अंक, राजीव गांधी इंटर कॉलेज पिंडरा का छात्र हरिओम राणा 446 अंक, श्रवण यादव 445 अंक, एसएस मॉडल +2 हाई स्कूल, पतरातु की छात्रा रिया गुप्ता 444 अंक, एसएस +2 हाई स्कूल, गोला का छात्र रितेश चंद्र पोद्दार 443 अंक, रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल इंटर कॉलेज, सिरू, दुलमी का छात्र ऋतिक कुमार 443 अंक, राजीव गांधी इंटर कॉलेज पिंडरा की छात्रा पूजा कुमारी 441 अंक, विवेक कुमार शर्मा 441 अंक, एसएस मॉडल +2 हाई स्कूल, पतरातु की छात्रा प्रिया वर्मा 440 अंक, राजीव गांधी इंटर कॉलेज पिंडरा का छात्र अरशद अयूब 439 अंक, गांधी मेमोरियल+2 हाई स्कूल, रामगढ़ की छात्रा आरती कुमारी 348 अंक, राजीव गांधी इंटर कॉलेज पिंडरा का छात्र सचिन कुमार को 438 अंक और उत्क्रमित आरबी+2 हाई स्कूल सांडी की छात्रा बिंदी कुमारी को 438 अंक मिले हैं।

#### कला संकाय में टॉप 10 की सूची

कला संकाय में राजीव गांधी इंटर कॉलेज, पिंडरा, तापीन की छात्रा ललिता कुमारी 449 अंक लाकर टॉप पर रही है। इसके बाद एसएस +2 हाई स्कूल, मांडू की छात्रा नाजमीन निशा 448 अंक, राजीव गांधी इंटर कॉलेज पिंडरा की छात्रा कुमकुम कुमारी 446 अंक, इसी विद्यालय की छात्रा प्रीति कुमारी 443 अंक, रिंकी कुमारी 441 अंक, रानी कुमारी 439 अंक, गांधी मेमोरियल प्लस टू हाई स्कूल रामगढ़ का छात्र निशान ठाकुर 438 अंक, जनता प्लस टू हाई स्कूल चैनपुर की छात्रा सुमन कुमारी को 436 अंक, राजीव गांधी इंटर कॉलेज पिंडरा की छात्रा नीतू कुमारी को 432 अंक, गांधी मेमोरियल प्लस टू हाई स्कूल रामगढ़ की छात्रा अंशु कुमारी को 427 अंक मिले हैं।

#### वाणिज्य संकाय में टॉप 10 की सूची

वाणिज्य में टॉप 10 की सूची में 12 लोगों का नाम शामिल है। कुछ छात्रों ने बराबर अंक लाकर एक स्थान प्राप्त किया है। एसएस +2 हाई स्कूल, गोला की छात्रा फियांशु कुमारी 452 अंक लाकर जिला टॉपर रही है। इसके बाद राधा गोविंद इंटर कॉलेज, रामगढ़ की छात्रा ज्योति कुमारी को 432 अंक, एसएस +2 हाई स्कूल, गोला के छात्र सुमित कुमार को 429 अंक, गांधी मेमोरियल प्लस टू हाई स्कूल रामगढ़ की छात्रा मधु कुमारी को 427 अंक, इसी विद्यालय के छात्र शैफी शकील को 424 अंक, एसएस मॉडल प्लस टू हाई स्कूल पतरातु की छात्रा कुमारी खुशी प्रियदर्शनी को 424 अंक, जेएम कॉलेज भुरकुंडा की छात्रा नेहा कुमारी को 423 अंक, गांधी मेमोरियल प्लस टू हाई स्कूल, रामगढ़ की छात्रा गजाला परवीन को 422 अंक, श्रमिक प्लस टू हाई स्कूल सिरका की छात्रा चांदनी परवीन को 421 अंक, गांधी गांधी मेमोरियल प्लस टू हाई स्कूल रामगढ़ की छात्रा सबा परवीन को 420 अंक, एसएस +2 हाई स्कूल गोला की छात्रा लक्ष्मी कुमारी को 419 अंक और इसी कॉलेज की छात्रा प्रिंस कुमारी को 419 अंक मिले हैं।

# मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति का शव पुलिस ने किया बरामद

**कुजू।** कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय के पीछे से कुजू पुलिस ने मंगलवार की दोपहर को एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया। साथ ही, शव को कब्जे में कर पोस्टमॉर्टम हेतु रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि कुजू पुलिस को सूचना मिली कि पंचायत सचिवालय के पीछे पेड़ के नीचे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। वही, मृतक के पुत्र नीरज गोस्वामी ने शव का पहचान घाटोटांड़ निवासी महेश गोस्वमी (61 वर्ष) पिता रामेश्वर गोस्वामी के रूप में की है। पुत्र नीरज कुमार ने जानकारी दिया कि पिता मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। जो रविवार की शाम घर से निकले थे।

# श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय तोपा पिंडरा का रिजल्ट रहा प्रतिशत

**कुजू।** जैक द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट की परीक्षा में श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय तोपा पिंडरा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 9 विद्यार्थियों ने विज्ञान संकाय में परीक्षा दी थी। जिसमें सात विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। जबकि दो विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया। परीक्षा में बेहतर परिणाम हासिल करने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण प्रसाद ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि टोटल 9 बच्चे ही परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें साफिया परवीन 367 अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। जबकि विवेक महतो 359 अंक लाकर द्वितीय, दिनेश कुमार महतो 357 अंक लाकर तृतीय, हर्षित कुमार 351 अंक लाकर चौथा, गुनगुन कुमारी 349 अंक लाकर पांचवा, सुरेंद्र मुंडा 301 अंक लाकर छठा, गुलफाम शहजादा 300 अंक लाकर सातवां स्थान लकार प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है। वहीं नवनीत कुमार सिंह 298 अंक लाकर आठवां और तेवर प्रजापति 281 अंक लाकर नौंवा स्थान हासिल कर द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण किया है।

# इंटर महिला महाविद्यालय में नेहा विज्ञान में और सुजाता बनी कला संकाय में टॉपर

**कुजू।** जैक द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट की परीक्षा में इंटर महिला महाविद्यालय कुजू की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परचम लहराया है। विज्ञान संकाय में 10 छात्राओं ने प्रथम और कला संकाय में 52 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया है। कला संकाय में सुजाता कुमारी ने 421 अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। वहीं विज्ञान संकाय में नेहा कुमारी 368 अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शशिबाला ने सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# इंटरमीडिएट की परीक्षा में गोला स्थित एसएस प्लस टू हाई स्कूल का रहा शानदार प्रदर्शन

### ▶▶कॉमर्स में 90.4 प्रतिशत अंक लाकर फियांशु कुमारी बनी जिला टॉपर






**गोला।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया। जिसमें गोला स्थित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन रहा। कॉमर्स में फियांशु कुमारी 90.4 प्रतिशत (452) अंक लाकर जिला टॉपर बनी। वहीं सुमित कुमार 85.8 प्रतिशत (429) अंक लाकर द्वितीय टॉपर बने। जबकि साइंस में 88.6 प्रतिशत (443) अंक लाकर रितेश चंद्र पोद्दार ने प्रथम और 86 प्रतिशत (430) अंक लाकर रानी कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार आर्ट्स में 79.6 प्रतिशत (398) अंक लाकर दीक्षा कुमारी ने प्रथम, 76.8 प्रतिशत (384) अंक लाकर प्रिंस कुमार व 76.8 प्रतिशत (384) अंक लाकर इंदू कुमारी ने द्वितीय एवं 76.6 प्रतिशत (383) अंक लाकर संध्या कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटर की परीक्षा में बेहतर परिणाम आने पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अनूपा पुष्पा तिर्की एवं शिक्षक शिव प्रकाश सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# तृतीय पुण्यतिथि पर याद किए गए समाजसेवी अजय साहू, अटूट लंगर सेवा का आयोजन

### पिता की स्मृतियां हमेशा आशीर्वाद बनकर साथ में रहता है :अमित साहू




**रामगढ़।** युवा समाजसेवी अमित साहू के पिता स्व अजय साहू के तृतीय पुण्यतिथि पर डिवाइन ओंकार मिशन परिसर में अटूट लंगर सेवा का आयोजन किया गया। मंगलवार को स्व अजय साहू के स्मृति में डिवाइन ओंकार मिशन के प्रांगण में लगातार तीन वर्षो से प्रत्येक माह की 30 तारीख को स्व अजय साहू के परिवार के द्वारा लगातार लंगर सेवा का आयोजन किया जा रहा है। अपने पिता स्व अजय साहू के तृतीय पुण्यतिथि पर अमित साहू ने कहा कि पिता की स्मृतियां हमेशा आशीर्वाद बनकर साथ में रहता है। अच्छे सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर डिवाइन ओंकार मिशन के सचिव राजेश कुमार नागी, ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल, युवा व्यवसायी कुमार अक्षत, सरोज साहू, हसनैन वारसी सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने गोला में किया कानूनी जागरूकता शिविर का किया आयोजन



**गोला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में गोला स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कानूनी जागरूकता शिविर एवं लिगल ऐड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित एलएडीसी रामगढ़ के डिप्टी चीफ राम कुमार एवं सहायक अभिनव कुमार ने उपस्थित लोगों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी दी और लिगल ऐड डिफेंस काउंसिल के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में एलएडीसी के संबंध में बताया गया कि लिगल सर्विसेज अथॉरिटी एक्ट के धारा 12 के अनुसार इस योजना का लाभ किसी भी महिला, बुजुर्ग, बच्चों, किसी भी अनुसूचित जाती-अनुसूचित जनजाति के लोगों को, काराधीन व्यक्तियों को एवं ऐसे व्यक्तियों को दी जाती है, जिनका वार्षिक आय 3 लाख रूपए या उससे कम हो। उपरोक्त योजना के तहत लोगों के अपराधिक मामले में डालसा द्वारा वाद में अपना पक्ष रखने के लिए एलएडीसी को नियुक्त किया जाता है। नियुक्त एलएडीसी वाद से संबंधित कार्य जैसे बेल करवाना, गवाही करवाना, बहस करने का कार्य एवं वाद से संबंधित संपूर्ण कार्य न्यायालय के समक्ष करते हैं। उपरोक्त योजना के तहत वाद संबंधित संपूर्ण कार्य लोगों के लिए निःशुल्क होता है।

# निःशुल्क निःसंतानता परामर्श शिविर का आयोजन

**भुरकुंडा।** लायंस क्लब भुरकुंडा व अंकुरम आईवीएफ के सौजन्य से मंगलवार को राज नर्सिंग होम में निःशुल्क निःसंतानता परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। डॉ मुनुन कुमार ने आईवीएफ की जानकारी देते हुए निसंतान दम्पतियों से कहा कि निसंतानता आज समाज में बहुत फैल गई है जो कि आधुनिक खान पान, अनियोजित जीवन शैली व बहुत से कारणों से होती है। उन्होंने कहा कि अगर समय से इसका इलाज किया जाए तो परिणाम बहुत ही उत्साहजनक होते हैं। श्री कुमार ने कहा कि अब निसंतानता एक अभिशाप नहीं है। शिविर में क्लब की अध्यक्षा माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, एमजेएफ राजेंद्र महतो, विजय वर्णवाल, सोनाराम मांझी, संजय कुमार, अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, राजेश अग्रवाल, विजयंत कुमार, प्रमोद शर्मा, रमेश अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, दीनबंधु सिंह, संजय सिंह, अजय सिंह, एचएन यादव मौजूद थे।

# हंगामें के बीच साहू भवन ट्रस्ट के सत्र 2023-25 के वार्षिक आमसभा संपन्न



**रामगढ़।** शहर के गोला रोड स्थित साहू भवन में मंगलवार को साहू भवन ट्रस्ट के सत्र 2023-25 का आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा की अध्यक्षता अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार छोटू ने किया। आमसभा का विधिवत शुभारंभ समाज के पूर्व अध्यक्ष पशुपतिनाथ साह और अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार छोटू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आमसभा के दौरान समाजिक कुरीतयों को मिटाने, समाज के बच्चों को शिक्षित बनाने, साहू भवन में समाज के बेटा-बेटी के विवाह को लेकर धर्मशाला में पचास प्रतिशत की छूट देने स्कूल के लिए भूमि खरीदने सहित कई प्रस्ताव पारित भी किये गये। समाज के कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता द्वारा आय-व्यय का विवरण भी प्रस्तुत किया गया। आमसभा में लोगों द्वारा विरोध किये जाने को लेकर पूर्व अध्यक्ष रामदेव प्रसाद ने बताया कि सत्र 2022-24 के कार्यकारिणी के चुनाव के दौरान तत्कालीन चुनाव पदाधिकारी शिवशंकर साहू द्वारा शुल्क बकाया रहने के बावजूद शंभू प्रसाद का नामांकन पत्र स्वीकार किये जाने को लेकर आमसभा के दौरान समाज के लोगों ने जमकर बवाल काटा। देर तक समाज के लोगों के तर्क-वितर्क के बीच अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार छोटू के निर्देश पर आमसभा का समापन कर दिया गया। मौके पर साहू भवन ट्रस्ट के सचिव राकेश कुमार गुप्ता, भंडारपाल सुनील कुमार, मिडिया प्रभारी सह प्रवक्ता श्याम कुमार साह, तरूण कुमार, रंजीत कुमार, अरविंद कुमार साह, दिक्षा अकादमी के निदेशक ललन प्रसाद साह, अशोक कुमार साह, संतोष कुमार सहित साहू भवन ट्रस्ट के दर्जनों लोग शामिल थे।

# मांडू में खुशी क्लास और खुशी चौपाल का हुआ आयोजन

### तनाव कुरुपता और सकारात्मकता भरी हंसी आपके व्यक्तित्व में निखार लाती है:चौहान



**कुजू।** खुशी मिशन के तहत एसएस प्लस टू हाई स्कूल मांडू, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मांडू में खुशी क्लास और मांडू चट्टी में खुशी चौपाल का आयोजन किया गया। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन को अपने जिंदगी में आस-पास भी फटकने नहीं देना है। सकारात्मकता से खुशी जगती है और यही खुशी मंजिल तक ले जाती है। यूं कहें सकारात्मकता ही आपको सफलता दिलाएगी। चौहान ने सकारात्मकता के ताकत से सम्बंधित कई कहानी भी सुनाई। उन्होंने कहा कि शिव खेरा की सुनें विजेता बोलते हैं कि मुझे कुछ करना चाहिए, जबकि हारने वाले बोलते हैं कि कुछ होना चाहिए। साथ ही धीरूभाई अंबानी की भी सुन लें बड़ा सोचो, जल्दी सोचो, आगे की सोचो क्योंकि विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है। अंत में चौहान ने छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों से आग्रह किया कि अगर उन्हें कहीं लगता है कि कोई तनाव में है। खुशी क्लास से संपर्क कर सकते हैं। निःशुल्क उन्हें हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान हाई स्कूल में मुखिया अनिता देवी, मुखिया बैजनाथ राम, समाजसेवी छोटेलाल भुइंया के अलावा शिक्षक सुनील कुमार ने भी बच्चों को तनावमुक्त रहने के लिए अपने विचारों से लोगों को अवगत कराया। कस्तूरबा स्कूल में वार्डन प्रकाशवती और रेणु जायसवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मांडू चट्टी के चौपाल में अमरेंद्र कुमार गुप्ता, दीपक कुमार, नेहरू लाल, रविंद्र कुमार के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# अग्रसेन स्कूल के बच्चों ने दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

### कहा- वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है

**भुरकुंडा।** पटेलनगर स्थित श्री अग्रसेन स्कूल में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम के तहत नाटक और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने वोट की ताकत पर चर्चा की। वहीं बच्चों के लिए मतदान प्रक्रिया का आयोजन हुआ। जिसमें अपने नाम की पर्ची के साथ मतदान कर अंगुली पर स्याही लगवाते हुए बच्चे वोट डालने की खुशी को महसूस किया। इस दौरान सभी मतदाताओं से हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में 20 मई को अनिवार्य रूप से अपने बूथ पर जाकर मतदान करने का संदेश दिया। बच्चों ने वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है का नारा बुलंद करते घर पर माता-पिता समेत परिवार के अन्य लोगों और पड़ोसियों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके अलावा बच्चों के बीच आयोजित निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने वोट का महत्व को समझाते हुए वोट को राज्य और देश की तरक्की का माध्यम बताया। प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने कि लोकतंत्र में कम वोट प्रतिशत चिंता का विषय है। हमारा वोट ही है जो हमारे राज्य और देश का भविष्य बना या बिगाड़ सकता है। नागरिकों का सबसे बड़ा हथियार उनका वोट ही है। आयोजन को सफल बनाने में प्रीति कुमारी, दिव्या केशरी, रीता राय, सीमा लकड़ा का योगदान रहा।

# इंटर की परीक्षा में जुबिली कॉलेज के विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

### विज्ञान में श्याम अहमद 417, कला में मुज्तबुल्लाह 379 व वाणिज्य में आरुशी 368 अंक लाकर बनी कॉलेज टॉपर









**भुरकुंडा।** झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित इंटर कला, विज्ञान व वाणिज्य की परीक्षा में जुबिली कॉलेज का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। विज्ञान में श्याम अहमद 417, कला में मुज्तबुल्लाह 379 व वाणिज्य में आरुशी 368 अंक लाकर कॉलेज टॉपर बने हैं। वहीं इंटर कला में शबनम परवीन 357, शोहेल अख्तर 336, खुशबू कुमारी व सोनू मुंडा 334, प्रियंका गुप्ता व निशांत कुमार 333, मेहर परवीन व काजल कुमारी 330, बादल कुमार 328 अंक लाकर कॉलेज के टॉप टेन की सूची में शामिल हुई है। वहीं इंटर विज्ञान में अंशिका कुमारी 384, ब्यूटी कुमारी 381, अंजली कुमारी 376, पूजा कुमारी 373, आदर्श कुमार 371, कनिष्का लहकर 370, मो अकिफ 362, मो अरबाज 359, तारा शंकर महतो 356 अंक लाकर कॉलेज के टॉप टेन की सूची में शामिल होने का गौरव पाया है। जबकि इंटर वाणिज्य में नीलम कुमारी 324, हार्दिक शर्मा 320, विश्वजीत कुमार 318, श्रेया कुमारी 317 अंक लाकर कॉलेज के टॉप फाइव की सूची में शामिल हुए हैं। कॉलेज के प्राचार्य प्रो एनके तिवारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है। साथ ही सफल विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यार्थियों की सफलता पर प्रो एके सिंह झा, प्रो बालकृष्णा, डॉ एसपी पांडेय, डॉ विशेश्वर रविदास, प्रो अर्जुन कुमार मिश्रा, सहित कॉलेज परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, आधा दर्जन दुकान जल कर खाक



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया बाजार समिति में आज दोपहर अचानक आग लग जाने से तकरीबन आधा दर्जन फल दुकानों को नुकसान पहुंचा है। बाजार समिति के फल दुकानों के ऊपर रखे प्लास्टिक के कैरेट बिजली के तार के संपर्क में आ गए, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। बाजार समिति में फलों का कचरा भी सूखा हुआ पड़ा था, जिससे देखते ही देखते आग फैल गई और कुछ ही देर में आग में भयावह रूप धारण कर लिया। हालांकि गनीमत यह रही की समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तकरीबन आधा दर्जन दुकानों को भारी नुकसान हुआ है। जिसे तकरीबन 10 लख रुपए का नुकसान हुआ ।बताते चले की बाजार समिति परिसर के अंदर अस्थाई फलों का दुकान बनाया गया है, जबकि बाहरी परिसर में कई स्थाई दुकानें भी संचालित होती है। इसके अलावा परिसर में ही फल व्यवसाईयों के द्वारा कचरा फेंका जाता है, जो भी भीषण गर्मी के कारण पूरी तरह से सूख चुका था।

# प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामाशीष चौधरी अपनी लापरवाही को छुपाने एवं बचने के लिए दंत चिकित्सक से मांगा स्पष्टीकरण

## दंत चिकित्सक ने पहले ही आपातकालीन सेवा से मुक्त करने का दिया था आवेदन

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली को लेकर ग्रामीणों में दिख रहा आक्रोश,जिला प्रशासन को जांच करने की आवश्यकता




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

सतगावां- 29/04/24 को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामाशीष चौधरी को ड्यूटी से गायब रहने एवं घायल मरीज का लगभग 2 घंटे बाद उपचार करने,ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने को लेकर खबर प्रकाशित किया गया था जिसमे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामाशीष चौधरी अपनी गलती एवं लापरवाही को छुपाने के हिसाब से दंत चिकित्सक आशीष कु.यादव को स्पश्टीकरण का मांग कर पल्ला झाड़ने का काम किया गया इसी मैटर को लेकर संवाददाता द्वारा दंत चिकित्सक डॉ आशीष कु.यादव से बात किया तो उनके द्वारा बताया गया कि मेरी नियुक्ति जेपीएससी 2018 में राष्ट्रीय मुख्य स्वास्थ्य कार्यक्रम( एन ओ एच पी ) के तहत हुई थी और नियुक्ति पत्र में कहीं भी सामान्य/आकस्मिक चिकित्सा कार्य करने हेतु कोई भी दिशा निर्देश नही है सिर्फ हमे 9 बजे सुबह से लेकर 3 बजे अपराह्न तक ओपीडी में मरीजों को देखकर उपचार करना होता है लेकिन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा आकस्मिक ड्यूटी लगाया जाने लगा है और इसको लेकर मैं 17/04/24 को आकस्मिक ड्यूटी से मुक्त करने के लिए आवेदन भी दिये है जिसका रिसीविंग भी मुझे नही मिला है और मांगे गए स्पष्टीकरण का जवाब 17/04/24 को दिए आवेदन को सम्मिलित कर प्रस्तुत किया गया है।। सोचने वाली बात है की दंत चिकित्सक जो बीडीएस की डिग्री लेकर ओपीडी में सेवा देते है उसका आपातकालीन सेवा में ड्यूटी लगाकर खुद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गायब रहते है।यदि दंत चिकित्सक को आपातकालीन सेवा में ड्यूटी लगाया जाता है और बहुत ही ज्यादा गंभीर मरीज आएगा तो दंत चिकित्सक के द्वारा क्या इलाज किया जाएगा ऐसे में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अपने गलती और लापरवाही को छुपाने एवं बचने के लिए किसी का भी जबरदस्ती ड्यूटी लगा देते है और स्पश्टीकरण मांग कर अपनी गलती को छुपाने के काम करते है।जब से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामाशीष चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में योगदान दिए है तब से ही विवादित ही रहे है स्वास्थ्य केंद्र को राजनीति का अखाड़ा बना दिये है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है इसलिए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य बिभाग को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित जांच करते हुए कार्रवाई करने की सख्त आवश्यकता है।

# पुलिस अधीक्षक, कोडरमा के द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध विशेष अभियान में, 4 अभियुक्त गिरफ्तार

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कोडरमा** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में गुप्त सूचना के आधार पर पु0नि0 सुजित कुमार पु0नि0-सह-थाना प्रभारी कोडरमा के नेतृत्व में दिनांक 30.04.24 को कोडरमा थाना क्षेत्र से अवैध अग्रेजी शराब ले जाने की सूचना पर अग्रेजी अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी की गयी। जिसके दौरान (1) किंगफिसर केन बियर 500 रूका 600 बोतल (2) गोड फादर वीयर 650 रू का 12 बोतल (3) बर्काडी लेमन रम 750 रूका 12 बोतल (4) मैक्डोवेल्स नं0-01-375 रूका 24 बोतल (5) तीन मोटर साईकिल, एक चार पहिया वाहन (स्कार्पियों) एवं चार मोबाईल बरामद किया गया तथां 04 शराब तसकर को गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में कोडरमा थाना काण्ड सं0-88/24 दिनांक-30.04.2024 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त में 1. अशोक कुमार उम्र-29 वर्ष पिता रामकिशुन यादव सा0 इन्दरवा थाना व जिला कोडरमा। 2. सकलदेव यादव उम्र 26 वर्ष पे0 रामधनी यादव सा0 झरीटॉड इन्दरवा थाना व जिला कोडरमा। 3. सुभाष कुमार उम्र-23 वर्ष पिता राजकुमार पंडित सा0 गढदिबौर, रतनपुर थाना रजौली जिला नवादा (बिहार) 4. मनीष कुमार उम्र-16 वर्ष पे0 गनौरी यादव ग्राम चितरकोली थाना रजौली जिला नवादा (बिहार) है। कुल जप्ती सामाग्री ङ्क(1) किंगफिसर केन बियर 500 रूका 600 बोतल 2) गोड फादर वीयर 650 रूका 12 बोतल (3) बर्काडी लेमन रम 750 रू का 12 बोतल (4) मैक्डोवेल्स नं0-01-375 रूका 24 बोतल (5) होण्डा एस0पी0 साईन मोटर साईकिल क्क्र275-3433, ब्लैक सिल्वर रंग का स्पेण्डर मोटर साईकिल-छ्व॥12स्न7117 होण्डा सिल्वर रंग का स्पेण्डर मोटर साईकिल-छ्व॥12रू3970, एक चार पहिया (स्कार्पियों) वाहन सं0-छ्व॥02॥-0009 एवं चार मोबाईल एण्ड्रायड छापेमारी दल में पु0नि0 सुजित कुमार पु0नि0 सह थाना प्रभारी कोडरमा। 2. पु0अ0नि0 अनिल राम कोडरमा थाना। 3. कोडरमा थाना के सशस्त्र बल थे।




# दूधीमाटी स्थित आजसू पार्टी के कार्यालय में जिला कमिटी की आवश्यक बैठक संपन्न

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कोडरमा** दूधी माटी आजसू पार्टी कार्यालय में जिला कमेटी की बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता के द्वारा एवं संचालन केंद्रीय समिति सदस्य मनोज यादव के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के महासचिव सह कोडरमा लोकसभा प्रभारी संतोष सहाय एवं एनडीए समर्थित भाजपा से प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी उपस्थिति हुई। वहीं संबोधन में लोकसभा प्रभारी संतोष सहाय ने कहा की एनडीए प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में लगातार लोकसभा क्षेत्र के बूथों को मजबूत बनाने के साथ-साथ लोगों को पक्ष में गोलबंद करने की रणनीति पर मजबूती से कार्य किया जा रहा हैं। निश्चित तौर पर चुनाव का परिणाम बेहद अच्छे साबित होंगे। और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो नारा है वह भी सच होगा। वहीं प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा की देश के प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार से गरीब गुरबा और जरूरतमंदों को ध्यान में रखते हुए। कई योजनाओं को धरातल पर उतारा और उन सभी तक लाभ पहुंचाने का काम किया है। जनता इसे भलीभांति जानती हैं। निश्चित ही एक बार फिर जनता अपना आशीर्वाद हमें जरूर देगी। जबकि आजसू जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता ने कहा की हम सभी को मेहनत और ईमानदारी पूर्वक मिलजुलकर एनडीए प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में कार्य करते हुए भारी मतों से विजयी बनाने की आवश्यकता हैं। ताकि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में विकास की योजनाओं को धरातल पर शत प्रतिशत उतर जा सके। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी, भोला शंकर प्रसाद, जगनंदन यादव, रोहित कुमार, पिंटू शर्मा, मनोज ठाकुर, शंभू कुमार, मनोज प्रसाद यादव, केदार दास, शंभू दास आम्बूज पटेल कपिल अहमद जितेंद्र मेहता रोहित मेहता पवन राणा सहित सैकड़ों कार्यकर्तागण मौजूद थे।




# बीएलओ के द्वारा घर घर जाकर नए मतदान केंद्रों का स्टीकर लगाकर दी जानकारी



रांची एक्सप्रेस संवाददाता **कोडरमा** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग कोडरमा के द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर 20 मई 2024 को मताधिकार का प्रयोग कर मतदान कर लोकतंत्र के महा पर्व में सहभागी बनाने की अपील किया गया।

# गिरीडीह लोकसभा के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में डा. ऊषा सिंह ने भरा पर्चा ,कहा मैं जीतू या हारू सेवा करना मेरा परम् धर्म ही रहेगी



**बोकारो।** गिरीडीह लोकसभा की पुरी तैयारी के साथ मंगलवार को नामांकन के पहले दिन डॉ उषा सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना पर्चा दाखिला कर चुनाव महौल की दस्तक दी । डॉ. ऊषा सिंह भाजपा से त्यागपत्र देकर निर्दलीय पर्चा दाखिल किया,पर्चा दाखिल करने के बाद पत्रकारों को बताया कि हम एक समाजसेवी है । मेरी सुबह शाम जनता की सेवा में लगी रहती हूँ ,जनता की सेवा करना मेरी जीवन पहली प्राथमिकता रहा है । मैं जीतू या हारू जनता की सेवा करना हमारी परम् धर्म था और रहेगा ही । मैं क्षेत्र में भ्रमण करने के बाद विभिन्न तरह की समस्या दिखाई दी है ,इन्ही समस्याओं को लेकर हमने चुनाव लड़ने की ठानी और आज निर्दलीय पर्चा दाखिल किया,और जीत के बाद मुद्दा तो बहुत सारा है लेकिन सबसे प्रथम और प्रमुख मुद्दा गिरिडीह लोकसभा से युवाओं का पलायन रोकना ,पलायन रोकने के लिए गिरिडीह लोकसभा के अंदर कल कारखाने में जंग लग रहे को चालू कराकर व नये उधोग लगाकर पलायन रोकने का प्रयास करूँगी ,इसके लिए मेरे पास विजन है कि कैसे पलायन को रोका जा सकेगा । गिरीडीह लोकसभा के अंतरगर्त रोजगार दिलाने का कई अवसर है ,परन्तु दिलाने वाले जज्बा चाहिए । यहाँ जनप्रतिनिधियों युवाओं को केवल ठगने का काम किया है । मेरी जनता की आशिर्वाद मिले ,जनता की सपनें का संवराने की काम करूँगी ।

# बैचलर इन टेक्नोलॉजी में टॉप 10 में बनाई जगह



रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर। प्रखंड के बाघमारा स्थित सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा की पूर्व छात्रा निक्की कुमारी पिता अरुण कुमार राणा ने इतिहास रच दिया है। बताते चलें कि इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग कॉलेज अलवर में बीटेक की फाइनल परीक्षा में निक्की कुमारी ने टॉप 10 में जगह बनाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। निक्की कुमारी संपूर्ण कॉलेज में पांचवा स्थान लाकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। निक्की कुमारी अपनी प्रारंभिक शिक्षा आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में किया था जहां उन्होंने 82त्न अंक लाकर मैट्रिक की परीक्षा पास किया था। फिर संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग में इंटरमीडिएट ऑफ साइंस की परीक्षा 64त्न अंक से पास होने के बाद बीटेक करने के लिए राजस्थान के अलवर चली गई। जहां उसने अपने मेहनत का लोहा मनवाया और सफलता की नया आयाम लिखा। उन्होंने पूरे कॉलेज में पांचवा स्थान प्राप्त कर विद्यालय ही नहीं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करने का काम किया है। बताते चले कि उनके पिता अरुण कुमार राणा जीवन बीमा एजेंट है। इनकी माता रेखा देवी पूर्व जिला परिषद सदस्य रह चुकी है। इसके सफलता पर राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी विधायक अमित कुमार यादव ,विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख अंजू देवी, भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी, वीरेंद्र मोदी, शिक्षाविद डॉक्टर बैजनाथ प्रसाद बरनवाल, विद्यालय के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा, नीलकंठ बरनवाल, पिंटू कुमार पांडेय,स्थानीय मुखिया इंद्रदेव यादव, उप मुखिया साजन खान, सहित क्षेत्र के कई गणमान्यों ने बधाई दिया है।

# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

**धनबाद /** लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष 2 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद निर्दलीय उम्मीदवार प्रेम प्रकाश पासवान ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

# इंटरमिडिएट वार्षिक परीक्षा मे महुदा इंटर महाविद्यालय एवं रवि महतो स्मारक का बेहतर परिणाम




**महुदा** -झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी इंटरमीडिएट 2024 के वार्षिक परीक्षा फल में महुदा इंटर महाविद्यालय के विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में शत प्रतिशत रहा। विज्ञान में कुल 133 छात्रों ने भाग लिया जिसमें 32 प्रथम , 35 द्वितीय श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए ! महाविद्यालय के पांच छात्र-छात्राओं ने बेहतर अंक प्राप्त किया। जिसमें सोनु कुमार 81 प्रतिशत, रितुराज पासवान 80 प्रतिशत मो.अबुबकर अजिज 77 प्रतिशत, अमीत कुमार 72 प्रतिशत तथा शशी कुमार यादव ने 71 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वाणिज्य विषय में कुल 22 छात्रों ने परीक्षा दिया जिसमें14 प्रथम,14, द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस संकाय मे बेहतर अंक प्राप्त करने बाले पांच छात्राओ मे से कुमारी लखी महतो 72.48 प्रतिशत, खुशी कुमारी 72.40 प्रतिशत, राम कुमार राय 71.40, श्रुती कुमारी तथा सानिया नाज 71 प्रतिशत है ! कला के क्षेत्र में 339 छात्र छात्राएँ शामिल हुए जिसमें प्रथम स्थान में 104 छात्र , द्वितीय 215 तथा तृतीय 14 छात्र रहे। बेहतर अंक प्राप्त करने बालों में से प्रिंसेस कुमारी 76 प्रतिशत, तुलसी कुमारी 72.8 प्रतिशत, नगमा शाहीन 72 प्रतिशत, खुशबु कुमारी 71 प्रतिशत तथा नेहा कुमारी 70.6 प्रतिशत अंक लाकर कॉलेज टॉपर ररही।

# हेल्पिंग हैंड्स' के द्वारा लगभग 1100 जरूरतमंद लोगों के बीच 5000 से अधिक दैनिक सामान मात्र 10 में वितरण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया, श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में÷ हेल्पिंग हैंड्स÷ के द्वारा 30 अप्रैल को लगभग 1100 जरूरतमंद लोगों के बीच 5000 से अधिक दैनिक जीवन में काम आने वाले सामान मात्र ?10 में दिया गया। प्रातः 9-00 इस कार्यक्रम का उद्घाटन जैन समाज के मंत्री नरेंद्र झाझंरी नीलम सेठी आशा गंगवाल निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने संयुक्त रूप से किया। हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों ने सभी का तिलक लगाकर दुपट्टा पहना कर स्वागत किया आए हुए सभी महिला पुरुष युवा युवतियां बच्चे ने क्रम से आकर अपने पसंद का सामान लिया सेवा के इस अनूठे सेल कार्यक्रम में नए एवं पुराने उपयोगी सामान रखे गए थे अटैची बैग साइकिल महिलाओं के लिए साड़ी लेडीज कुर्ती सूट स्वेटर फैशन के समान चूड़ी बिंदी आदि, बच्चों के लिए खिलौना जींस बाबा सूट टी-शर्ट कपड़ा जूता चप्पल स्कूल बैग। पुरुष युवाओं के लिए जैकेट जींस शर्ट कुर्ता पजामा कोट पेंट बंडी नाइट सूट आदि घर के दैनिक जीवन में काम आने वाले समान लोगों ने अपनी पसंद से लिए जैन समाज के मंत्री नरेंद्र झाझंरी एवं पार्षद पिंकी जैन ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि, हेल्पिंग हैंडस ग्रुप मे शामिल समाज के सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं। जरूरतमंदों की सेवा मे युवा पीढ़ी के आगे बढ़ने से समाज और राष्ट मजबूत होता है, यह मनुष्य जीवन अनमोल है जैन धर्म में परिग्रह का त्याग एवं जियो और जीने दो की महता है। जरूरतमंदों के प्रति सहयोग की भावना एवं संवेदना ही जीवंत कार्य है। इस नेक कार्य के लिए समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा कोषाध्यक्ष सुरेंद्र काला ललित सेठी कमल जैन सेठी सुशील छाबड़ा सुरेश झाझंरी सरोज जैन सुशील जैन छाबड़ा लाला सोगानी ने हेल्पिंग हैंड्स कार्यक्रम के परियोजना निदेशक प्रियंका जैन छाबड़ा अभिषेक जैन गंगवाल अमित जैन सेठी इसान जैन कासलीवाल शिखा जैन गंगवाल खुशबू जैन सेठी और उनकी पूरी टीम के अच्छे कार्य के लिए आभार जताया और शाबाशी दी जैन समाज के मीडिया प्रभारी नवीन जैन एवं राजकुमार अजमेरा ने बताया कि आगे भी हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों के द्वारा जरूरतमंदों की सेवा के लिए कार्य किए जाएंगे । हेल्पिंग हैंड्स ने जैन समाज जैन महिला समाज जैन युवक समिति के सदस्यों के प्रति कार्य में सहयोग के लिए भी अपना आभार प्रकट किया अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रशासन के सहयोग के लिए उनको धन्यवाद दिया।






# आखिर कब तक मजबूर रहेगा मजदूर

मजदूर दिवस पर विशेष



रमेश सर्राफ धमोरा

**हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारे मजदूरो के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बाते लिखी होती हैं। किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं। सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरो के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं।**

श्रमिक अपना श्रम बेचकर न्यूनतम वेतन प्राप्त करता है। यही कारण है कि पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। इसलिए यह दिन अंतरराष्ट्रीय श्रमिक संघों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए है। इस प्रकार, यह समाज में उनके योगदान की सराहना करने और उसे पहचानने का एक विशेष दिन हैं। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर आज तक तो कहीं ऐसा हो नहीं पाया है।

किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। हमारे देश में मजदूरों का शोषण आज भी जारी है। समय बीतने के साथ मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है।

मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार की अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2024 की थीम है सामाजिक न्याय और सभी के लिए सभ्य कार्य। इसके अलावा भी कई बिंदुओं को रखा गया है। इस थीम का उद्देश है मजदूरों की गरिमा का ख्याल रखना और उन्हें शांतिपूर्ण कामकाजी वातावरण प्रदान करना।

महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे। मगर ऐसा होता नहीं है। मालिक आज भी मालिक बने हुये हैं। मजदूर सिर्फ मजबूर होकर रह गया है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। हमारे देश की सरकार भी मजदूर हितों के लिए बहुत बातें करती है। बहुत सी योजनाएं व कानून बनाती है। मगर जब उनको अमलीजामा पहनाने का समय आता है तो सब इधर-उधर ताकने लग जाते हैं। मजदूर फिर बेचारा मजबूर बनकर रह जाता है।

गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने ह्यकाम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध



निकालना का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था।

मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है।

भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इस की शुरूआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प के पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 मुल्कों में पहली मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है।

हमारे देश केमजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है ही उनको कोई ढ़ग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं।

बड़े शहरों में झोंपड़ पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है ना हीं किसी राजनीतिक दलों के नेताओं को। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़ पट्टी बस्तियों में ना रोशनी की सुविधा रहती है। ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़ पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटो धूप में खडे रहकर बड़ी बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नही हो पाता है।

हमारे देश में आज सबसे ज्यादा काई प्रताड़ित व उपेक्षित है तो वो मजदूर वर्ग है। मजदूरो की सुनने वाला देश में कोई नहीं हैं। कारखानो में काम करने वाले मजदूरो पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि ना जाने कब मालिक उनकी छटनी कर काम से हटा दे। कारखानो में कार्यरत मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है। विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। मजबूरी में मजदूर कारखाने के मालिक की शर्तों पर काम करने को मजबूर होता है। कारखानो में श्रम विभाग के मापदण्डो के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधायें नहीं दी जाती है।

कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बिमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरो को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिको द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है। मगर मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये बनी मजदूर यूनियनो को मजदूरो की बजाय मालिको की ज्यादा चिंता रहती है। हालांकि कुछ मजदूर यूनियने अपना फर्ज भी निभाती है मगर उनकी संख्या कम है।

हमारे देश का मजदूर दिन प्रतिदिन और अधिक गरीब होता जा रहा है। दिन रात रोजी-रोटी के जुगाड़ में जद्दोजहद करने वाले मजदूर को तो दो जून की रोटी मिल जाए तो मानों सब कुछ मिल गया। आजादी के इतने सालो में भले ही देश में बहुत कुछ बदल गया होगा। लेकिन मजदूरों के हालात तो आज भी नहीं बदले हैं तो फिर श्रमिक वर्ग किस लिये मजदूर दिवस मनाये।

हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारे मजदूरो के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बाते लिखी होती हैं। किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं। सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरो के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

## संपादकीय

# दोहराइए आरक्षण रहेगा

आरक्षण एक बार फिर चुनाव मैदान में है। अंतर केवल इतना है कि अबकी इसे लालू प्रसाद ने नहीं, कांग्रेस ने लाया है। इसके नेता राहुल गांधी अपनी चुनावी सभाओं में भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को आरक्षण मिटाने वाला गैंग कह रहे हैं। इससे भाजपा आत्मरक्षात्मक मुद्रा में आ गई है। उसे 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में मिली चोट ताजा हो गई है। तब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने चुनाव-बीच आरक्षण की समीक्षा की बात कर चौंका दिया था। यद्यपि संविधान में इसका जिक्र है कि 15 साल बाद इसकी समीक्षा की जाएगी और उस आधार पर हटाया भी जा सकता है, लेकिन संसद सर्वसम्मत से इसे आगे बढ़ाती रही है। यह मान लिया गया है कि भारतीय समाज इस उन्नत दशा में नहीं पहुंचा है कि आरक्षण की समीक्षा की जाए। इसे ध्यान में रखकर ही भागवत के बयान पर सफाई दी गई और दिलाई भी गई। पर राजद नेता लालू प्रसाद ने बड़ी कुशलता से मतदाताओं का



रुख बदल दिया था। भाजपा बिहार में कमांडर होते-होते रह गई थी। इस बार भी कांग्रेस के प्रचार से ऐसे परिणाम के आसार नजर आ रहे हैं। जब 2024 के चुनाव में, नरेन्द्र मोदी की भाजपा ने 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया तो विपक्ष ने, इतनी सीटों को संविधान बदलने, लोकतंत्र नष्ट करने के उसकी 'हवस' से जोड़ दिया। इसमें भाजपा के कुछेक अदूरदर्शी नेताओं के बयान-भाषणों ने भी कांग्रेस का साथ दिया। आरक्षण पर आरएसएस का शुरू से ही एक रिजर्वेशन रहा है। इसलिए जब भी ऐसी चर्चा होती है, संघ के स्थापना काल का नजरिया सामने आ जाता है। भागवत इससे इनकार करते हैं। यह सच है कि मोदी का मौजूदा मंत्रिमंडल आरक्षण के व्यवहारतः निर्वाह का सुंदर प्रमाण है। यह स्वतंत्र भारत का ऐसा पहला मंत्रिमंडल है। खुद मोदी ओबीसी हैं। फिर भारतीय राजनीतिक चेतना के मौजूदा स्तर को देखते हुए संविधान, चुनाव या लोकतंत्र तथा आरक्षण को खारिज करने की किसी दल की हिमाकत, उसकी सियासी खुदकुशी होगी। इसके लिए कौन दल तैयार होगा? आरक्षण, संविधान और लोकतंत्र सब रहेगा। यह बिल्कुल प्रचार के लिए प्रचार की बात है। इसमें वह कांग्रेस अपरहैंड है। भाजपा सफाई तो दे रही है पर इसका प्रतिकारी विमर्श कम बना रही है। कांग्रेस के मैनिफेस्टो, उसके विज्ञापन एवं उसके नेताओं के मुद्दे भाजपा के लिए एक छटपटाहट पैदा करते हैं। एक दशक धुआंधार कार्यक्रम चलाने वाली सत्ताधारी पार्टी के पास विपक्ष को घेरने के मुद्दे में टटकापन नहीं है।

## चिंतन-मनन

# विनम्रता का पाठ


पंडित विद्याभूषण बहुत बड़े विद्वान थे। दूर-दूर तक उनकी चर्चा होती थी। उनके पड़ोस में एक अशिक्षित व्यक्ति रहते थे-रामसेवक। वे अत्यंत सज्जन थे और लोगों की खूब मदद किया करते थे। पंडित जी रामसेवक को ज्यादा महत्व नहीं देते थे और उनसे दूर ही रहते थे। एक दिन पंडित जी अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी एक राहगीर उधर आया और मोहल्ले के एक दुकानदार से पूछने लगा-भाई यह बताओ कि पंडित विद्याभूषण जी का मकान कौन सा है। यह सुनकर पंडित जी की उत्सुकता बढ़ी। वह सोचने लगे कि आखिर यह कौन है जो उनके घर का पता पूछ रहा है। तभी दुकानदार ने उस राहगीर से कहा-मुझे तो किसी पंडित जी के बारे में नहीं मालूम। तब राहगीर ने कहा-क्या रामसेवक जी का घर जानते हो?

दुकानदार ने हंसकर कहा-अरे भाई उन्हें कौन नहीं जानता। वे बड़े भले आदमी हैं। फिर उसने हाथ दिखाकर कहा- वो रहा रामसेवक जी का घर। फिर दुकानदार ने राहगीर से सवाल किया-लेकिन आपको काम किससे है? पंडित जी से या रामसेवक जी से? राहगीर कहने लगा-भाई काम तो मुझे रामसेवक जी से है। पर उन्होंने ही बताया था कि उनका मकान पंडित विद्याभूषण जी के पास है। यह सुनकर पंडित जी ग्लानि से भर उठे। सोचने लगे कि उन्होंने हमेशा ही रामसेवक को अपने से हीन समझा और उसकी उपेक्षा की पर रामसेवक कितना विनम्र है। वह खुद बहुत प्रसिद्ध होते हुए भी उन्हें ज्यादा महत्व देता है। उसी रात पंडित जी रामसेवक के घर गए और उससे क्षमायाचना की। फिर दोनों गहरे मित्र बन गए।

# मोबाइल की आभासी दुनिया में खोता बालमन

सोशल मीडिया पर आए दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रूम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने-अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्स ऐप या इसी तरह के किसी दूसरे ऐप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वो ही आएगा जो अधिक ग्लैमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चैटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे।


इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों-बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही है वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलों करते करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। सोशियल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते-देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बैन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है। भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफार्म, ऐप आदि पर रोक लगाने के लाख दावे किए जाते हों पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करे, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक-दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशियल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चे को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टैबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से बच्चे गुस्सैल होते जा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल में गोलीबारी सहित एक-दूसरे से मारामारी-हाथापाई व इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चे, गेमिंग, सोशियल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सैल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेश लड़कों और लड़कियों दोनों में ही समान रूप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किए गए एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है। कोई दोराय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्मार्ट फोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। प्लेटफार्मों पर चाइल्ड लोक की बात भी की जाती है पर चाइल्ड लोक कितना कारगर है यह हम सब अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि मोबाइल फोन, टैब, कम्प्यूटर, सोशियल मीडिया प्लेटफार्म आदि के फीचर्स व उपयोग का तरीका बड़ों से ज्यादा बच्चों को आता है। यहां तक कि प्ले ग्रुप के बच्चे को भी यह जानकारियां होने लगी हैं। ऐसे में इन पर परोसी जाने वाली सामग्री को सेंसर करने या इससे बच्चों और बालपन को दूर रखने की बात बेमानी होती जा रही है। समाज विज्ञानियों, मनोविश्लेषकों, चिकित्सकों यहां तक शिक्षाविदों के सामने यह गंभीर चिंतनीय चुनौती सामने आ रही है। आज बच्चे के सामने दो विकल्प एक मोबाइल फोन या सोशियल मीडिया पर सफरिंग और दूसरा परिवार के साथ गप्पे लड़ाना या आउटडोर गेम्स जैसा विकल्प होगा तो बच्चे की पहली पसंद मोबाइल फोन व सोशियल मीडिया पर सफरिंग ही होती जा रही है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है और दूसरा यह कि गरीब हो या अमीर सभी घर परिवारों के हालात लगभग यही है। दरअसल आज समय के बदलाव को इस तरह से समझा जा सकता है कि तीन से चार दशक पहले मोहल्ले में एक फोन होता था, ट्रंक काल में तो घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी वहीं फिर एसटीडी का युग आया और एसटीड़ी बूथों का अंबार लग गया उसके बाद पेजर युग को अलग कर भी दिया जाए तो मोबाइल युग ने घर-घर ही नहीं अपितु परिवार के



लगभग सभी सदस्यों तक पहुंच बना ली है। ऐसे में इसके लाभ के साथ ही साइड इफैक्ट जो हमारे सामने आ रहे हैं उनका समाधान खोजना भी सबका दायित्व हो जाता है। बच्चे को चुप कराने से लेकर उसे व्यस्त रखने तक के लिए मोबाइल की घुट्टी पिलाई जाने लगी है और लोरी की जगह मोबाइल ने ले ली है तो फिर हमें बालमन पर इसके पड़ रहे दुष्प्रभाव से दोचार होने के लिए तैयार रहना होगा। देखा जाए तो पूरा सामाजिक ताना-बाना ही बदल गया है। एकल परिवार, आने वाले समय में चाचा-चाची, मौसा-मौसी या इसी तरह के रिश्तों की तलाश आदि सामने आने लगी है। शादी विवाह आदि पारिवारिक फंक्शन तक अब औपचारिक होते जा रहे हैं। बारात के समय पहुंचना, खाना-खाना, लिफाफा थमाना तक रिश्ते सीमित हो गए हैं। ऐसे में समाज के सामने गंभीर समस्याएं आती जा रही हैं। ऐसे में मोबाइल या सोशियल मीडिया प्लेटफार्म आने वाली पीढ़ी को कहां ले जाएंगे यह भयावह तस्वीर कल्पना में नहीं अपितु हमारे सामने आती जा रही है। समय रहते विकास और विनाश के बीच कोई रास्ता तलाशना ही होगा।

*- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

# रेडिमेड खाना : गुणवत्ता की गारंटी भी जरूरी



ऋतुपर्ण दवे

यूं तो सोशल मीडिया पर सचेत करते हुए कई वीडियो और दावे सामने आते रहते हैं, लेकिन कितने सच होते हैं, यह सामान्यतया कोई भी नहीं कह सकता। हालांकि कभी-कभी कोई ऐसा वीडियो सामने आ जाता है जो विचलित कर देता है और अक्सर लोग सच्चाई जाने बिना ही भरोसा कर बैठते हैं। ऐसा ही एक वीडियो बीते दिनों बहुत तेजी से वायरल हुआ जिसमें हरी टी शर्ट पहना एक छोटा बच्चा जो कि किसी मेले में दिख रहा है। एक दूकानदार से गिलास में कुछ लेता है जिसमें बहुत तेज सफेद और गाढ़ा धुआं निकलता है। बच्चा उसे पीता है और तुरंत पेट पकड़कर चीखने-चिल्लाने लगता है। बच्चे को तुरंत चिकित्सकीय मदद पहुंचाई गई। बहरहाल, वीडियो की सत्यता=असत्यता से परे हटकर सोचें तो अगर वाकई में ऐसा है तो हम सभी को गंभीरता से इस बारे में सोचने की जरूरत है।

वीडियो में दिख भी रहा है कि उस पर स्मोक बिस्किट लिखा है। आजकल ऐसे पदार्थ खाने को सजावटी आकार देने के साथ बच्चों में आकर्षण बढ़ाने के लिए बनाना आम हो गया है, जिनमें ड्राई आइस या लिक्विड नाइट्रोजन का अनुपातहीन उपयोग आम सा हो गया है। भारत में इसका तेजी से पार्टियों या पिकनिक, मेलों में चलन बढ़ रहा है। वास्तविकता यह है कि बच्चा दावणगेरे में परिजनों के साथ एक प्रदशर्नी में गया था और उसने वहां पर एक स्टॉल से स्मोक बिस्किट लिया और उपयोग करते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। सुकून की बात है कि वीडियो के जरिए फैलाई जा रही मौत की बातें अफवाह निकली, लेकिन इस वीडियो ने कई सवाल जरूर पैदा कर दिए। क्या आम दावतों, पार्टियों, चौपाटियों या चाट, पकौड़े, आईसक्रीम या ठण्डाई के नाम पर बिना किसी स्वीकृति के कुछ भी उपयोग की इजाजत है? और क्या भारत में कहीं भी कोई अपनी मनमर्जी से स्वाद या आकर्षण बढ़ाने के लिए किसी भी प्रतिबंधित, घातक या अनुपातहीनमात्रा में मसाले, रसायन खाने में उपयोग कर सकते हैं? इस पर लोग कितना जागरूक हैं? स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह ऐसी चीजों के इस्तेमाल का क्या कोई तय पैमाना है और है तो इसका कैसे हो? सबको पता है कि पूरे देश में चाहे गांव, कस्बा, महानगर हर कहीं बाजार में तैयार खाने का चलन बहुत तेजी से बढ़ा है। देश में रेस्टॉरेन्ट, होटल और ढाबों में लोगों के शौकिया आना-जाना भी खूब बढ़ा है।

आउटिंग या बाहर खाने के चलन ने ऑनलाइन फुड को एक नई इंडस्ट्री की शक्ल दे दी, लेकिन सवाल यही कि आखिर बाजार में बिकने वाला रेडीमेड खाना स्वास्थ्य के लिहाज कितना मुफीद है? क्या इस तरह के खाना बनाने वाले ठिकानों और सप्लाई के लिए पहुंचाने के दौरान बनाने और खाने वालों के बीच खाने की गुणवत्ता में बदलाव या स्तरहीनता को परखने का कोई तंत्र है? शायद नहीं और हो भी तो लोगों ने कभी बीच सड़क खाने की जांच होते या सैम्पलिंग देखी नहीं। ऐसे सवाल उठने वाजिब हैं। सड़कों के किनारे ढाबे हों या बीच शहर के होटल या स्ट्रीट फूड की जगहें। कभी यहां नियमित जांच होती हैं या हुई लोगों को ध्यान नहीं आता। निश्चित रूप से ऐसी निगरानी उस क्षेत्र के जिला प्रशासन के अधीन होती हैं, लेकिन सवाल वही कि इस पर अमल कैसा होता है? जिस तेजी से बाहर खाने का चलन बढ़ रहा है और तैयार खाने का ऑनलाइन कारोबार बढ़ रहा है जो उद्योग की शक्ल अख्तियार कर रहा है।

तमाम तरह के टैक्स के दायरे में भी आता है परन्तु गुणवत्ता को लेकर किस तरह के निर्देश हैं या अमल करना है इस पर आम लोगों को कुछ पता नहीं होता। समय के साथ अब इस बात पर भी सख्त कानून बने और पालन में भी कठोरता की जाए ताकि रेडीमेड फूड उद्योग भी एक पारदर्शी निगरानी व्यवस्था के दायरे में आए। बना बनाया या बनाकर खाने के बेचने या पैक कर घर-घर पहुंचाने का रिटेल या थोक कारोबार हो या स्ट्रीट वेन्डर से लेकर पांच सितारा होटलें इनकी गुणवत्ता की जांच के लिए हर कहीं सूचना पटल हों। महानगरों, शहरों और दूकानों में बड़े-बड़े होर्डिंग, बैनर या पोस्टर अनिवार्य हों, जिनसे लोगों की इस बारे में जागरूकता बढ़े। हर दुकानदार, खाने की सामग्री बेचने वाले ठिकानों पर उस क्षेत्र के स्थानीय नियंत्रणकर्ता एजेंसी की जानकारी तथा संपर्क



सूची भी लगाई जाए जहां पर गुणवत्ता में दोष की शिकायत की जा सके।

इतना ही नहीं विशेष परिस्थितियों में खाने के सैंपल को जांचने के लिए स्थानीय सरकारी विभाग भी तत्पर रहे। अब तक ऐसे गंभीर मामले या तो पुलिस के पास पहुंचते हैं या फिर हीला-हवाली में ही अपराध के बावजूद अनदेखे रह जाते हैं। खाने में कीड़े, कॉकरोच मिलने या खाकर बीमार पड़ने की शिकायतें तो सामने आती हैं, लेकिन कभी कोई कार्रवाई हुई हो ज्यादातर पता नहीं चल पाता। जिस तेजी से बने बनाए खाने के चलन के साथ बाहर खाने का रिवाज बढ़ रहा है उससे इस कारोबार पर भी बहुत कड़ी निगाह रखे जाने की जाने की जरूरत है। इसके लिए ऐसे कानून की जरूरत है जो देशव्यापी हो और सबको पता हो ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ के मामले बढ़ने से पहले ही नियंतण्रमें रहें और जनस्वास्थ्य को बड़ी चुनौती का बेखौफ रिवाज जैसा चलन भी न पनप पाए।

# छोटानागपुर के महान जनकवि घासीराम के जीवन पर आधारित 'अबिनासी घासी ' महाकाव्य के चर्चित रचयिता डा. कृष्ण कलाधर हुए 'राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान 2024' से सम्मानित

*** डा. कलाधर ने पद्यात्मक और गद्यात्मक दोनों ही विधाओं में किया साहित्य सृजन**




**गुमला /हरिओम सुधांशु ।** 28 अप्रैल को नई दिल्ली के तीन मूर्ति भवन में गोल्डेन स्पैरो के द्वारा झारखंड के जानेमाने नागपुरी साहित्यकार डा. कृष्ण कलाधर को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान 2024 से नवाजा गया। यह सम्मान मुख्य अतिथि, प्रसिद्ध अभिनेत्री व नृत्यांना सुधा चंद्रन ने डा.कलाधर को प्रदान किया। डा. कलाधर को उनकी रचनाओं व साहित्य के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए पूर्व में भी 'महाकवि घासीराम सम्मान', डा.रामदयाल मुंडा स्मृति सम्मान, ' प्रफुल्ल कुमार राय सम्मान', 'जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान' से सम्मानित हो चुके हैं। नागपुरी, हिन्दी और उर्दू भाषा में समान रूप से पकड़ रखने वाले डा.कृष्ण कलाधर नागपुरी साहित्य संसार में एक जाना माना नाम है। कलाधर जी का जन्म 18 जनवरी 1955 में वर्तमान लोहरदगा जिला के भण्डरा ग्राम में पिताश्री बलदेव साहु के घर हुआ था। गांव की प्रारंभिक शिक्षा के पश्चात उन्होंने मारवाड़ी उच्च विद्यालय,रांची से शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने मनोविज्ञान व हिन्दी में एम.ए., एल.एल.बी,पी.एच.डी. तथा डी.लिट की उपाधियां प्राप्त की। वे बैजनाथ जालान कॉलेज ,सिसई में मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष पद से जनवरी 2020 में सेवा निवृत्त हुए। कलाधर जी नागपुरी साहित्य सृजन में प्रतिष्ठित स्थान के अधिकारी हैं।उन्होंने नागपुरी गद्य व पद्य दोनों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सन 2000 में उनका ललित निबंध संग्रह ÷फुलसुंदरी÷ प्रकाशित होते ही प्रसिद्ध हो गया। उनका दुसरा निबंध संग्रह 'परकाला' शीर्षक से प्रकाशित हुआ है। कलाधर ने स्वरचित 325 नागपुरी गीतों का संग्रह बांसी बाजे 'मधुसुर' के नाम से प्रकाशित हुआ। उनके पद्य लेखन में कविताओं का संग्रह व खंड काव्य मदन्दोना भी है।

कृष्ण कलाधर ने संस्कृत से मेघदूतम् का नागपुरी पद्यानुवाद दूत 'जलधर' तथा जयदेवकृत गीतगोविंदम् का अनुवाद गीतन्गोविंद के नाम से प्रस्तुत किया है। इसी तरह हरिवंश राय बच्चन की प्रसिद्ध काव्य रचना 'मधुशाला' का नागपुरी पद्यानुवाद मदखाना के नाम से कर चुके हैं।

कलाधर जी ने नागपुरी तथा अन्य सदानी भाषाओं के पारंपरिक छन्दों पर भी अपने मौलिक विचार 'लोपाई छन्दें' नामक प्रकाशित पुस्तक में किया है। कलाधर जी सबसे प्रसिद्ध रचना है -उनका 'अबिनासी घासी' नामक महाकाव्य । इसका प्रकाशन 2011 में नागपुरी संस्थान, पिठोरिया के द्वारा किया गया है। यह रचना महाकाव्य के शास्त्रीय मानकों पर खरी उतरती है। इसमें 19-20 वीं सदी के प्रसिद्ध व लोकप्रिय नागपुरी कवि घासीराम की जीवनी को आधार बना कर झारखंडी सदानी संस्कृति, इतिहास आदि का बखान किया गया है। यह महाकाव्य सचमुच में नागपुरी साहित्य संसार का एक अनमोल रत्न है।

डा.कृष्ण कलाधर ने हिन्दी और उर्दू साहित्य का भी सृजन किया है । उन्होंने अनेक कहानियां,निबंध तथा लघु कथाएं इन भाषाओं में लिखी है। उर्दू में लगभग चार सौ गजले लिखी हैं। साथ ही ,कलाधर ने कालिदास के मेघदूतम्को उर्दू काव्य (अनूदित) के रूप में 'कासिद मतीर' के नाम से प्रस्तुत किया है। कलाधर कई भाषाओं के जानकार हैं। उन्हें साहित्य के अतिरिक्त संगीत,इतिहास, पुरातत्व जैसे विषय भी प्रिय हैं। कलाधर जी को साहित्य सेवा के लिए अनेक सम्मान मिल चुके हैं। जिनमें 'महाकवि घासीराम सम्मान', डा.रामदयाल मुंडा स्मृति सम्मान, प्रफुल्ल कुमार राय सम्मान,जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान आदि उल्लेखनीय हैं। कलाधर जी की रचनाशीलता सक्रिय है। अभी वे कुछ पुराने जटिल नागपुरी गीतों की व्याख्या 'स्वर्ण मंजूषा' नामक पुस्तक में प्रस्तुत करने वाले हैं । डा.कलाधर को उनके इस सम्मान पर कई साहित्यकारों, पत्रकारों व प्रबुद्धजनों ने बधाई दी है।

## मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर निकाला गया मतदाता जागरूकता रैली




**प्रतापपुर ( चतरा )** ¬मतदाताओं को जागरुक करने को लेकर मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।रैली मुख्यालय स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से शुरु होकर प्रतापपुर मुख्यालय के विभिन्न चौक चौराहों तथा बधने के देवी मंडप से होते हुए पुनः कस्तूरबा विद्यालय के पास आकर समाप्त हुआ।इसका नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास ने किया।रैली में शामिल छात्राएं हाथ में तख्ती लेकर सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो,मेरा वोट मेरा अधिकार,वोट डालने जाना है भ्रष्टाचार मिटाना है,तथा मेरा वोट मेरा अधिकार लोकतंत्र की सुनो पुकार सहित अन्य नारा लगा रहे थे।कार्यक्रम स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था।रैली में प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास के अलावे कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की वार्डन सुषमा कुमारी सहित विद्यालय अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा छात्राएं शामिल थे।

## कुडू थाना क्षेत्र के हेंजला में स्थापित एसएसटी चेक नाका टीम को मिली सफलता

**-बस के अंदर रखे पिटठू बैग से पांच किलो अफीम बरामद, अज्ञात पर मुकदमा दर्ज**

**कुडू - लोहरदगा** ¬कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 75 पर हेंजला के समीप बनाये गए एसएसटी चेक नाका पॉइंट पर वाहन चेकिंग के दौरान एसएसटी टीम ने रांची से पलामू जा रही राज रथ नामक बस संख्या जेएच 03 जी - 0135 के अंदर लगेज कैरियर में रखे एक पिठ्ठू बैग में अफीम बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार नाका पर तैनात टीम द्वारा सोमवार की शाम चेकिंग के दौरान उक्त बैग के बारे में पूछे जाने पर किसी भी सवारी ने अपना नही बताया। जिसे चेक करने पर चार प्लास्टिक में करीब पांच किलो संदिगध पदार्थ पाया गया जो देखने मे अफीम जैसा लगा जिसके बाद एसएसटी टीम द्वारा वरीय पदाधिकारियों को सूचना दी गयी। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने संदिग्ध वस्तु की डीडी किट से जांच कराई जिसकी रिपोर्ट में अफीम का होना पोजीटिव पाया गया। इधरपुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक मेदनी नगर पलामू निवासी मनोज पांडे और कंडक्टर यमुना राम से पूछताछ करने पर बताया गया कि किसी सवारी ने ही बैग को बस में रखा होगा लेकिन बैग किसका है इसकी जानकारी उन्हें नही है। ततपश्चात एनडीपीएस एक्ट की धारा 18/22/25 के तहत अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना को दूसरी बार मिला स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार



**जयपुर ।** शक्ति फिल्म प्रोडक्शन द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को 'स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार 2024' से वर्चुअल ऑनलाइन आयोजित समारोह के तहत सम्मानित किया गया। इस क्रम में राजस्थानी व हिंदी भाषा की साहित्यकार डॉ.कांता मीना को भी शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ.मीना की दो पुस्तकें काव्य संग्रह कैलाशी व कहानी संग्रह तरुशिखा व अनेक शोध पत्र प्रकाशित हों चुके है। व लगातार लेखन कार्य जारी है। इस सम्मान समारोह के लिए देशभर से सैकड़ों की तादाद में प्रविष्ठियां ऑनलाइन प्राप्त हुई , जूरीज द्वारा उत्कृष्ट एवं बेहतरीन कार्य के आधार पर प्राप्त प्रविष्ठियों में से 51 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया । ये जानकारी शक्ति फिल्म प्रोडक्शन फाउंडर अंबालिका शास्त्री ने दी ।डॉ.मीना शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए यूथ आइकॉन अवार्ड,समाज गौरव सम्मान,कोरोना योद्धा सम्मान,मानव सेवा योद्धा सम्मान,नगर निगम बीकानेर,स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय सम्मान,महिला शक्ति काव्य रत्न सम्मान,अखिल आदिवासी मीणा महासभा सहित अनेक संस्थाओं से सम्मानित हों चुकी है।

## कुडू की बेटी इंटर साइंस में राज्य में लायी पांचवा स्थान



**कुडू - लोहरदगा**¬ कुडू की बेटी ने जैक बोर्ड इंटर साइंस के रिजल्ट में 94.8 परसेंट अंक लाकर राज्य में पांचवा स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की है । कुडू प्रखंड के सुंदरू गांव निवासी आसीम अंसारी और शबनम परवीन की बेटी तस्कीन कौशर उर्सलाइन कॉन्वेंट रांची में पढ़ाई करती है। आज घोषित इंटर साइंस का परिणाम आते ही पूरे परिवार के साथ गांव में खुशी का माहौल है। तस्कीन को 500 में 474 अंक प्राप्त हुए जिसमें कंप्यूटर साइंस में 99 मैथ में 96 फिजिक्स में 95 केमिस्ट्री में 95 इंग्लिश में 89 अंक मिले। कुल 94.8 प्रतिशत अंक के साथ झारखंड राज्य में पांचवें स्थान प्राप्त कर पूरे लोहरदगा जिला का नाम रौशन की है। तस्कीन के पिता आसीम अंसारी साप्ताहिक हाट बाजारो में चप्पल बेचने का काम करते हैं । वही माता शबनम परवीन घर में खेती गृहस्थी करती है। चार भाई बहनों में सबसे छोटी तस्कीन कौशर शुरू से ही पढ़ने में काफी तेज थी, और उसके पिता भी अपने बाल बच्चों को पढ़ने में शुरू से ही कोई कसर नहीं छोड़े हैं । राज्य में पांचवा स्थान मिलने पर परिवार के अलावे पूरे गांव में खुशी का माहौल है। तस्कीन कौशर ने बताया कि वह इंजीनियर बनना चाहती है। और इसके लिए कड़ी मेहनत कर रही है। इस सफलता का श्रेय सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और अपने माता-पिता को दी है।

## किस्को की बिटिया सना परवीन ने इंटरमीडिएट के साइंस में 94.6प्र. अंक लाकर राज्य में 6वीं टॉपर बनी

**किस्को/** झारखंड अधिवित परिषद द्वारा मंगलवार को इंटर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमे लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत किस्को गांव के मौलाना जहांगीर हुसैन और नसरीन अंजुम की बिटिया सना परवीन ने झारखंड अधिविध परिषद रांची के इंटरमीडिएट साइंस संकाय में 94.6त्न अंक हासिल कर झारखंड में टॉप टेन टॉपर बनने का गौरव हासिल की।

## धनगड्डा भंडार में लगी आग एक दर्जन परिवार हुए बेघर



**टंडवा**¬प्रखण्ड के धनगड्डा भंडार में सोमवार को भंयकर आग लग गई। जिससे पूरा धनगड्डा भंडार जलकर खाक हो गया, घटना के बाद लगभग एक दर्जन परिवार बेघर हो गए, बताया गया कि घर के बगल स्थित झाड़ी में किसी शरारती तत्व ने आग लगा दी थी, उस वक्त घर के लोग सो रहे थे जबतक लोगो को सूचना मिली आग हवा के तेज बहाव के कारण पूरे घर मे पकड़ लिया था, जिसके बाद लोगो ने स्थानीय प्रशाषन को इसकी सूचना दी, हालांकि फायर ब्रिगेड के पहुँचने तक आग आसपास के सभी घरों तक पहुँच गई थी, बाद में दमकल की तीन गाड़िया आई पर पानी के आभाव में घरों को बचाने में असफल रही, जिससे घर मे रखे सभी सामान जलकर खाक हो गया, बताया गया कि एक करोड़ की संपति जलकर खाक हो गई, आग लगने से घर मे रखे पांच सिलिंडर भी ब्लास्ट कर गया जिससे आग और भड़क गई,घटना में तपेश्वरी नारायण दास जयकृत सिंह जयप्रकाश सिंह ललित नारायण दास उपेन्द्र दास प्रमोद दास प्रकाश नारायण दास आंनद सिंह रंजन नारायण दास अखलेस्वर नारायण दास संजय नारायण दास अजय नारायण दास सतीश नारायण दास चिंटू सिंह विकास सिंह पवन नारायण दास समेत अन्य लोग पूरी तरह बेघर हो गए।

### सीओ के नेतृत्व में चला राहत बचाव कार्य

**टंडवा**¬घटना के सूचना के बाद सीओ विजय दास व राजस्व कर्मचारी अभय रंजन के नेतृत्व में बचाव राहत का कार्य किया गया, खुद सीओ आग बुझाने को लेकर मोनेटरिंग कर रहे थे, सीओ विजय दास ने बताया कि पीड़ित परिवार के क्षतिपूर्ती का आकलन किया जा रहा है जिसके बाद मुवाबजा राहत दी जाएगी।

## चतरा में तीसरे दिन पांच उम्मीदवारों ने अपना-अपना नामांकन किया, इंडिया समर्थन में सीएम चम्पई समेत तीन मंत्रियों ने किया शिरकत

*** कांग्रेस से के एन त्रिपाठी व जेपी जनता दल से सीताराम सिंह ने किया नामांकन**





**चतरा,** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के नामांकन के तीसरे दिन 05 उम्मीदवारों ने निर्वाची पदाधिकारी सह डीसी रमेश घोलप के समक्ष नामांकन किया। जिसमें सुमित कुमार यादव स्वतंत्र रूप से 02 सेट में, डा0 सीताराम सिंह जयप्रकाश जनता दल से 04 सेट में, संजय कुमार स्नेही, स्वतंत्र रूप से 01 सेट में, दर्शन गंझू स्वतंत्र रूप से 01 सेट में एवं कांग्रेस के कृष्णानंद त्रिपाठी ने 02 सेट में अपना नाम दाखिल किया। इस तरह नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन कुल 09 उम्मीदवारों ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। वही कुल 26 फॉर्म क्रय किए गए हैं। इंडिया गठबंधन से मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, रामेश्वर उरांव, आलंबीर आलम, विधायक अम्बा प्रसाद, मनोज चंद्रा समेत ने शिरकत किया।

## चमरा लिंडा की भंडरा रैली में चैनपुर ,डुमरी व जारी प्रखंड से 10 हजार कार्यकर्ता व समर्थक होंगे शामिल : प्लासिदियुस टोप्पो



**चैनपुर (गुमला)** ¬चमरा लिंडा के कट्टर समर्थक व कार्यकर्ता प्लेसीदियूस टोप्पो ने कहा कि आगामी 2 मई को लोहरदगा जिले के भंडरा में आयोजित रैली में चैनपुर अनुमंडल के चैनपुर डुमरी व जारी प्रखंड से 10 हजार की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्लादियूस टोप्पो ने इसे लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी शुरू कर दी थी । उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को भंडरा ले जाने को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यकर्ताओं में चमरा लिंडा को जीत दिलाने को लेकर सभी में भारी जोश है। चमरा लिंडा को सुनने के लिए ग्रामीणों में उत्सुकता है। उन्होंने कहा कि चमरा लिंडा का लोहरदगा लोकसभा सीट से जीत सुनिश्चित है। चमरा लिंडा का सीधा मुकाबला भारतीय जनता पार्टी से होगा। उन्होंने कहा कि चमरा लिंडा सरना धर्म कोड, जल, जंगल, जमीन के रक्षा के लिए आदिवासी मूलवासियों के हक अधिकार को दिलाने के लिए इस तरह का उन्होंने कदम उठाया है । सरना कोड सहित अन्य मामले है जो लोकसभा से ही पारित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के जनता इस बार चमरा लिंडा को अवश्य जीत कर भेजेगी ताकि उनकी जमीनी समस्याओं का समाधान हो सके। कार्यकर्ताओं में चमरा को जीत दिलाने के लिए एक अलग ही जोश देखने को मिल रहा है। कार्यकर्ता सुबह से ही चमरा लिंडा के प्रचार प्रसार में जुट जा रहे हैं। प्लासीदियूस टोप्पो ने बताया कि पिछले कई दिनों से वे चैनपुर, डुमरी एवं जारी प्रखंड के गांवों का दौरा कर रहें हैं । लोगों में चमरा लिंडा के प्रति काफी अपनापन देखने को मिल रहा है। बताते चलें कि लोहरदगा से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव और इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत से सीधी भिड़ंत अब चमरा लिंडा के आने से त्रिकोणीय मुकाबले में बदल गया है । जनजातीय के लिए आरक्षित इस सीट के वोटरों पर चमरा लिंडा का काफी प्रभाव है। राज्य गठन के बाद हुए चार चुनाव में चमरा तीन बार यहां से चुनाव लड़ चुके हैं । 2004 और 14 के लोकसभा चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे थे। वहीं 2009 में हुए चुनाव में दूसरे स्थान पर थे । 2019 में चमरा लिंडा चुनाव में नहीं उतरे थे। रैली को सफल बनाने में मुख्य रूप से वरीय नेता पलासिदीयुस टोप्पो, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, पंसस अनिता उरांव, पंसस दिलीप एक्का, रामजन भगत, भगवती उरांव, मनसाय टाना भगत, सुभाष उरांव, बिनोद केरकेट्टा, कृष्णा मुण्डा, दिलीप मुण्डा, विरेन्द्र मुण्डा, महेश लकड़ा, कुलदीप कुजूर, शंकर मुण्डा सहित कई लोग शामिल हैं ।

## आंधी-तूफान और आकाशीय बिजली से बचाव को प्रशासन ने जारी किया एडवाइजरी

**कुडू - लोहरदगा** ¬मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर प्रशासन द्वारा आंधी-तूफान से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। कुडू सीओ मधुमिश्रा मिश्रा ने बताया कि जिला दण्डाधिकारी - सह - उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा, आपदा प्रबंधन कोषांग जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा जनहित में जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि जब आप घर में हों तो बिजली से चलने वाले यंत्रों को यथाशीघ्र बंद कर दें, खिड़कियों, दरवाजे, बरामदे छत एवं धातु से बने यंत्रों से दूर रहें। कपड़े सुखाने के लिए तार का प्रयोग न कर जूट की रस्सी का प्रयोग करें, बिजली की सुचालक वस्तुओं से दूर रहें, यदि घर में हों तो पानी का नल, टेलीफोन, फिज, टी0वी0 आदि को न छुएँ बल्कि दूर रहें। जब आप घर के बाहर हों तब बारिश एवं वज्रपात के दौरान कभी भी अकेले पेड के नीचे खड़े ना हों, यदि दो पहिया, साईकल, ट्रक, नौका आदि पर सवार हो तो तुरंत उतरकर सुरक्षित स्थान पर चले जायें, वज्रपात के दौरान वाहनों की सवारी न करें, धातु की डंडी वाले छाता का उपयोग न करें, टेलीफोन व बिजली के पोल तथा टेलीविजन टावर, टेलीफोन टावर से दूर रहें, और वज्रपात के दौरान मोबाईल फोन का प्रयोग न करें। बिजली की चमक देखकर तथा गडगडाहट की आवाज सुनकर ऊँचे एवं एकल पेडों के नीचे नहीं जायें, तालाब और जलाशयों से दूर रहें एवं तैराकी कर रहे लोग, मछुआरे आदि अविलम्ब पानी से बाहर निकल जायें। यदि आप जंगल में हो तो बौने एवं घने पेड़ों की शरण में चले जायें, गीले खेतों में कार्य कर रहे किसान तुरंत सूखे एवं सुरक्षित स्थान पर चले जायें, वृक्षों, दलदल वाले स्थलों तथा जलस्त्रोतों से यथासंभव दूर रहें, परंतु खुले आकाश में रहने से अच्छा है कि छोटे पेड़ के नीचे रहें और खुले आकाश में रहने को बाध्य हो तो नीचे के स्थलों को चुनें। वज्रपात से झटका लगने पर जरूरत के अनुसार व्यक्ति को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनर्र रेस्पिरेशन) यानि कृत्रिम श्वास दे एवं तत्काल प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था करे एवं प्रभावित व्यक्ति की सूचना अंचलाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, अपर समाहत्तां लोहरदगा को तत्काल दें।

## ईमा इंटर कॉलेज की छात्रा मेघा कुजूर ने कला संकाय में बनी जिला टॉपर



**लोहरदगा।** ईमा इंटर कॉलेज लोहरदगा कला संकाय में छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर जिले एवं राज्य का नाम क्या रोशन। ईमा इंटर कॉलेज की छात्रा मेधा कुजूर ने कला संकाय में 87.02 प्रतिशत लाकर लोहरदगा जिले में टॉपर रही। मेधा कुजूर हमेशा से मेधावी छात्र रही है वहीं जिला टॉप करने के बाद मेघा कुजूर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने महाविद्यालय के गुरुजनों के साथ-साथ माता-पिता एवं नाना और अपनी दीदी भैया मौसी को दिया है वहीं जिला टॉपर रही मेघा कुजूर ने बताया है कि आगे उनका लक्ष्य है कि वह प्रशासनिक सेवा में जाकर अपने लोगों एवं अपने देश की सेवा करना चाहती है। वही आपको बता दे की मेधा कुजूर के माता-पिता साधारण कृषक है। मेधा कुजूर लोहरदगा जिले के सुदूर नक्सल प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र पेशरार के ओयना गाढ़ा की स्थानीय निवासी है मौके पर ईमा इंटर कॉलेज के प्राचार्य एजाज अंसारी शिक्षक इरफान उल्लाह पिता पिता फुलदेव भगत, माता लीला मिंज ,नाना सुनील मिंज, एवं पूरे कॉलेज परिवार ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। जरूर लगा दीजिएगा हमेशा विज्ञापन मिलता रहा है।

## सांइस में श्रेया, कामर्स में साक्षी व कला में पारुल बनी जिला टापर

**चतरा** ¬झारखंड अधिविद्य परिषद ने मंगलवार को विज्ञान, कॉमर्स व कला संकाय का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। विज्ञान संकाय में 85.39 प्रतिशत के साथ राज्य में तीसरा स्थान पर रहा। जिसमें 84.26 प्रतिशत छात्र एवं 87.30 प्रतिशत छात्रा उतीर्ण हुई। इसी प्रकार कामर्स संकाय में चतरा जिला का परिणाम 85.15 प्रतिशत के साथ राज्य में 22वां स्थान पर रहा। इसमें 83.05 प्रतिशत छात्र तथा 86.95 प्रतिशत छात्रा उतीर्ण हुई। जबकि कला संकाय का जिले का परिणाम 94.67 प्रतिशत के साथ राज्य में 12वां स्थान पर रहा। जिसमें 93.59 प्रतिशत छात्र एवं 95.37 प्रतिशत छात्रा उतीर्ण हुई है। साइंस में राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्रा श्रेया गुप्ता 463 अंक लाकर जिला टॉप की है। श्रेया डाक्टर बनकर मरीजों की सेवा करना चाहती है। फिलहाल वह नीट की तैयारी कर रही है। श्रेया के पिता सतीशलाल गुप्ता राज्य संपोषित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक है। श्रेया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया है। इसी प्रकार कामर्स में उपेन्द्रनाथ वर्मा इंटर महाविद्यालय की साक्षी 450 अंक लाकर जिला टाप की है। साक्षी चार्टेड एकाउंटेंट (सीए) बनना चाहती है। उसने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया है।

# कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया गया स्वीप अभियान

*** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने स्वयं घर - घर जाकर बांटा वोटर स्लिप, मतदाताओं से की वोट करने की अपील**

*** गुमला अंतर्गत दुनदुरिया के बूथ संख्या 208 के मतदाताओं के घर पहुंचे उपायुक्त**



**गुमला** ¬ मंगलवार को मतदाताओं के घर घर जाकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने मतदाताओं के बीच वोटर स्लिप का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से 13 मई को जिले में होने वाले मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों में जाकर वोट करने की भी अपील की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश के आलोक में स्वीप गतिविधि के तहत वैसे मतदान केंद्र जहां वोटिंग प्रतिशत कम है एवं वहां के वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से वैसे स्थानों पर पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा लगातार दौरा करते हुए वहां के मतदाताओं से मिलते हुए उन्हें मतदान करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज गुमला के दुन्दुरिया स्थित मतदान केंद्र संख्या 208 में 51 प्रतिशत की वोटिंग के प्रतिशत को देखते हुए वहां के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने वहां के मतदाताओं के घर घर जाकर उनके हाथों में वोटर स्लिप दी । साथ ही उन्हें मतदान करने के प्रति प्रेरित भी किए। घर घर जाकर मतदाताओं से मिलने के क्रम में उपायुक्त ने मतदाताओं से वोट नहीं करने के पीछे का कारण भी पूछा, जिसपर कुछ मतदाताओं ने कहा कि वे वहां रेंट पर रहते हैं एवं वे दूसरे शहर वोट देने जाते हैं, वहीं कुछ महिला मतदाताओं ने कहा कि उनके पास जाने आने का साधन नहीं है जिसपर उपायुक्त ने गाड़ी की व्यवस्था करते हुए मतदाताओं को बूथ तक ले जाने की बात कही। इसी प्रकार कुछ मतदाताओं ने मतदान के प्रति अपनी रुचि नहीं दिखाई । जिसे देखते हुए उपायुक्त ने उनके नकारात्मक मानसिकता को सकारात्मक रूप में परिवर्तित करते हुए उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया। आज उपायुक्त ने दोपहर के समय दुनदुरिया के लगभग दर्जनों घरों का दौरा किया, एवं उनके इस दौरे ने स्थानीय मतदाताओं को जागरूक करने एवं वोट करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, स्वीप प्रभारी पदाधिकारी अलीना दास , स्वीप कोषांग राजेश कुमार पोद्दार, सुनील कुमार, बीएलओ सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# मनीष जायसवाल के नामांकन मे आजसू पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता होंगे शामिल - गौतम वर्मा



**बड़कागांव** - एनडीए से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के 1 मई नामांकन में शामिल होने को लेकर आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी कि अहम बैठक की गई। बैठक बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी के निर्देश पर गुरु चट्टी आवासीय कार्यालय में किया गया।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। कार्यकर्ताओं को सख्त निर्देश दिया गया की दिनांक 1 मई दिन बुधवार क़ो सुबह 9~30 बजे +2 हाई स्कुल मैदान मे अपने -अपने गाड़ी मे आजसू पार्टी का झंडा और पट्टा के साथ उपस्थित होना है। तत्पश्चात प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन कार्य हजारीबाग में शामिल होना निर्धारित है सभी गाड़ी एक साथ हज़ारीबाग के लिए रवाना होंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह,प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर तापस, केंद्रीय सचिव अनिकेत कुमार,केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ,तुलेश्वर राम, सुरेश महतो ,अजय कुमार ,सेवक प्रसाद ,मनोज कुमार ,गणपति साहू, प्रमोद महतो, सुनील कुमार ,दिलीप महतो, रंजीत महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# एडिसन पब्लिक स्कूल में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**टाटीझरिया** - लोकतंत्र के त्योहार चुनाव में मतदाता अधिक से अधिक मतदान करे इसकी लिए प्रखंड प्रशासन ने मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है ।एडिसन पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जहां मुख्य रूप से बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज एवं बीपीआर ओ सुधीर राय शामिल हुआ । बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज ने बताया कि चुनाव में लोगों को मतदान अवश्य करे। जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सुधा कुमारी ने कहा कि इस बार चुनाव में हम सब को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। वहीं विद्यालय के छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के नाटक एवं कविता का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को विद्यालय के ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्रा देवयानी,ईशा,संचिता,अंकित,लोकनाथ,ऋषभ,साक्षी,सुरभि,प्राची,संजना आदि ने महत्वपुर्ण भुमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक राजु यादव,रश्मि कुमारी,पूनम कुमारी एवं समिक्षा रंजन आदि का है।

# सिमराढाब से लकड़ी लदा पिकअप गाडी ज़ब्त



**टाटीझरिया** - गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देश पर खैरा पंचायत अंतर्गत सिमराढाब जंगल से सखुवा बोटा से भरा पिकअप वैन ( जेएच-02 आर 4622 ) को ईचाक पश्चिम वन प्रमंडल क्षेत्र के परभारी वनपाल विद्याभुषण, वनरक्षी गोपी पासवान, सुजित टेप्पो ने छापामारी कर पकड़ा. जिसे ईचाक कार्यालय परिसर में सुरक्षित रखा गया. इस दौरान करियातपुर निवासी गोपाल मेहता पिता झरी महतो पर वनवाद के तहत मामला दर्ज किया गया. सिपाही को देखते ही गाडी का ड्राइवर गाडी छोडकर फरार हो गया है. प्रभारी वनपाल विद्याभुषण ने बताया की इस प्रकार के वन अपराध के विरुद्ध लगातार छापेमारी कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी.लगभग 50 हजार रुपए की लकड़ी जब्त किया गया है आगे भी प्रतिदिन गस्ती किया जायेगा एवं ऐसे वन अपराधियों जो वन सीमा के अंदर लकड़ी एवं कोयला डम्पीग आदि के ऊपर विभाग की कड़ी नजर है और आगे भी छापेमारी कर अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कानूनी करवाई की जाएगी।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हारटोली के आचार्य अमरनाथ झा की सेवानिवृत्ति पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**हज़ारीबाग़** - सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली ,हजारीबाग में सेवानिवृत हो रहे संस्कृत विषय के आचार्य अमरनाथ झा के सेवानिवृत्ति पर स्नेह मिलन कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। गौरतलब है कि आचार्य अमरनाथ झा विद्यालय में भैया- बहनों को विषय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे थेद्य स्नेह मिलन कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव फणींद्र नाथ , सदस्य संजय उपाध्याय एवं विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने माला पहनाकर एवं सम्मान पत्र, साल, वस्त्र एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित कियाद्य मौके पर सम्मान समारोह में सेवानिवृत हो रहे आचार्य अमरनाथ झा ने अपने उद्बोधन में कहा - इस विद्यालय में पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ भैया- बहनों को पढ़ाया द्य उन्होंने समर्पण भाव, लगन, निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ कार्य करने की बात कही द्य कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव, फणीन्द्र नाथ ने कहा - आचार्य अमरनाथ झा ने अपने ज्ञान को भैया- बहनों में पूर्ण रूप से भरने का कार्य अपनी सेवा के दौरान किया है

# मजदूर दिवस पर विशेष : आजादी के 77 वर्षो बाद भी चौपारण की आधी आबादी दूसरे राज्यों में मजदूरी करने को विवश

**चौपारण** - देश के आजादी का 77 वर्ष लगभग पूर्ण होने को है , पर आज भी चौपारण प्रखण्ड के लगभग आधी आबादी को दूसरे राज्यों में जाकर मजदूरी करने पर विवश होना पड़ रहा है। 15 नवम्बर 2000 ई को जब बिहार से अलग होकर झारखंड बना तो लोगों और युवाओं में उम्मीद की एक नई किरण जगी। पर झारखंड के अलग हुए 23 वर्ष बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में युवाओ के रोजगार के लिए न ही कोई उद्योग लगा और न ही नौकरी का कोई द्वार खुला और न ही किसानों के खेतों में पानी पहुंचा। जिसका परिणाम है कि आज भी क्षेत्र के हज़ारों लोग परिवार के भरण पोषण के लिए अपने बीबी बाल बच्चे को छोड़कर रोजी रोटी की तलाश में दूसरे राज्यों में जाकर दर दर भटकते हैं और मजदूरी करने को मजबूर हैं। जहां कई तरह की यातनाएं भी इन्हें सहनी पड़ती है।



जहां न ही इन्हें सही से सोने का ठिकाना होता है नही सही से खाने का। बस पेट की आस में कई कई महीनों तक अपने बाल बच्चों बूढ़े माता पिता को छोड़कर ये 14- 15 घण्टे तक मेहनत करते हैं। फिर भी उचित मजदूरी नहीं मिल पाती है।

## मनरेगा भी लूट का बना हिस्सा

केंद्र व राज्य सरकार द्वारा गांव के लोगों को गांव में रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से भले ही मनरेगा अंतर्गत कई स्कीम लॉन्च की गई हो पर ये भी अब लूट का हिस्सा ही बनकर रह गया है। जहां जमीन के बजाए कागजों पर ही कई कार्य हो रहे हैं। जहां फर्जी मास्टर रोल और फर्जी मजदूर दिखाकर पैसे का बंदर बांट हो रहा है। मजदूरों से काम करवाने के बजाए मशीनों का भी उपयोग कर दिया रहा है। साथ ही क्षेत्र में कई ऐसे लोग भी हैं जो सक्षम हैं पर उनका लेबर कार्ड बना हुआ है। ऐसे में सही मजदूरों को न ही काम मिल पाता है न ही मजजूरी।

## खेतों में पानी के साधन नहीं होने से भी किसान बाहर जाने को मजबूर

वहीं क्षेत्र के 70 त्न लोग खेती बारी पर आश्रित हैं। इन्हें बरसात के पानी पर ही निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में किसानों के खेतों तक पानी पहुंचने की उचित ब्यवस्था या ड्रिप सिंचाई की सुविधा रहती तो कृषि भी आय का प्रमुख स्त्रोत हो सकता था। पर आज तक आय के स्त्रोत के लिए कोई भी बेहतर पहल नहीं होने पर दूसरे प्रदेशों में जाकर मजदूरी करने को विवश हैं। बतादें कि चौपारण हज़ारीबाग जिले के सबसे बड़ा प्रखण्ड है। जहाँ 26 पंचायतों के 269 राजस्व गांवो और लगभग 35 टोलों में दो लाख से अधिक आबादी निवास करती है।

# सेवा सहयोग समिति की सकारात्मक प्रयास व कोशिश से छह माह से अंधेरा झेल रहा कटकमसांडी का बाझा गांव जगमगाया

**दो घंटे के अंदर ग्रामीणों को उपलब्ध हुआ ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में काफी खुशी की लहर, संस्थान की कार्यों की प्रशंसा कर दिया साधुवाद**

### संस्थान सेवा करने का संकल्प लिया है और सदैव रखेगा जारी - हर्ष अजमेरा

**हज़ारीबाग़** - सेवा सहयोग समिति लगातार जनसेवा एवं समाजिक कार्यों में जुटा हुआ है। कटकमसांडी प्रखण्ड में सेवा सहयोग समिति का कार्यलय शुभारंभ होने के बाद जरूरतमंद जुडकर अपनी क्षेत्र की समास्याओं को रख रहे हैं। संस्था भी तत्परता के साथ संज्ञान में लेकर क्षेत्र में काफी उत्कृष्ट कार्य कर रही है। सेवा सहयोग समिति कार्यलय के शुभारंभ के क्षेत्र में काफी उत्साह है एवं क्षेत्र से जुड़ी समास्याओं का तेजी से संस्था के सकारात्मक पहल से निराकरण भी हो रहा है। मंगलवार को सेवा सहयोग समिति के सहरानीय पहल एवं सकारात्मक प्रयास से कटकमसांडी अंतर्गत बाझा गांव स्थित पारटांड टोला में नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध हुआ।



पीछले छह माह से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण अंधेरे में रहने को विवश था। ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से सेवा सहयोग समिति से अपनी पीड़ा बताई एवं मदद का गुहार लगाया। संस्थान के सदस्यों ने इस गंभीर समास्या को तत्परता के साथ संज्ञान में लिया। संज्ञान में लेने के बाद बाझा गांव में ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने में जुट गई। संस्था ने बिजली विभाग के महाप्रबंधक से वार्ता कर बाझा गांव में ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का विशेष आग्रह किया। जिसके बाद महाप्रबंधक ने दो घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर लगाने का अपने विभाग के कर्मचारियों को आदेश दिया। बाझा गांव में ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो जाने पर सेवा सहयोग समिति की कार्यों की प्रशंसा किया। साथ ही ग्रामीणों ने संस्थान का आभार प्रकट कर बहुत- बहुत साधुवाद दिया।

मौके पर सेवा सहयोग समिति के हर्ष अजमेरा ने कहा कि बाझा गांव में ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो जाने के बाद ग्रामीणों में काफी खुशी का लहर है। ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से ग्रामीणों में बिजली से संबंधित कई शिकायतें थी। जो ट्रांसफार्मर उपलब्ध होते ही सभी समस्याओं का निराकरण हुआ है। इस कार्य के लिए विभाग के महाप्रबंधक का भी शुक्रगुजार हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान सेवा करने का संकल्प लिया है और सदैव जारी रखेगा। संस्थान के सहयोग व पहल से समाज में कुछ अच्छा कार्य होता है। तब हमें काफी आत्मीय संतुष्टि मिलती है। जिस उद्देश्य के साथ संस्थान की स्थापना हुई है। वह पूरा होता दिख रहा है। काफी कम समय में कई जन समास्याओं का निराकरण हुआ है। यह सेवा सहयोग समिति की पूरे परिवार के लिए खुशी की बात है।

# अज्ञात शव का मुक्तिधाम सेवा संस्थान के संस्थापक नीरज कुमार ने किया ससम्मान अंत्येष्टि

**कई दिन शव को सुरक्षित रखने के बाद मुक्तिधाम सेवा संस्थान के संस्थापक नीरज कुमार ने गुरुद्वारा कमिटी के सहयोग से किया शव का अंतिम संस्कार**



**हजारीबाग** - हज़ारीबाग़ में कई वर्षो से लावारिस शवों के प्रबंधन में कार्यरत संस्थान मुक्तिधाम सेवा संस्थान हज़ारीबाग़ के संस्थापक नीरज कुमार ने हमेशा की तरह एक बार फिर मानवता का मिशाल पेश किया है। नीरज कुमार ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग से प्राप्त अज्ञात शव जो की 23 अप्रेल को शेख़ भिखारी मेडिकल कॉलेज हज़ारीबाग़ से प्राप्त अज्ञात शव जो कि जंग सिंह, पिता बाबा सिंह जिसका पहचान के लिए 29 अप्रेल तक शव को मोर्चरी में रखा गया। उसके बाद मोर्चरी में शव को सुरक्षित रखने के बाद 30 अप्रेल 2024 को अज्ञात शव को मुक्तिधाम सेवा संस्थान हजारीबाग के संस्थापक नीरज कुमार द्वारा व हजारीबाग गुरूद्वारा कमिटी के सहयोग से जिसमे मुख्य रूप से गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष अवतार सिंह कोषाध्यक्ष कमलजीत सिंह एवं पुजारी करनजीत सिंह की उपस्थिति में अरदास किया गया। तत्पश्चाप मुक्तिधाम सेवा संस्थान हजारीबाग के नीरज कुमार द्वारा मुक्तिधाम, खिरगांव हजारीबाग के प्रांगण में अंतिम संस्कार विधिवत रूप से कर दिया गया।

# जिला में इंटर आर्ट्स की द्वितीय और दसवीं टॉपर बनी उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय झरपो की छात्रा

**किसान की बेटी ने जिला में झरपो का नाम किया रौशन**

**टाटीझरिया** - जैक द्वारा 12 वीं का परिणाम जारी कर दिया गया है। जारी परिणाम के अनुसार टाटीझरिया प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय झरपो की दो छात्राएं जिला के टॉप टेन की सूची में आ गई हैं। दोनो छात्राएं झरपो गांव की निवासी हैं और दोनो के पिता किसान हैं।खेती बारी कर उन्होंने अपनी बेटियों को पढ़ाया है। नेहा कुमारी पिता प्रेमचंद कुमार 88.2 प्रतिशत ने इंटर कला में जिला की द्वितीय और रिया कुमारी पिता सूर्यनारायण महतो 86.2 प्रतिशत ने जिला में दसवें स्थान पाई है। दोनो के माता -पिता काफी प्रसन्न हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी उनके द्वारा खेती -मजदूरी कर ,पढ़ाई करवाने का कर्ज उतार दी है।उनके माता -पिता ने कहा कि बेटियों की तरक्की से वे काफी खुश हैं। नेहा ने बताया कि वह आगे चलकर आई ए एस बनना चाहती है वहीं रीया ने कहा कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी। वहीं प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय धरमपुर का आई एस सी टॉपर राजकुमार प्रसाद, 84.2 प्रतिशत ,ऋषिकेश कुमार राम 82.8 प्रतिशत ,विकास कुमार राम 82 प्रतिशत ,जबकि आई ए टॉपर लवकुश कुमार 83.8 प्रतिशत ,सीमा कुमारी 80.2 प्रतिशत ,ममता कुमारी 77 प्रतिशत और वाणिज्य में पम्मी विश्वकर्मा 60 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

# जी.एम.इंटर महाविद्यालय,इचाक में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हज़ारीबाग़** - झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा इंटरमीडिएट कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय का परिणाम जारी किया गया, जिसमें जी एम इंटर महाविद्यालय की इचाक का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस परीक्षा परिणाम में वाणिज्य संकाय में विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, जिसमें पूजा कुमारी 406 अंक लाकर महाविद्यालय की टॉपर रही।, राहुल कुमार 379, अमर कुमार 379 अंक लाकर सेकेंड टॉपर रहे। वही कला संकाय में महाविद्यालय का 99 प्रतिशत परिणाम रहा। कला संकाय में 606 विद्यार्थियों में से 360 प्रथम श्रेणी एवं 223 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। महाविद्यालय से छात्रा पल्लवी कुमारी 409 अंक लाकर महाविद्यालय टॉपर बनी।405 अंक लाकर अमन कुमार सेकंड टॉपर और 404 अंक लाकर साक्षी राणा थर्ड टॉपर रही, उसके बाद क्रमशः नितेश कुमार 400 अंक, रानी कुमारी 388, अंक लाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय में महाविद्यालय का 82 प्रतिशत परिणाम रहा जिसमें अमन कुमार 443 प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पूर्णिया कुमारी 426, जिया वर्मा 417 तृतीय एवं राजेश कुमार 412 अंक लाकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं के इस बेहतरीन प्रदर्शन से छात्र-छात्राओं में हर्ष एवं खुशी व्याप्त हो गई है, प्राचार्य शंभू कुमार ने छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की




कामना की और कहा कि उनकी इस सफलता के पीछे खुद उनकी मेहनत और लगन साथ ही साथ शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। सचिव विनय कुमार ने अपने मेहनती शिक्षकों सहित सभी कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि सही मार्गदर्शन के बदौलत आज महाविद्यालय का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है और आगे भी महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं अपना परचम लहराते रहेंगे। छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय हर प्रकार की उचित सुविधा देती रही है और देती रहेगी। विदित हो की विगत 15 वर्षों से जी एम इंटर महाविद्यालय कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहा है जिसके बदौलत यहां के छात्र-छात्राएं सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में नौकरी पाकर अपना तथा महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। मौके पर उपस्थित महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बताया कि यह जी एम ग्रुप आफ कॉलेज हजारीबाग का एक महत्वपूर्ण संस्थान है जो छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस अवसर पर शिक्षक रत्नेश कुमार राणा, संगम कुमारी, प्रणत कुमार रविदास, दीपक प्रसाद, संजीत कुमार यादव, राजकुमार दास, अजीत हंसदा, आशीष पांडे और कृष्ण कुमार, राजू कुमार, कृष्ण यादव, सुनीता कुमारी, प्रिया कुमारी, इत्यादि उपस्थित थे।

# हजारीबाग लोस क्षेत्र के राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल आज करेंगे नामांकन, पूरे लोकसभा क्षेत्र से पहुंचेगा जनसैलाब

**राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सहित कई सांसद- विधायक और एनडीए गठबंधन के दिग्गज होंगे शरीक**

### हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) में आयोजित होगी नामांकन सह आशीर्वाद सभा

**हजारीबाग** - हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समर्थित भाजपा पार्टी के उम्मीदवार मनीष जायसवाल बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इसे लेकर उन्होंने हजारीबाग लोकसभा के प्रधान चुनाव कार्यालय परिसर में एक प्रेस- वार्ता का आयोजन किया। उक्त प्रेस- वार्ता को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बताया की हमारे नामांकन के गौरवपूर्ण क्षण में हमारे साथ विशेष रूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, दीपक प्रकाश, जदयू नेता सह




राज्यसभा सांसद खीरू महतो, आजसू पार्टी के सुप्रीमों सुदेश महतो, आजसू नेता सह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी समेत झारखंड के विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, विधायक भानु प्रताप शाही, विधायक बिरंची नारायण, विधायक राज सिन्हा, विधायक नीरा यादव, विधायक समरी लाल, विधायक किसुन दास, आलोक चौरसिया, विधायक अमित मंडल समेत एनडीए गठबंधन में शामिल भाजपा, आजसू, जदयू, और लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के कई प्रदेश यूनिट और स्थानीय स्तर के कई दिग्गत नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। नामांकन दाखिल करने से पूर्व हजारीबाग के ऐतिहासिक हजारीबाग स्टेडियम ( कर्जन ग्राउंड) परिसर में नामांकन- सह- आशिर्वाद सभा का आयोजन होगा। जिसमें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांच विधानसभा हजारीबाग सदर विधानसभा, बड़कागांव विधानसभा, मांडू विधानसभा, बरही विधानसभा और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ से हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं का जनसैलाब उमड़ेगा। यहां से जनसभा के उपरांत सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल नामांकन दाखिल करने हजारीबाग समाहरणालय पहुंचेंगे ।

**महावीर स्थान में करेंगे पूजा-अर्चना, अपने आवासीय परिसर से पदयात्रा करते हुए पहुंचेंगे आशीर्वाद स्थल :** नामांकन दाखिल करने से पूर्व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल सुबह 11 बजे हजारीबाग शहर स्थित विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ अवस्थित अपने आवासीय परिसर से माता पिता का आशीर्वाद लेकर निकलेंगे। जिसके बाद महावीर स्थान चौक पर महावीर मंदिर में बजरंगी बली सहित अन्य देवी-देवताओं की पूजा अर्चना करेंगे और फिर यहां से हजारों समर्थकों संग पदयात्रा करते हुए झंडा चौक- भगत सिंह चौक - बंशीलाल चौक- बिरसा चौक होते हुए हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) पहुंचेंगे। यहां पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से जुटे विशाल जनसैलाब को संबोधित करेंगे और उनका आशिर्वाद लेकर यहां से नामांकन पत्र दाखिल करने हजारीबाग समाहरणालय पहुंचेंगे।

# छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए ई एस एल स्टील लिमिटेड ने अंतर-केंद्र क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया

**बोकारो ।** ÷वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी एकीकृत इस्पात उत्पादक ई एस एल स्टील लिमिटेड ने सामाजिक और सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। इसी के निमित ई एस एल स्टील लिमिटेड और अन्य सभी वेदांता कंपनियां उन समुदायों की भलाई के लिए प्रयासरत है।

आज बच्चों को उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में मदद करने और प्रतियोगियों के बीच उपलब्धि और गर्व की भावना पैदा करने के अलावा उनके ज्ञान को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, विशेष रूप से विभिन्न ई एस एल स्टील लिमिटेड के प्रोजेक्ट प्रेरणा केंद्रों (ट्यूटोरियल और ड्राइंग) एवं एक्सेल 30 क्लासेज जैसे शैक्षिक हस्तक्षेप कार्यक्रमों में नामांकित लोगों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन ई एस एल स्टील लिमिटेड द्वारा अपने कार्यान्वयन भागीदार सार्थक सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन के साथ किया गया। ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के पीछे का विचार छात्रों को अपने पाठ्य ज्ञान से परे देखने और उन्होंने जो सीखा है उसके सिद्धांत और अनुप्रयोग के बीच संबंध स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। ई एस एल स्टील लिमिटेड विज्ञान प्रदर्शनी, कला शो, क्विज़ आदि सहित कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है। ये इंटरैक्टिव मंच हैं जहां छात्र न केवल पुरस्कार लेने या प्रसिद्ध होने के लिए भाग लेते हैं, बल्कि ज्ञान प्राप्त करने, शिक्षाविदों से परे उत्कृष्टता हासिल करने और सुरक्षित होने के अवसर तलाशते हैं। उनका भविष्य साथ ही इनमें से अधिकांश गतिविधियाँ उन्हें अपने टीम वर्क कौशल को निखारने का अवसर भी प्रदान करती हैं।




क्विज़ प्रतियोगिता में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 100 लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई, जो प्रतियोगियों को प्रेरित करने के लिए आए थे। मोइन अंसारी, प्रिंसिपल, एमजेएम स्कूल, बिजुलिया सहित गणमान्य व्यक्ति, मनोज तिवारी, पूर्व मुखिया, चंदाहा पंचायत और संटू रॉय, उपाध्याय, किसान युवा मोर्चा ने इस तथ्य की बहुत सराहना की कि ई एस एल स्टील लिमिटेड ने अपनी सहयोगी कार्यान्वयन एजेंसी के साथ मिलकर क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था और वे इस बात से काफी प्रभावित हुए।

इस अवसर पर ई एस एल स्टील लिमिटेड के सी एस आर, ई आर और पी आर प्रमुख आशीष रंजन ने कहा ÷ई एस एल स्टील लिमिटेड हमेशा हमारे संयंत्र के आसपास के समुदायों के समग्र विकास और खुशी पर ध्यान केंद्रित करता है। हम अपने छात्रों के बीच रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान करने का प्रयास करते हैं। इस तरह की पहल प्रतिभा को आगे बढ़ाती है, टीम निर्माण प्रयासों को प्रोत्साहित करती है और एक जीवंत सीखने के माहौल को बढ़ावा देती है जो शिक्षा से परे है। हमारे पूरे इतिहास में, वर्तमान में, और भविष्य की ओर देखते हुए, ई एस एल स्टील लिमिटेड चल रहे सी एस आर पहलों के माध्यम से समुदाय की भलाई का समर्थन करने के लिए समर्पित है, जो एक खुशहाल और संपन्न समुदाय को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।÷ पूरी प्रतियोगिता ई एस एल स्टील लिमिटेड में सी एस आर के उप प्रमुख राकेश मिश्रा के देख रेख में की गई। मिश्रा ने कहा कि जो कठिन प्रश्नों या चुनौतीपूर्ण परिदृश्यों से प्रतियोगियों का आत्मविश्वास कम नहीं हुआ। जो अपने बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने आए थे, उन्होंने देखा कि उनके बच्चों को किसी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं है और वे बेहद सफल आयोजन का आनंद भी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे और भी आयोजन करते रहेंगे, जिससे बच्चों के विकास में मदद मिलेगी।

विभिन्न श्रेणियों के विजेता इस प्रकार रहे। ग्रुप ए (प्रेरणा ट्यूटोरियल्स (5 टीमें)) में पहला स्थान प्रेरणा ट्यूटोरियल्स, मोदीडीह ने हासिल किया; दूसरा स्थान प्रेरणा ड्राइंग सेंटर, चंदाहा ने और तीसरा स्थान प्रेरणा ट्यूटोरियल्स, कुमाटांड ने हासिल किया। ग्रुप बी में (प्रेरणा केंद्र (5 टीमें); प्रथम प्रेरणा केंद्र, चंदाहा; दूसरा स्थान प्रेरणा केंद्र, सियालजोरी, तीसरा स्थान प्रेरणा केंद्र, योगीडीह रहा। जबकि ग्रुप सी में (वेदांत ईएसएल एक्सेल 30 सेंटर (5 टीमें) - टीम 1 जीती।

## मनरेगा कूप के निर्माण में मिट्टी धसने से एक मजदूर की मौत

**गोमिया देश प्राण संवाददाता** गोमिया प्रखंड अंतर्गत बडकीचिदरी पंचायत के कढमा गांव मे चुरामण महतो के निर्माणधीन मनरेगा कूप मे कार्य कररहे मिट्टी धसने से एक मजदूर की मौत होगयी है मृतक मजदूर का नाम टेकलाल महतो,55 वर्ष है,सुत्रो से मिली जानकारी अनुसार अन्य दिनो की तरह गांव के श्री महतो के कूवां में खुदाई का कार्य कर रहा था, करीब तीन से चार बजे के आसपास मिट्टी धसने से कुंवा मे टेकलाल महतो दबगया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया,आनन फानन मे परिवार के सदस्य बनासो अवस्थित प्राइवेट अस्पताल मे प्राथमिक इलाज के लिए ले गये वहां मजदूर की स्थिति दयनीय देख चिकित्सक ने इलाज करने मे असमर्थ होने पर वहां से विष्णुगढ़ अवस्थित प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया जहां पर इलाज के क्रम मे चिकित्सक के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया, मृतक मजदूर को परिजन अपना घर ले आये ,और इसकी सूचना चतरोचटी थाना को दी गयी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी करीब शाम के सात बजे गांव आकर घटना की जांच पडताल कर शव को दुसरे दिन अंत्यपरीक्षण करने की बात कही, घटित घटना पर पंचायत की मुखिया बीणा देवी,पूर्व मुखिया टुकन महतो. रोजगार सेवक भोला महतो भी घटना स्थल मे पहुंच घटना की जानकारी ली गयी,सूचना मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव कुमार ने दुख जताते हुए कहा मृतक मजदूर के आश्रित परिवार को मनरेगा एक्ट कानून के तहत मुआवजा दिलाने की बात कही उन्होंने कहा घटित घटना पर वरीय पदाधिकारी को सूचना दे दी गयी है, मृतक की पत्नी को विधवा पेंशन के अलावा अन्य मिलने वाले सरकारी लाभ दिलाने की बात कही।

## सविमं भूली के प्राचार्य के भाई के निधन पर शोक सभा



**धनबाद/** श्रमिक नगर, भूलीनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को एक शोक सभा का आयोजन कर विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी के अनुज 45 वर्षीय अतुल मुखर्जी के आकस्मिक निधन पर विद्यालय परिवार के द्वारा उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गईद्य विद्यालय परिवार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। विद्यालय के सचिव फूल सिंह ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि 45 वर्षीय अतुल मुखर्जी एक गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। इलाज के क्रम में रविवार को लोहरदगा में उनकी मृत्यु हो गई। अतुल लोहरदगा में एक व्यवसायी होने के साथ साथ सामाजिक कार्यकर्ता थे। धार्मिक कार्यों में भी वो बढ़ चढ़ कर सहयोग करते थे। अतुल मुखर्जी अपने पीछे एक पुत्र, एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शोक सभा में विद्यालय के सचिव फूल सिंह, सुबिमान दास, जय कुमार, अनुराधा कुमारी, विनोद झा सहित विद्यालय के सभी अचार्य-आचार्या उपस्थित थे।

## डीएवी सेक्टर-6 के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी को सेवा निवृत्ति पर दी गई विदाई




**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 के चतुर्थवर्गीय कर्मचारी भुस्की दी के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारियों ने विदाई दी । विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रही भुस्की दी साढ़े तीन दशक से अधिक समय तक इस विद्यालय में ईमानदारी एवं कर्मठता, कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी के तौर पर कार्य किए हैं । उनका व्यक्तित्व सादगी से भरा रहा, उन्होंने अपने काम को पूरी ईमानदारी से किया । इस अवसर पर प्राचार्य ने भुस्की दी को पुष्प गुच्छ एवं उपहारों से सम्मानित किया । उनके किए कार्यों कीप्रशंसा की प्राचार्य ने प्राचार्य ने उनके भावी जीवन में स्वस्थ रहने की शुभकामना दी । इस कार्यक्रम में नागेन्द्र प्रसाद , प्रशांत कुमार, कुमार समरेश, जाह्नवी बनर्जी तथा बाल शेखर झा ने उनकी उपलब्धियों को बताया। मंच संचालन आभा कुमारी ने किया।कार्यक्रम में समस्त शिक्षक व कर्मचारीगण मौजूद थे।

## छात्र-छात्राओं के लिए सीपीआर प्रशिक्षण एवं डिजास्टर मैनेजमेंट के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया

**चास÷** रोटरी क्लब चास द्वारा डॉ एस. राधाकृष्णन बीएड महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए सीपीआर प्रशिक्षण एवं डिजास्टर मैनेजमेंट के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।अनुभवी चिकित्सा पेशेवर डॉ एसपी वर्मा एवं डॉ निशांत वर्मा के संयुक्त मार्गदर्शन में यह कार्यशाला आयोजित की गई। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि हृदय रोग दुनिया भर में मृत्यू का प्रमुख कारण है। पूजा ने कहा कि युवाओं में दिल के दौरे के मामले बढ़े हैं पर तुरंत और प्रभावी ढंग से सीपीआर देने से दिल के दौरा पड़ने वाले व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना बढ़ जाती है। इसके पूर्व बीएड महाविद्यालय के सचिव बिनय सिंह ने पौधा भेंटकर चिकित्सकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सीपीआर देकर लोगों की जान बचाने के कई




मामले सामने आ चुके हैं। बिनय सिंह ने कहा की समाज में ऐसी कार्यशाला का आयोजन निरंतर जरूरी है। प्रशिक्षक डॉ एस पी वर्मा ने कहा की महत्वपूर्ण कौशल सीखा कर वे एक सुरक्षित समाज बनाने की आशा करते हैं जहां व्यक्ति जरूरतमंद लोगों की मदद कर सके। डॉ वर्मा ने कहा की सीपीआर रक्त संचलन को बहाल करने और ऑक्सीजन को शरीर के अंदर पहुंचाने में सक्षम है।डॉ वर्मा ने कहा की कार्यशाला का उद्देश्य व्यक्तियों को जीवन रक्षक कौशल के साथ सशक्त बनाना और महत्वपूर्ण क्षणों के दौरान तत्काल कार्रवाई करने के लिए तैयार समुदाय बनाना है। डॉ वर्मा ने बच्चों द्वारा जिज्ञासा वश पूछे गए प्रश्नों का भी समाधान किया।

डॉ निशांत वर्मा ने कहा की सीपीआर में प्रशिक्षित प्रत्येक व्यक्ति एक संभावित नायक बन जाता है जो किसी के जीवन पर गहरा प्रभाव डालने में भी सक्षम होता है। डॉ निशांत ने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने दिल को युवा और स्वस्थ रखने पर ध्यान दें। डॉ निशांत ने कार्यशाला में छात्रों और शिक्षकों को विषय का प्रशिक्षण भी दिया।

रोटरी क्लब की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी क्लब पीड़ित मानवता की सेवा में सदैव तत्पर रहता है और आगे भी तत्पर रहेगा। डिंपल ने बताया कि शिक्षकों को भी इस तकनीक का अभ्यास कराया गया। मौके पर उपस्थित महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गायत्री कुमारी एवं अन्य शिक्षकों, छात्र-छात्राओं ने कार्यशाला आयोजित करने के लिए रोटरी क्लब की भूरी भूरी प्रशंसा की। डॉ चायना डे ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद, धनेश बंका, मुकेश अग्रवाल, प्रेम शंकर सिंह, नरेंद्र सिंह, माधुरी सिंह, अर्चना सिंह,मनोज चौधरी, राजकुमार प्रिय, नवरत्न कुमार, सुबीनय डे,का सराहनीय योगदान रहा।

## पेटरवार में ज़िला भू-अर्जन कार्यालय ने लगाया कैंप कोर्ट

- वाराणसी से कोलकाता सिक्सलेन एक्सप्रेसवे निर्माण के रैयत पंहुचे
- बोकारो से गोला ओरमांझी रांची भारत माला 320फैजवन



**रंजन वर्मा कसमार (बोकारो )** वाराणसी से कोलकाता सिक्सलेन एक्सप्रेसवे निर्माणराजमार्ग निर्माण कार्य में भूमि अधिग्रहित मौजा के हितबद्ध रैयतों के भूमि संबंधी विवादों को निपटारा हेतु मंगलवार को पेटर वार प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में जिला भू-अर्जन कार्यालय द्वारा कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ज़िला भू अर्जन पदादिकारी द्वारिका बैठा अंचल अधिकारी अशोक राम मौजूद थे। कैंप कोर्ट में दारित फेज वन अरारी फेज टू आदि गांवों के रैयत शामिल हुए। जिसमें संबंधित भूमि के दस्तावेजों का जांच किया गया और कई मामलों निपटारा भी किया गया। बोकारो जिला के पदाधिकारी ने बताया कि जो भी विवादित भूमि है उसका खतियान, रजिस्ट्री डीड, पर्चा के साथ अद्यतन आनलाईन रसीद जमा करें। और जमीन का मुआवजा भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। सिक्सलेन एक्सप्रेसवे निर्माण में प्रगति लाने का निर्देश आया है। उन्होंने बताया कि बेवजह विवाद करने वाले रैयतों का मुआवजा राशि संबंधित कोषागार में जमा करा दिया जायेगा। इसलिए अपने कागजातों को समय पर जमा कर भुगतान लेने का काम करेंगे सी ओ पेटर्वार अशोक राम ने कहा कि अंचल द्वारा रेयतो का जमीन कि जो मामला आएगा उसका समाधान तुरंत करा दिया जायगा मौके भू-अर्जन के प्रधान सहायक रूपेश कुमार, अमीन, अनुज कुमार अंचल निरीक्षक, अशोक मिश्रा राजस्व कर्मचारी एन एच आई एस कुमार संदीप कुमार पाल बि धुत दुबे समेत दर्जनों रैयत मौजूद थे।

## प्रथम जूडो बेल्ट टेस्ट का भव्य आयोजन




**धनबाद /** प्रथम जूडो बेल्ट ग्रेडेसन का शानदार आयोजन डी ए वी कोयला नगर मे किया गया . इसकी जानकारी देते हुए धनबाद जिला जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया की भारतीय जूडो महासंघ के निर्धारित सिलेबस के अनुसार बेल्ट टेस्ट लिया गया,जिसमे धनबाद के विभिन्न स्कूलों वा क्लबों से चयनित 73 जूडोका सम्मिलित हुए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी ए वी कोयला नगर के प्राचार्य एन.एन.श्रीवास्तव थे, ग्रेडेसन मे राजकमल स.वि.मंदिर, डी ए वी कोयला नगर, धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच, धनबाद मार्सेल आर्ट सेंटर आदि के खिलाड़ी सम्मिलित हुए. झारखंड जूडो संघ के आदेशानुसार पप्पू कुमार, ब्लैक बेल्ट ( सानदान ), सुदीप चक्रवर्ती (ब्लैक बेल्ट ,सोदान),आरती कुमारी (ब्लैक बेल्ट ,सोदान ) वा राहुल शर्मा ने खिलाड़ीयों का टेस्ट लिया. बेल्ट ग्रेडेसन मे उत्तीर्ण जूडोकाओं के नाम वा उपाधि इस प्रकार है.

**ब्राउन बेल्ट :** पलक परमा ,आरती कुमारी ,निरज मंडल, राहुल कुमार ,शशांक शुक्ला.

**ब्लु बेल्ट रेड स्ट्रिप**

रणवीर ठाकुर, अदिति गुप्ता,संजीव कुमार भारती ,निकिता मंडल, आदित्य गुप्ता.

**ग्रीन बेल्ट रेड स्ट्रिप***

पियूष कुमार सिंह, लक्ष्मी कुमारी,आदित्य गुप्ता,आयुष कुमार सिंह, शुभम कुमार यादव.

## श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल,बोकारो के निदेशक महोदय (डॉ एस एस महापात्रा) का विदाई सामारोह आयोजित

**बोकारो।** शिक्षा क्षेत्र में व्यक्तिगत और सामाजिक बदलाव को प्रेरित करने वाले श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल,बोकारो के निदेशक डॉ एस एस महापात्रा का विदाई सामारोह आज गहरे भावनात्मक अंदाज में मनाई गई। यह विदाई समारोह शिक्षकों के साथ ही सभी कर्मचारियों के द्वारा अत्यंत भावनात्मक तरीके से मनाया गया।इस विदाई समारोह के दौरान, डॉ एस एस महापात्रा के विदाई भाषण ने सभी के दिलों को छू लिया। उन्होंने अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पितता और सेवा की भावना को व्यक्त किया। उनके अनुभवों और उनके उत्तम दृष्टिकोण के माध्यम से, वे छात्रों और शिक्षकों के जीवन में अद्वितीय प्रभाव डालने में सफल हुए।



आज विदाई के दिन, सभी कर्मचारियों ने इनको याद किया और उनके साथ बिताए गए समय की महत्ता पर प्रकाश डाला । समारोह में, सबों ने अपने-अपने भावनाओं को व्यक्त किया और डायरेक्टर सर के प्रति आभार व्यक्त किया।विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पी शैलजा जयकुमार ने भी इस अवसर पर एक भावपूर्ण भाषण दिया और उन्होंने निदेशक महोदय के समर्पण और संघर्ष की महत्ता का वर्णन किया। उन्होंने भविष्य में शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्टता के लिए संकल्पित किए गए कार्यों के बारे में भी चर्चा की।

इस समारोह के माध्यम से स्कूल ने उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। प्राचार्या श्रीमती पी शैलजा जय कुमार ने कहा कि ÷यह एक प्रक्रिया है।हम इनके अनुभवों से सीखते रहेंगे ,इनके योगदान और समर्पण को कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा। उनके जीवन यात्रा के अगले चरण के लिए, हम सभी उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।इस अवसर पर सबों ने उन्हें अपने-अपने शब्द पुष्प चढ़ाए ।निदेशक महोदय के स्वागत में पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा।तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया।विद्यालय परिवार ने गुलदस्ता और मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया।शिक्षकों ने गीत और गानों के माध्यम से भी अपनी भावनाओं को उजागर किया। निदेशक डॉ एस एस महापात्रा ने कहा कि ÷ विद्यालय ने मुझे बहुत कुछ दिया है।मैं पूरे विद्यालय परिवार का आभारी हूँ।जिस तेजी से श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल नये मुकामों को हासिल कर रहा है,वह दिन दूर नहीं जब ये सर्वश्रेष्ठ स्कूल होगा।मेरा जीवन सदैव शिक्षा को समर्पित रहेगा।अपने कार्यों से मैं अच्छे इंसान तैयार सकूँ,ईश्वर इसके लिए मुझे शक्ति प्रदान करें। यह स्कूल और फले-फूले यही मेरी मंगल कामना है।सबों से विदा लेते समय मैं भावुक अवश्य हूँ परंतु सदैव इस स्कूल के लिए कार्य करता रहूँगा।÷

## बालू के अवैध कारोबारी अब नदियों का कर रहे हैं चीरहरण, मानव जीवन के लिए बज रही है खतरे की घन्टी

**गोमिया।** बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गुजरने वाली कई नदियों के अस्तित्व पर अब खतरा मंडराने लगा है। अवैध कारोबारियों के द्वारा नदियों से कर रहे बालू की बेतहाशा उत्खनन अब नदियों के लिए अभिशाप बनते जा रहा है। पशु-पक्षियों एवं मानव जीवन के लिए यह एक बहुत बड़ी खतरे की घन्टी है। अवैध कारोबारियों के द्वारा बालू तस्करी को लेकर नदी का दोहन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

बालू के अवैध कारोबारी, नदियों से ऐसे अवैध तरीकें से बालू का उठाव करते हैं, जैसे मानो वें नदियों का चीरहरण कर रहे हैं। और चीरहरण भी ऐसा कि नदी अब बालू विहीन होते जा रहा है,तो वहीं कई नदी अपने अस्तित्व खोकर नालों में तब्दील होते जा रहा है। बालू के अवैध उत्खनन के कारण नदी में मिट्टी का जमाव होते जा रहा है। कई जगह तो नदी में खर-पतवार उगे हुए मिट्टी के टीले नजर आने लगे हैं।यह एक चिंतनीय विषय है। नदियां अपने अस्तित्व को बचाने के लिए अवैध कारोबारियों से दया की भीख मांग रही है। अवैध बालू कारोबारियों के विरुद्ध पदाधिकारी समय-समय पर छापेमारी भी करते हैं। कभी कभार अधिकारी अवैध बालू लदे हुए ट्रैक्टरों को पकड़कर नजदीकी थाने ले जाती है, और उसपर कार्यवाही भी करती हैं, इसके बावजूद भी, अवैध कारोबारी नदियों से बालू का उठाव धड़ल्ले से करते रहते हैं। वैसे अगर प्रशासन चाहे तो सड़क किनारे दुकान व मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर इसका खुलासा कर सकते हैं।



इस संबंध में कई ग्रामीणों ने बताया कि अगर नदी के दोहन को नहीं रोका गया, तो आने वाले कुछ वर्षों में पानी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। अवैध कारोबारी अपने निजी लाभ को लेकर सैकड़ो लोगो के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, जो आने वाले समय मे खतरे की घंटी दिखाई पड़ रही है। समय रहते नदी से बालू के अवैध उत्खनन को रोकी नही गयी तो आने वाले समय मे क्षेत्र के नदियों को हमे इतिहास के पन्नों में ही देखने को मिलेगा।

वहीं प्रशासन की माने तो किसी भी सूरत में बालू का अवैध उत्खनन नही होने दिया जायेगा। सूचना मिलने पर अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### क्षेत्र के इन नदियों में रात के अंधेरे से लेकर अहले सुबह तक होता है बालू का अवैध उत्खनन

1-- बोकारो नदी के होसिर-साड़म स्थित कई बालू घाटो से,

2--चतरोचट्टी स्थित केकई नदी बालू घाट से,

3--दामोदर नदी बालू घाट से,

4--कोनार नदी बालू घाट से

# विवेकानंद विद्या मंदिर कुन्दरी में बढ़ते तापमान पर की अनोखी शुरुआत




बढ़ते तापमान और प्रकृति के प्रकोप को बढ़ते देखकर झारखंड सरकार के द्वारा सुरक्षा हेतु सभी विद्यालयों को बंद करने का आदेश दे दिया गया है। जिसके तहत कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा आठवीं तक के क्लास पूर्णता बंद रहेंगे एवं उसके बाद के क्लास सरकार के द्वारा तय मापदण्डों के अनुसार चालू रहेगा। विवेकानंद विद्या मंदिर, कुन्दरी के द्वारा एक अनोखी शुरुआत की गई है, सरकार के आदेश के पश्चात आज विद्यालय में उपस्थित सभी छात्रों को होमवर्क दिया गया कि सभी छात्र अपने घरों में लू - धूप इत्यादि से बचेंगे, घर में रहेंगे एवं इस दौरान हमारे धरती का तापमान क्यों बढ़ रहा है इसका कारण क्या है हम इसे कैसे रोक सकते हैं, हम सबो का दायित्व क्या है, इसे एक चार्ट पेपर में अभिभावकों की मदद सभी लोग बनाएंगे और समझने का प्रयास करेंगे कि हम सृष्टि को बचाने के लिए असमय बदलते मौसम के लिए हमारा योगदान क्या हो सकता है। आज पूरा विश्व इस बात से चिंतित हैं कि मौसम में बेतहाशा बदलाव आने वाले कल के खतरे की निशानी है, सृष्टि विनाश की ओर धीरे धीरे बढ़ रही है, इसे संभालने का दायित्व सरकार ही हम सभी का भी है। इसलिए आने वाले कल अर्थात नौनिहालों को भी प्रकृति संरक्षण के लिए जागरूक करना अनिवार्य है। बताते चले कि विवेकानंद विद्या मंदिर कुन्दरी शिक्षा के क्षेत्र में अलग पहचान बना रही है, और साथ ही यहां अध्ययन कर रहे छात्रों को निःशुल्क कॉपी, किताब, बैग, ड्रेस, स्मार्ट क्लास इत्यादि उपलब्ध कराया जाता है। शिक्षा के व्यापारीकरण के विरुद्ध यह विद्यालय पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति के लिए भी प्रयासरत है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शुभम ठाकुर, शिक्षिका श्रेया, अदिति, बबिता, निक्की सहित छात्र उपस्थित रहें।

# झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट में चौपारण के सौरव को मिला तीसरा स्थान, इलेक्शन चीफ ने किया समान्नित

चन्दन कुमार

**चौपारण** - प्रखण्ड के यवनपुर पंचायत के ग्राम चक्रसार निवासी सौरव सिंह पिता सकलदेव सिंह ने झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट में बाजी मार कर क्षेत्र का नाम रौशन किया। उन्हें झारखंड मतदान जागरूकता प्रतियोगिता में रिल्स कैटेगरी में ऑल ऑवर झारखंड में तीसरा स्थान हासिल हुआ। इन्होंने मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता के तहत रिल्स बनाकर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रतियोगिता के लिंक में सबमिट किया था। सोमवार को झारखंड निर्वाचन सदन स्तिथ सभागार ,राँची में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार , डॉ नेहा अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों ने सौरव सिंह को तय राशि के अलावे शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर समान्नित किया। बतादें कि मतदाता जागरूकता को लेकर बनाए गए रिल्स को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज निशाचर 2.0 में भी अपलोड किया था। जो खूब वायरल भी हुआ था।



### एक मिनट के रिल्स में मतदाताओं को दिया कई सन्देश

एक मिनट के वायरल रिल्स में लोकतन्त्र में मतदान का अधिकार सबसे बड़ा अधिकार और वोटर आईडी को गणतंत्र का सबसे बड़ा भेंट को दर्शाया। साथ ही एक आदर्श वोटर्स का वर्णन तीन शब्दों में जागरूक , निष्पक्ष और देशप्रेमी के तौर पर प्रदर्शित करने का भरसक प्रयास किया। साथ ही रिल्स के माध्यम से यह भी बतलाने का कोशिश किया कि मतदाताओ को मदिरा के बजाए मेनिफेस्टो को पढ़कर मतदान करना हमारा पहला कर्तब्य होना चाहिए।

गौरतलब हो कि झारखंड वोटर अवेयरनेस प्रतियोगिता ऑनलाइन हुआ था। जिसमें प्रतिभागियों को अपने कंटेंट को ऑनलाइन ही सबमिट करना था। झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट चार कैटेगरी में बंटा था। इसमें शार्ट फिल्म कैटेगरी, म्यूजिक वीडियो कैटेगरी, रील्स कैटेगरी और पोस्टर कैटेगरी शामिल था । उपरोक्त चार कैटेगरी अलग-अलग सब कैटेगरी में विभक्त था। इन सभी कैटेगरी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के साथ स्पेशल मेंशन के कुल 41 विजयी प्रतिभागियो के बीच पुरस्कार का वितरण सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, डॉ नेहा अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों के हाथों किया गया। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों की रचनात्मकता से मतदाताओं में जागरूकता आयेगी। साथ ही वोटिंग प्रतिशत भी बढ़ेगी।

# लायंस विशाल ने चलाया गढ़वा में मतदाता जागरूकता अभियान




लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष ला0 डॉ कमलेश के अध्यक्षता में गढ़वा शहर के विभिन्न स्थानों पर निकाला गया मतदाता जागरूकता अभियान और डॉ कमलेश ने कहा पहले करें मतदान फिर करें जल पान क्योंकि मजबूत भारत निर्माण के लिए एक एक वोट किमती है इसलिए लोकतंत्र के महा पर्व में 13 मई को पलामू लोकसभा चुनाव में आप सभी लोग अपने अपने घरों से निकलाये और अपना मतदान किजिए और अपने घर परिवार गांव मुहल्ले के लोगों को भी जागरूक किजिए ताकि हमारे गढ़वा जिले में हो शत् प्रतिशत मतदान तभी तो हम गर्व से कहेंगे मेरा भारत महान तो आइये हम सभी मिलकर लायंस विशाल के मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़कर जन जन तक पहुंचाये जागरुकता अभियान, इस जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से शामिल थे डॉ अरसद अंसारी डॉ एस के विश्वकर्मा, नन्दलाल प्रसाद, देवानंद शर्मा, गिरिश कमलापुरी , एवम् गढ़वा के आम नागरिक गण

# सहायक पुलिसकर्मी का लापता हुए 24 दिन बाद भी नहीं मिला कोई सुराग,प्राथमिकी दर्ज

**बालूमाथ** ।बालूमाथ थाना क्षेत्र के राजगुरु ग्राम निवासी सहायक पुलिस जयराम कुमार का लापता हुए 24 दिन बीत जाने के बाद भी बालूमाथ पुलिस इसका पता लगाने में विफल साबित हुई है ।हालांकि बालूमाथ पुलिस ने लापता के 17 दिन बाद प्राथमिक की दर्ज की है ।जयराम कुमार के भाई श्रीराम कुमार के दिए आवेदन के आधार पर महिला मित्र कंचन पाठक उसके पति रोशन पाठक,आर्यवर्त पाठक पिता रोशन पाठक एवं पुष्पेंद्र मिश्रा पिता कृष्णा मिश्रा पर प्राथमिक की दर्ज कराई है ।परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि बालूमाथ पुलिस सहायक पुलिसकर्मी को खोजने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है




।वही तैलिक साहू समाज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जयराम कुमार के लापता हुए 24 दिन गुजर गए हैं ।लेकिन पुलिस इसका उद्भेदन नहीं कर पा रही है ।विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद,बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो,पूर्व विधायक निर्मला देवी,लातेहार विधायक बैजनाथ राम,सिमरिया विधायक किशुन दास ने भी बालूमाथ पुलिस से इस मामले का उद्भेदन करने को कहा था ।बावजूद पुलिस अभी तक जयराम को खोज पाने में पुलिस विफल साबित हुए ।तैलिक साहू समाज ने कहा कि अगर शिघ्र जयराम कुमार को बालूमाथ पुलिस नहीं पता लगती है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा । ज्ञात हो की बीते आठ. अप्रैल को सहायक पुलिस अपने घर राजगुरु से बालूमाथ थाना ड्यूटी करने की बात कह कर आया था । और वह अपना महिला मित्र कंचन मिश्रा के घर चला गया था ।जहां से वह गायब है ।कंचन मिश्रा के घर के अगल-बगल खून के धब्बे भी मिले थे ।जिससे परिजन किसी अनहोनी घटना को लेकर परिजन शशांकित है ।परिजनों ने बताया कि 26 अप्रैल को जयराम की शादी होनी थी एवं शादी की सारी तैयारी पूरी कर ली गई थी ।

# प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीसी-एसपी ने की बैठक




**मेदिनीनगर पलामू** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित मेदिनीनगर के दौरे को लेकर मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की।समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में डीसी ने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपें।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दौरे पर आने वाले लोगों को कैसे नियंत्रित करना है,सुरक्षा के दृष्टिकोण से कहां-कहां बैरेकेडिंग होने है इसका आकलन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को स्टेज के साइज का आकलन करने व प्रोटोकॉल व नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर निर्देशित किया।इसी तरह स्थल के चारों ओर व विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट का डेप्लॉयमेंट करने को लेकर सदर एसडीओ को जिम्मेदारी दी गयी।इसी क्रम में प्रॉक्सिमिटी पास,वर्क फोर्स पास व प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट व पुलिस पास को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन को निर्देशित किया गया।सिविल सर्जन को दो हॉस्पिटल को स्टैंड बाई मोड पर रखने व एडवांस्ड लाइफ़ सपोर्ट युक्त एंबुलेंस भी रखने पर बल दिया गया।इसी तरह उन्होंने फ़ूड सेफ्टी ऑफिसर,फायर ऑफिसर को भी उनके क्षेत्र से संबंधित कई टास्क सौंपे गये।वहीं बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान अलर्ट पर रहने को लेकर निर्देशित किया गया।मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# आधी आबादी पूरा वोट, एनडीए सरकार चार सौ पार- लवली गुप्ता



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा सह पूर्व जिला परिषद सदस्य लवली गुप्ता ने पांकी विधानसभा सहित चतरा लोकसभा के कई गांव का भ्रमण करते हुए मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बहनों का विश्वास मोदी जी के साथ है ।अब वक्त बदल चुका है अब महिलाएं किसी के कहने पर वोट नहीं डालती, वह अपना वोट बेचती भी नहीं है। 2019 में महिलाओ ने 46त्र अपना मत भाजपा को दिया था। भाजपा सरकार ने देश की आधी आबादी नारी शक्ति पर अपना विश्वास जताया है महिला शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए, उन्हें सशक्त करने के लिए केंद्र की कई योजनाएं ऐसी है जो महिला सशक्तिकरण की ओर एक मजबूत कदम है। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,स्वच्छ भारत अभियान, जनधन योजना यह सारी योजनाएं महिलाओं के हित में है ।अगर आवास योजना की बात किया जाए तो 70त्र आवास योजना महिलाओं के नाम पर है। उज्वला योजना के माध्यम से दस करोड महिलाओं को फ्री में सिलेंडर मिला है।दस करोड़ से ज्यादा महिलाओं को स्वच्छता अभियान के माध्यम से शौचालय मिला है। जनधन खाता के माध्यम से पचास करोड़ से अधिक महिलाओं के नाम से खाते खुले हैं। दस वर्षों में महिलाओं की स्थितियों में काफी सुधार हुआ है ।पहले महिलाओं का आधा समय पानी के जुगाड़ और लकड़ी के चूल्हे में खाना बनाने में ही गुजर जाता था। दस करोड़ से ज्यादा महिलाए स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी है। जहां विपक्ष नारी शक्ति को खत्म करना चाहती है वहीं मोदी जी का नारा है नारी तू नारायणी। आज महिलाओं का मोदी जी के प्रति विश्वास बढ़ा है और महिलाओं के दम पर ही भाजपा का जो नारा है- अबकी बार चार सौ पार ,वह पूरा होने वाला है।

# पीपरा पुलिस ने 46 बछड़ा को बरामद किया

### पशु व्यापारी ने पुलिस पर बछड़ा छीनने का लगाया आरोप, न्याय का लगाया गुहार



**पिपरा** पुलिस ने रविवार की रात भीतिहा मोड़ के समीप से तस्करी कर ले जाया जा रहे 46 बछड़ा को बरामद किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि पशु तस्करों द्वारा बछड़ा को ले जाने की सूचना मिली थी। इस पर एसआई नकुल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने कार्रवाई करते हुए भीतिहा मोड़ से बछड़ों को बरामद किया। हालांकि तस्कर पुलिस को देख भाग गए। इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गयी है। वही जप्त बछड़ों को मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों को जिम्मेनामा पर दे दिया गया है। उधर धुसरुआ गांव निवासी गुड्डू कुमार यादव ने पुलिस पर जबरन पशु छीन कर ले जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके साथ नंदकेसर यादव, भीखन उरांव तथा राजेश्वर यादव एक साथ मिलकर पशु का व्यापार करते हैं। ये सारे पशु बिहार के कैमूर जिला के चैनपुर थाना अंतर्गत सिरसी पशु मेला से बछड़ा को खरीद कर लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के सलनी बाजार बेचने ले जा रहे थे। तभी पुलिस बछड़ों के खरीदी कागजात को मारपीट कर छीन लिया तथा बछड़ा को जबरन थाना ले गयी।उक्त व्यापारियों ने न्याय की गुहार लगायी है। इस संबंध में थाना प्रभारी से पूछे जाने पर कहा कि लगाए गए सारे आरोप को गलत बताया है।

# पलामू लोकसभा प्रत्याशी बी डी राम के जीत के लिये आजसू पार्टी के नेतृत्वकारी साथियो ने रणनीति पर चर्चा की : सतीश कुमार



पलामू लोकसभा व चतरा लोकसभा में एन डी ए प्रत्याशी की जीत के लिए आज आजसू पार्टी के लोक सभा प्रभारी सतीश कुमार के आवासीय कार्यालय में नेतृत्वकारी साथियो की बैठक की गयी।बैठक में सतीश कुमार ने कहा कि पलामू लोकसभा में एनडीए प्रत्याशी बी डी राम को अब तक के सभी चुनाव से रिकार्ड मतों से जीत हासिल करने के लिए सभी प्रखंड प्रभारी प्रखंड अध्यक्ष सभी पंचायत समिति ग्राम समिति व चुल्हा प्रमुख हर घर में जाकर केन्द्र सरकार के जन उपयोगी योजना को बताना है। इन्डिया गठबन्धन के झुठ फरेब लुट भ्रष्टाचार को जनता को अवगत कराने है।

केन्द्रीय सचिव इम्तियाज अहमद नजमी ने कहा कि हम झारखण्ड के 14 लोक सभा में भारी अन्तराल से जीत दर्ज कराने की तैयारी है। बिकेश शुक्ला केन्द्रीय सचिव ने कहा कि इन्डिया गठबन्धन मे आपस मे ही एकजुटता नही है। हमारी गठबन्धन को इसका भरपूर फायदा मिलने जा रहा है। बिजय मेहता केन्द्रीय सचिव ने कहा कि हमारी गठबन्धन को फुल और फल पर जनता का भरपूर साथ देगी भाजपा भारी मतों से जीत हासिल करेगी। बबलू गुप्ता ने कहा कि पलामू लोकसभा में गरीब मजदूर किसान छात्र नौजवान महिलाओं को व सभी वर्गों के लिए केन्द्र सरकार के योजनाओं को प्रचारित करने है।



# द कराटे एकेडमी के साक्षी वर्मा और विकाश कुमार को ब्लैक बेल्ट की डिग्री देकर सम्मानित किए - डॉ प्रवीण सिद्धार्थ

डालटनगंज शहर के रेड़मा पांकी रोड स्थित द कराटे एकेडमी में बेल्ट ग्रेडिंग समारोह में मुख्य अतिथि के रूप ऑर्थो स्पेशलिस्ट डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ उपस्थित होकर खिलाड़ियों को बेल्ट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि इन बच्चों ने कराटे को सिर्फ अपना जुनून ही नहीं बनाया बल्कि इसे अपने जीवन जीने के तरीके के रूप में भी अपनाया है जो कि आज कल की युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है। इन बच्चों के प्रतिभा को देख कर हमें दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर कर दिया जैसे कि इन्होंने अनेकों कराटे कॉम्पिटिशन ( स्टेट लेवल/नैशनल लेवल )जीत कर किया। द कराटे एकेडमी बच्चों में इस जरूरी गुण को बढ़ावा देने का काम कर रही है इसके लिए ये बहुत ही बधाई के पात्र हैं। वही मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ अमित ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा द कराटे एकेडमी के खिलाड़ी बहुत ही होनहार है आप निरंतर इसी प्रकार मेहनत करते रहे हम सदैव आपके साथ। मौके पर द कराटे एकेडमी के संचालक सुमित बर्मन समेत एकेडमी के कई खिलाड़ी भी मौजूद रहे ।

# केबिएसएस +2 उच्च विद्यालय चौपारण के 96 प्रतिशत बच्चे इंटर में सफल

**चौपारण** - मंगलवार को लंबे इंतेजार के बाद इंटर के तीनों संकायों आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस का परीक्षाफल जैक द्वारा घोषित कर दिया गया। जिसमें प्रखण्ड के सभी टेन +2 और इंटर कॉलेज का रिजल्ट काफी शानदार रहा। जिसमें केबिएसएस +2 उच्च विद्यालय चौपारण के तीनों संकायों के कुल 983 नामांकन में 944 बच्चे यानि कि 96 त्र बच्चे सफल रहे। केबीएस एस चौपारण से इंटर कला में 772, विज्ञान में 174 और वणिज्य में 37 बच्चों ने परीक्षा दिया था।जिसमे प्रथम श्रेणी से तीनो संकायों में क्रमशः 254, 119, 021, द्वितीय श्रेणी से क्रमशः 477 , 035 , 008 और तृतीय श्रेणी से क्रमशः 018 ,000 , 000 ने पास की। इंटर कला में प्रिया कुमारी 433/86.6त्रअंक लाकर टॉपर रही, वहीं खुशबु 416/83.2त्र, सतीश 411/82.2त्र,वर्षा 393/78.6त्र, अनुपा 389/77.8त्र क्रमशः सेकेंड थर्ड टॉपर रहे।

# बालूमाथ प्रखंड के 12 बच्चों ने सभी संकाय में जिला टॉप 10 बनाई अपनी जगह

**बालूमाथ** । बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बच्चों ने इस बार झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट की परीक्षा में 12 बच्चों ने जिला टॉप में अपना परचम लहराया है ।बालूमाथ गवर्नमेंट इंटर कॉलेज के 11 छात्र एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की एक छात्रा ने जिला टॉप 10 में अपना स्थान बनाने में सफलता पाया है ।इंटर सायंस की परीक्षा में नितेश कुमार पिता अजय यादव 87.60? प्रतिशत लाकर जिला में प्रथम स्थान लाया है ।वहीं जिला में



तीसरा प्रखंड में दूसरा स्थान पर निखिल कुमार पिता राजेश कुमार साहू 86.60?वही जिला में पांचवें और प्रखंड में तीसरा स्थान पर आदर्श कुमार सिंह पिता संजय कुमार सिंह ने 86.00त्र,वैभव कुमार पिता राजेंद्र यादव 85.60?जिला में छठा प्रखंड में चौथा,वहीं जिला में सातवें प्रखंड में पांचवा स्थान पर मो. फरीद हुसैन पिता मुबारक हुसैन ने 85.40त्र लाकर बालूमाथ एवं जिला का नाम रोशन किया है ।वही कॉमर्स में पलक कुमारी पिता प्रेम कुमार शुक्ला ने 84.60त्र लाकर प्रखंड में टॉपर एवं जिला में तृतीय स्थान प्राप्त की है ।जबकि बरखा कुमारी पिता पप्पू ठाकुर 81.80त्र लाकर प्रखंड में द्वितीय स्थान एवं पूरे जिले में चौथा स्थान प्राप्त की है,वही नमिता कुमारी पिता मुनेश्वर उरांव ने 81.40त्र जिला में पांचवा एवं प्रखंड में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, वही आर्ट्स की परीक्षा में चिंकी कुमारी पिता पंकज कुमार ने 85.60त्र लाकर प्रखंड टॉपर एवं जिला में तृतीय स्थान,वहीं राशि कुमारी पिता राजेंद्र यादव 82.40त्र लाकर प्रखंड में द्वितीय स्थान एवं जिले में आठवां स्थान वही सानिया प्रवीण पिता अजमल हुसैन एवं सुषमा कुमारी पिता संतोष यादव दोनों ने 82त्र अंक लाकर प्रखंड में तीसरा स्थान एवं जिला में नौवा स्थान प्राप्त किया है । वही सभी विद्यार्थियों की सफलता पर बालूमाथ राजकीय कृत उच्च विद्यालय की प्रधानाचार्य रूबी बानो,शिक्षक निर्मल सिन्हा,पंकज सिंह,अनिल कुजूर,कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय की वार्डन शिखा कुमारी समेत कई लोगो ने बधाई दिया है ।

# टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे रोहित, पांड्या होंगे उपकप्तान



**मुम्बई (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने एक जून से वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए की 15 सदस्यीय घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा टीम की अगुवाई करते हुए नजर आएंगे जबकि हार्दिक पांड्या को उप-कप्तान बनाया गया है। भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 05 जून 2024 को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। इसके बाद 09 जून 2024 को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबला होगा।

टीम में विराट कोहली के साथ यशस्वी जायसवाल को जगह मिली है। सूर्यकुमार यादव की भी टीम में वापसी हुई है। इसी के साथ ही विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत और संजू सैमसन दोनों को टीम में शामिल किया गया है। ऑलराउंडर के रूप में शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल नजर आएंगे।

गेंदबाजों में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल की जोड़ी एक बार फिर मैदान पर दिखाई देगी जबकि प्रभावी अर्शदीप सिंह को मौका दिया गया है। तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज भी नजर आएंगे। टीम में मोहम्मद शमी को जगह नहीं मिली है क्योंकि वह रिकवरी पर है। इसके अलावा शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान को रिजर्व के तौर पर रखा गया है।

### टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**रिजर्व :** शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान

### टी20 विश्व कप 2024 में भारत का शेड्यूल

05 जून : भारत बनाम आयरलैंड, नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क

09 जून : भारत बनाम पाकिस्तान, नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क

12 जून : यूएसए बनाम भारत, नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क

15 जून : भारत बनाम कनाडा, सेंट्रल ब्रोवार्ड पार्क एंड ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, लॉडरहिल

# मैड्रिड ओपन : नडाल ने कड़े मुकाबले में केचिन को हराया, स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**मैड्रिड (एजेंसी)।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में तीन घंटे से अधिक चले कड़े मुकाबले में पेड्रो केचिन को तीन सेट में शिकस्त दी। नडाल ने दुनिया के 91वें नंबर के खिलाड़ी केचिन को पुरुष एकल मुकाबले में 6-1, 6-7, 6-3 से हराया। पांच बार के चैंपियन नडाल ने इस जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल अगले दौर में 31वें नंबर के खिलाड़ी जिरी लेहेका से भिड़ेंगे। शीर्ष वरीय यानिक सिनर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाने के बावजूद पावेल कोतोव को 6-2, 7-5 से हराने में सफल रहे। वह प्री क्वार्टर फाइनल में 16वें वरीय कारेन खचानोव से भिड़ेंगे। तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव हार से सिर्फ दो अंक दूर थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए सबेस्टियन कोर्डा को 5-7, 7-6, 6-3 से हरा दिया जबकि पांचवें वरीय कास्पर रूड ने कैमरन नोरी को 6-2, 6-4 से हराया। महिला एकल में मेडिसन कीज ने कोको गॉफ को 7-6, 4-6, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वह अगले दौर में ओन्स जेब्यूर से भिड़ेंगी जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को 6-0, 6-4 से शिकस्त दी। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सारा सोरिबेस टोर्मो को एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-0 से हराकर मैड्रिड में पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। अगले दौर में स्वियातेक की भिड़ंत 11वीं वरीय बीट्रिज हदाद माइया से होगी जिन्होंने पांचवीं वरीय मारिया सकारी को 6-4, 6-4 से हराया।

# इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की, आर्चर की वापसी, दो नए चहेरे भी शामिल

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने जून में वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम की घोषणा कर दी है। जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को भी शामिल किया गया है।

आर्चर अपनी दाहिनी कोहनी की चोट से उबरने के बाद एक साल में पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। 2021 के बाद से उन्हें कई चोटों का सामना करना पड़ा है, जिसमें तनाव फ्रैक्चर और बार-बार कोहनी की समस्याओं से लेकर सर्जरी से गुजरना शामिल है। 29 वर्षीय तेज गेंदबाज की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आखिरी उपस्थिति एक साल पहले मार्च 2023 में इंग्लैंड के बांग्लादेश दौरे पर हुई थी।

बाएं हाथ के स्पिनिंग ऑलराउंडर टॉम हार्टले एकमात्र अनकैप्ड खिलाड़ी हैं जिन्होंने बल्लेबाज विल जैक आईसीसी विश्व टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया। सभी टीमों को 25 मई तक अपने दस्तों में बदलाव करने की अनुमति है जिसके बाद किसी भी बदलाव के लिए आईसीसी की इवेंट तकनीकी समिति से अनुमोदन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा यह टीम अगले महीने लीड्स में चार मैचों की टी20 सीरीज में पाकिस्तान से भी भिड़ेगी।

इंग्लैंड क्रिकेट ने कहा कि चयनित खिलाड़ी जो वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेल रहे हैं, पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के लिए समय पर लौट आएंगे, जो 22 मई को हेडिंग्ले में शुरू हो रही है। विश्व कप टीम 4 जून को केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस में स्कॉटलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के शुरुआती ग्रुप मैच से पहले 31 मई को कैरेबियन के लिए उड़ान भरेगी।

टी20 विश्व कप और पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की प्रारंभिक टीम

जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन , आदिल रशीद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, और मार्क वुड.

# पंजाब पर जीत के इरादे से उतरेगी सीएसके



**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। सीएसके की टीम ने अपने पिछले मुकाबले में यहां लखनऊ सुपरजाइंट्स को हराया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज लय में हैं जिससे वह अपनी जीत का सिलसिला बनाये रखना चाहेगी। इस मैच में सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अलावा शिवम दुबे, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र पर रहेगी। रविन्द्र अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं और उनका लक्ष्य इस मैच में जमकर रन बनाना रहेगा। वहीं गेंदबाजी की कमान मुस्ताफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना आदि पर रहेगी। उसे पंजाब के निचले क्रम के बल्लेबाजों आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह पर अंकुश लगाना होगा क्योंकि ये दोनो ही आक्रामक बल्लेबाजी कर टीम को जीत दिला देते हैं।

सुपरजाइंट्स के खिलाफ कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 98 रनों की शानदार पारी खेली थी जबकि गेंदबाजी में तुषार देशपांडे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार विकेट लिए थे। यहां की पिच गेंदबाजों के लिए सहायक रहती है जिसका लाभ भी सीएसके के गेंदबाज उठाना चाहेंगे। यहां ओस नहीं पड़े तो फिर दूसरी पारी में रन बनाना कठिन होता है। ऐसे में टॉस की अहम भूमिका रहेगी और पहले गेंदबाजी करने वाली टीम लाभ में रहेगी हालांकि ओस गिरने पर हालात बदल जाते हैं।

इस मैदान पर सीएसके ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 200 से अधिक रन बनाये थे। इससके बाद उसने अच्छी गेंदबाजी कर सनराइजर्स को हराया था। ऐसे में पंजाब के लिए चेपॉक पर खेलना आसान नहीं रहेगा। पंजाब ने हालांकि इस सत्र में एक बार लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे अधिक रन बनाये हैं जिससे टीम का मनोबल बढ़ा है और वह जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। पंजाब की बात करें तो टीम की बल्लेबाजी जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह के अलावा शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा पर आधारित रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान सैम कुरेन, कागिसो रबादा जैसे खिलाड़ियों के पास रहेगी।

### टीम

**चेन्नई सुपरकिंग्स-** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेल्ली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हांगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्ताफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महीश तीक्षणा और समीर रिज्वी।


**पंजाब किंग्स-** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

# अकरम की तरह तेजी से ओवर पूरा करते हैं जडेजा : सिद्धू




चेन्नई । पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने नवजोत सिंह सिद्धू अपने बड़बोलेपन के लिए जाने जाते हैं। अब सिद्धू ने ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की तुलना पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर वसीम अकरम से की है। सिद्धू ने ये बात जडेजा के तेजी से ओवर पूरे करने को लेकर कही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अकरम जल्दी से ओवर पूरा किया करते थे, वैसे ही जडेजा भी तेजी से ओवर पूरा करते हैं। सिद्धू ने कहा जब ओवर पूरा करने की बात आती है तो जडेजा अकरम की तरह तेजी से गेंदबाजी करते हैं। इससे बल्लेबाजों पर दबाव बना रहता है क्योंकि उन्हें आराम का कोई अवसर नहीं मिलता। इसके अलावा सिद्धू ने बल्लेबाज शाहरुख खान को लेकर कहा कि वह प्रतिभाशाली है और पाक के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी की तरह गेंद पर प्रहार करता है लेकिन उसे अपना विकेट बचाकर खेलना होगा और प्रदर्शन में निरंतरता दिखानी होगी।

# श्रेयस अय्यर के आईपीएल में 3 हजार रन पूरे, इस लिस्ट में पाया 5वां स्थान



कोलकाता (पश्चिम बंगाल) । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 3,000 रन पूरे कर लिए। भारतीय बल्लेबाज ने ईडन गार्डन्स के मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। अय्यर ने 23 गेंदों में 3 चौकों और 1 छक्के की मदद से 33 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। अय्यर अब तक 110 मैचों में 32.20 की औसत और 126.28 की स्ट्राइक रेट से 20 अर्धशतक के साथ 3,027 रन बना चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 96 है। अय्यर ने पहली बार 2015-2021 तक दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया और 2022 में नाइट्स में शामिल हुए। दिल्ली के लिए 87 मैचों में अय्यर ने 31.75 की औसत और 123.96 की स्ट्राइक रेट से 16 अर्धशतकों के साथ 2,375 रन बनाए हैं। कैपिटल्स के लिए उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 96 रन था। केकेआर के लिए अय्यर ने 23 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 34.52 की औसत और 135.55 की स्ट्राइक रेट से 4 अर्धशतकों के साथ 652 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 85 रहा है।

# किसी खास शैली की नकल न करें पाक खिलाड़ी : गिलेस्पी



**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नये टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी ने टीम के खिलाड़ियों से कहा है कि वे अपनी शैली में बदलाव न करते हुए अपना स्वाभाविक खेल ही खेलें। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर रहे गिलेस्पी के अनुसार किसी खास शैली की नकल उन्हें भारी पड़ सकती है। कोच के अनुसार वह चाहते हैं कि उनके प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने तरीके से ही खेलें। साथ ही कहा कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रवैया रखना होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गिलेस्पी को अगले दो साल के लिए टीम को कोच बनाया है।

वहीं सीमित ओवरों के लिए कोच की कमान दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज रहे गैरी कर्स्टन को दी गयी है। कर्स्टन के कोच रहते ही भारत ने साल 2011 में एकदिवसीय विश्व कप जीता था। गिलेस्पी ने कहा, 'मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो। मेरे लिए यही बात सबसे अहम है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने का प्रयास नहीं करना चाहिये जो आप नहीं हो।'

गिलेस्पी ने कहा, 'आप इसे कैसे करते हैं ये आपके ऊपर है। मैं केवल इतना कहूंगा कि सकारात्मक, आक्रामक, मनोरंजक बनें। चेहरे पर मुस्कान के साथ खेलें और प्रशंसकों का मनोरंजन करें।' गिलेस्पी ने कहा, 'एक ऐसा समय भी आएगा जब आपको कड़ी मेहनत करनी होगी और यही टेस्ट क्रिकेट है। यह आपके कौशल, मानसिक क्षमता और धैर्य की परीक्षा लेता है। इसमें ऐसा समय भी होता है जब आपको आक्रमण करना होता है और कभी कभी विरोधी टीम पर दबाव भी बनाना होता है।

कोच ने कहा कि पाक के पास कुशल खिलाड़ी हैं पर उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखनी होगी। उन्होंने कहा, 'अगर हम जितना संभव हो अपने प्रदर्शन में उतनी निरंतरता ला सकें तो उम्मीद है कि स्कोरबोर्ड पर रन होंगे तो भी हम कुछ जीत हासिल कर सकते हैं। मुझे पता है कि वे बहुत प्रतिभाशाली और कुशल खिलाड़ी हैं। खिलाड़ियों को यह तय करने की जरूरत है कि वे स्वयं को कैसे देखना चाहते हैं और हम ऐसा कैसे कर सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'टीम के पास जीत के लिए जरुरी सभी कुछ है। मैं बल्लेबाजी में प्रतिभाशाली और रोमांचक खिलाड़ियों को देखता हूं। उनमें से कई बहुत अच्छे स्ट्रोक खेलने वाले खिलाड़ी हैं। ये तकनीकी रूप से बहुत कुशल खिलाड़ी भी हैं।' उन्होंने कहा, ' टीम के पास ऐसे भी तेज गेंदबाज हैं जो तेज गति से गेंदबाजी करते हैं और गेंद को स्विंग कराते है। इसके अलावा ऐसे स्पिनर भी हैं जो गेंद को तेजी से स्पिन कराते हैं।'

# पृथ्वी की मुश्किलें बढ़ीं , सपना की याचिका पर सत्र अदालत ने भेजा समन



मुंबई । क्रिकेटर पृथ्वी शॉ की मुश्किलें बढ़ रही हैं। मुंबई की एक सत्र अदालत ने सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर सपना गिल की याचिका पर पृथ्वी को समन जारी किया। सपना ने अपनी इस याचिका में इस क्रिकेटर के खिलाफ एक मजिस्ट्रेट के आदेशों को चुनौती दी है। अंधेरी की एक मेट्रोपॉलिटन अदालत ने इस महीने की शुरुआत में सपना की याचिका पर उस घटना को लेकर पुलिस जांच का आदेश दिया था, जिसमें एक पब में कथित तौर पर उसके साथ छेड़छाड़ करने के लिए पृथ्वीके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। अदालत ने हालांकि सपना की एक अन्य याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें क्रिकेटर और उसके दोस्त के खिलाफ उनकी शिकायत पर मामला दर्ज करने में विफल रहने के लिए पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। दोनों आदेशों से असंतुष्ट नजर आयीं सपना ने इसके बाद मलाड की एक सत्र अदालत के समक्ष एक समीक्षा आवेदन दायर किया। वकील अली काशिफ खान के माध्यम से दायर इस समीक्षा आवेदन में दावा किया गया है कि 3 अप्रैल को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश अनियमित और अवैध है। इस मामले की अगली सुनवाई 6 जून को होगी।

# दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप टीम की घोषणा की, दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को मिली जगह

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में 1-29 जून तक खेले जाने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें एडेन मार्कराम टीम का नेतृत्व करेंगे। टी20आई कप्तान बनाए जाने के बाद यह मार्कराम का पहला विश्व कप होगा। टीम में अनुभवी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर और होनहार ट्रिस्टन स्टब्स शामिल हैं। इसके अलावा, टीम में दो अनकैप्ड टी20आई खिलाड़ी विकेटकीपर बल्लेबाज रयान रिकेलटन और तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन भी शामिल हैं। रिकेलटन एमआई केप टाउन के लिए 58.88 की औसत से 530 रन के साथ ॠ20 के दूसरे संस्करण के अग्रणी रन-स्कोरर के रूप में रहे जबकि बार्टमैन ने गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए आठ मैचों में 18 विकेट लिए और वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) दिल्ली कैपिटल्स के साथ हैं। कैगिसो रबाडा और एनरिक नॉर्टजे तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। उन्हें मार्को जेन्सन और गेराल्ड कोएत्ज़ी का समर्थन प्राप्त होगा। अन्य उल्लेखनीय चयनों में तीन फ्रंट-लाइन स्पिनर ब्योर्न फोर्टुइन, केशव महाराज और तबरेज़ शम्सी शामिल हैं। तेज गेंदबाजों में नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी को ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में शामिल किया गया है। मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, 'हाल ही में खेले गए टी20 क्रिकेट की मात्रा और जिस तरह का फॉर्म दिख रहा है, उसे देखते हुए इस समूह का चयन करना बेहद कठिन था। मैं दो अनकैप्ड खिलाड़ियों, रयान और ओटनील को उनके चयन पर बधाई देना चाहता हूं। हमने 2024 में अपने खिलाड़ियों का कुछ अविश्वसनीय प्रदर्शन देखा है और इससे मेरा काम वास्तव में बहुत कठिन हो गया। फिर भी मुझे गर्व और विश्वास है कि हमने सबसे मजबूत संभावित टीम का चयन किया है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वेस्ट इंडीज और यूएसए में सफलता की पूरी संभावना है।'

**टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम-** एडेन मार्कराम, ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्ज़ी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीज़ा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज़ शम्सी, और ट्रिस्टन स्टब्स।

# पीबीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी का कार्यक्रम आईसीसी के पास भेजा

## -भारत सहित सभी टीमों के मैच पाक में ही रखे गये

दुबई । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भारत सहित सभी टीम के मैच पाक में ही रखें है जबकि भारतीय टीम के वहां जाने की कोई संभावना नहीं हैं। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस टूर्नामेंट का कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को भी भेजा है। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि पूरे पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी पाक करेंगा और किसी भी टीम के मैच तटस्थ स्थल पर कराने की कोई योजना नहीं है। चैंपियंस ट्रॉफी के इस नौवें सत्र में शीर्ष 8 एकदिवसीय टीमें शामिल होंगी। इस टूर्नामेंट की शुरुआत फरवरी और मार्च 2025 में होगी। नकवी ने कहा कि पीसीबी ही इस पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी करना चाहता है। नकवी ने कहा कि, हम पाक में पूरी चैंपियंस ट्रॉफी चाहते हैं। इसी कारण हमने आईसीसी को कार्यक्रम भेज दिया है। जहां तक सुरक्षा की बात है आईसीसी की टीम ने पाक का दौरा किया था और वह हमारे सुरक्षा इंतजामों से संतुष्ट दिखी है। पीसीबी को उम्मीद है कि भारतीय टीम इसमें शामिल होगी। हालांकि उसकी उम्मीदें पूरी होने की कोई संभावना नहीं है। इसका कारण है कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से शायद ही पाक का दौरा करे। पिछले साल हुए पाक में हुए एशिया कप में भी भारतीय टीम शामिल नहीं हुई थी और उसके सभ मैच श्रीलंका में आयेजित किये गये थे। इस बार भी भारतीय टीम के पाक दौरे की कोई संभावना नहीं है। दूसरी ओर पीसीबी इस मामले में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) पर दबाव बनाना चाहता है।

# एआईएफएफ अध्यक्ष ने अतीत में गलत प्राथमिकताओं का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मंगलवार को कहा कि अतीत में केवल ओलंपिक और एशियाई खेलों में भाग लेने पर ध्यान केंद्रित करने की देश की गलत प्राथमिकता के कारण शायद मौका गंवाया गया और विश्व स्तर पर टीम लगभग निचले स्तर पर है।

भारत की फीफा रैंकिंग में इस समय गिरावट आ रही है जिसका कारण एशियाई कप में उसका एक भी मैच नहीं जीतना और उसके बाद 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में निचली रैंकिंग वाले अफगानिस्तान से 1-2 से हार है। भारत के पूर्व गोलकीपर चौबे ने 1974 एशियाई युवा चैंपियनशिप में भारत की जीत के 50 साल के जश्न के मौके पर कहा, ''1947 से 1960 तक भारत ने नियमित रूप से चार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया और एशिया की दिग्गज टीम थे। तो भारत कहां पीछे रह गया? 1990 के दशक की शुरुआत में भी, जब मैं खेला करता था तब मुझे याद है कि भारत की रैंकिंग 90 से नीचे थी।''

उन्होंने कहा, ''अगर भारत विश्व कप (1950) में खेलता तो उन्हें शीर्ष रैंकिंग वाले देशों का सामना करना पड़ता और वे पिछड़ते नहीं।'' विश्व कप 1950 में जगह बनाने के बावजूद भारत इसमें क्यों नहीं खेला यह एक विवादास्पद विषय रहा है लेकिन चौबे ने कहा कि उस समय भारत की प्राथमिकता दिल्ली में होने वाले एशियाई खेल (1951) थे जहां उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कहा, ''मुझे पता चला कि हम इसलिए नहीं खेले क्योंकि भारत 1951 में दिल्ली में एशियाई खेलों की मेजबानी कर रहा था। वे जहाज से तीन महीने की यात्रा नहीं करना चाहते थे और विश्व कप को महत्व नहीं दिया।''

चौबे ने कहा, ''हम शायद 1950-74 तक केवल एशियाई खेलों और ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करने के कारण चूक गए होंगे।'' उन्होंने दावा किया कि उन दिनों विश्व कप लोकप्रिय नहीं था और 1986 में डिएगो माराडोना को देखने के बाद ही भारत में फुटबॉल की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की लोकप्रियता बढ़ी। चौबे ने कहा, ''अगर मैं गलत नहीं हूं तो 1986 में टेलीविजन पर माराडोना को देखने के बाद ही विश्व कप लोकप्रिय हुआ। तब तक 1970 के दशक का सुनहरा दौर खत्म हो चुका था और हम मौके से चूक गए।'' उन्होंने कहा, ''यह 400 मीटर की दौड़ में पहला लैप चूकने जैसा है। हम शायद तेजी से दौड़ रहे हैं लेकिन 400 मीटर की दौड़ में बाकी लोग एक लैप (100 मीटर) आगे हैं।''

एआईएफएफ प्रमुख ने स्वीकार किया कि भारत को अन्य देशों से आगे निकलने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। चौबे ने कहा, ''इसलिए हमें इसकी भरपाई के लिए अतिरिक्त प्रयास करना होगा। कोई जादुई फॉर्मूला नहीं है। यह एक बड़ा देश है और इसमें सुधार की काफी गुंजाइश है।'' उन्होंने कहा कि जागरूकता और नई तकनीक को अपनाकर उम्र में हेराफेरी को रोकना महत्वपूर्ण है। चौबे ने कहा, ''सबसे पहले अधिक उम्र की समस्या से निपटना होगा। हमें उम्र में हेराफेरी को रोकना होगा, यह विज्ञान के माध्यम से या जागरूकता बढ़ाकर हो सकता है। हमें दूसरों को शिक्षित करना होगा। एक टीडब्ल्यू3 मेडिकल परीक्षण भी है जिसे अनिवार्य बनाया जा सकता है।



# हसी ने बताया रूतुराज की सफलता का राज

**चेन्नई ।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने टीम के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ की तारीफ करते हुए कहा है कि उसे पता है कि कब क्या करना है। हसी ने कहा कि रूतुराज गेंदबाजों से एक कदम आगे चलता है जिससे उसे पता चल जाता है कि किस गेंद को कैसे खेलना है। हसी ने कहा, '' मैं उससे पूछता रहता हूं कि उसके शानदार प्लेसमेंट का राज क्या है क्योंकि उसे हमेशा फील्डर के बीच में जगह मिल जाती है जिससे गेंद आसानी से सीमा रखा के पार निकल जाती है।'' कोच ने कहा, '' वह चालाक बल्लेबाज है। उसे पता है कि किस गेंद पर स्ट्रोक खेलना है और किस पर नहीं। वह स्पिन गेंदों के साथ ही तेज गेंदबाजी का सामना भी आसानी से करता है। इससे वह मैदान के चारों ओर तेजी से रन बनाता है।'' साथ ही कहा, '' वह हमेशा गेंदबाजों से एक कदम आगे रहता है। इसी कारण उसकी बल्लेबाजी देखने में आनंद आता है।

# जेबीकेएसएस समर्थित प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने भरा नामांकन पर्चा, समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

**▶▶ जयराम महतो ने हज़ारीबाग की जनता से किया आह्वान ▶▶ कहा झारखंड को बचाने के लिए वोट करें इस बार**

## समर्पित सेवा भाव से हज़ारीबाग की सेवा ही मेरा लक्ष्य - संजय मेहता



**हज़ारीबाग़** – लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हज़ारीबाग के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन करवाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को नामांकन करवाने वालो में एक बड़ा नाम जेबीकेएसएस समर्थित प्रत्याशी संजय मेहता का रहा। संजय मेहता के नामांकन कार्यक्रम की रैली मटवारी गांधी मैदान से निकली और हज़ारीबाग समाहरणालय स्थित निर्वाचन कार्यालय पहुंची। रैली में झारखंडी योद्धा जयराम महतो समेत हज़ारों की संख्या में झारखंडी क्रांतिकारी व समर्थक दिखें। इस बीच संजय अपना नामांकन पर्चा दाखिल किए। नामांकन के दौरान 40 डिग्री तापमान और चिलचिलाती धूप में हज़ारों समर्थकों ने यह संदेश दिया है कि हज़ारीबाग की जनता परिवर्तन के मूड में है। इस बार जनता उसे ही वोट करेगी जो झारखंडी मुद्दों की आवाज उठाता है। स्थानीयता, नियोजन, पुनर्वास, विस्थापन और सामाजिक न्याय की बात करता है। अपने समर्थकों के बीच संजय मेहता ने नामांकन पश्चात हज़ारीबाग लोकसभा के लिए विकास के नए कृतिमान गढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि समर्पित सेवा भाव से अपनी माटी का सेवा करना ही मेरा लक्ष्य है। जिस तरह पिछले 3 वर्षों से झारखंड बचाने के लिए हमलोगों ने जनता की आवाज बुलंद किया है। आगे भी सड़क से सदन तक झारखंडियत कि आवाज बुलंद करता रहूंगा।

# दुलू महतो ने हजारो समर्थक के साथ किया नामांकन

**झारखंड के सभी चौदह सीटों पर होगी एनडीए गठबंधन की जीत- भजन लाल शर्मा**

## झारखंड ही नही पूरे देश से अराजकता और गुंडागर्दी को यदि खत्म करना है तो भाजपा को लाए। बाबू लाल

**धनबाद /** भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ढुलू महतो ने रामराज्य मंदिर चिटाही मे पूजा-अर्चना कर पूरे काफिले के साथ मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया उसके बाद पूरे लाव लश्कर और गाजेबाजे के साथ हजारो कार्यकर्ता के साथ गोल्फ ग्राउंड की ओर बढ रहे थे जहॉ पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत जनसभा को संबोधित करना था नामांकन मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी उपस्थित थे सभा को संबोधित करते हुए बाबू लाल मरांडी ने कहा कि झारखंड ही नही पूरे देश से अराजकता और गुंडागर्दी को यदि खत्म करना है तो भाजपा को वोट देकर मोदी जी के हाथो को मजबूत करने का काम करे भाजपा की सरकार बनने से देश और राज्य का विकास होता है और विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडी गठबंधन वाले अपना और अपने परिवार का विकास करने का काम करते है मोदी जी गरीबो की चिन्ता करते है इसलिए इनके हाथो को मजबूत करे यही निवेदन करने आया हू ।

## झारखंड के सभी चौदह सीटों पर होगा एनडीए गठबंधन का कब्जा- भजन लाल

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे। धनबाद के रणधीर वर्मा स्टेडियम गोल्फ ग्राउंड में आयोजित भाजपा के जनसभा को संबोधित करने से पहले राणा प्रताप और विरसा मुण्डा को नमन किया और जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए आतंकी हमलों का जिक्र करते हुए पूर्व की कांग्रेस सरकार पर कई आरोप लगाए। इसके साथ ही उन्होंने मनमोहन सिंह सरकार को कंट्रोल करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 2014 के लोकसभा चुनाव में 25 सीट आए थे, 2019 में भी 25 हमने संगठन को दिया और इस बार 2024 मे भी 25 में से 25 सीट भाजपा को मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि धनबाद के युवाओं, महिलाओं और आम लोगों में जिस तरह का उत्साह दिख रहा है ।

# अनियंत्रित होकर कार गाड़ी पलटी नहर में बाल बाल बचे लोग



**हुसैनाबाद पलामू;** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला - नबीनगर नहर सड़क पर एकौनी गांव के समीप अनियंत्रित होकर कार नहर में चली गयी, बताया जा रहा है कि जपला की ओर से नबीनगर की तरफ जा रही कार की रफ्तार तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर नहर में जाकर पलट गई, हालांकि प्राप्त जानकारी के अनुसार कोई हताहत होने की सूचना नही है, हुसैनाबाद थाना क्षेत्र का मामला है।

# हुसैनाबाद नीव वर्तमान अध्यक्ष के अर्थक प्रयास से ट्रांसफार्मर में लगी आग को तत्कालीन चालू किया गया



**हुसैनाबाद पलामू-** हुसैनाबाद नगर पंचायत के भट्ठी मुहल्ला स्थित बिजली के ट्रांसफॉर्मर में बीती रात्रि आग लग गयी। आग लगने की घटना की जानकारी स्थानीय लोगो सुबह करीब 3 बजे हुसैनाबाद के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार को दिया , नपं अध्यक्ष स्थल पर पहुच कर बिजली विभाग के पदाधिकारी व कर्मियों को ट्रांसफॉर्मर में आग लगने की सूचना दिया ,जिसके बाद बिजली विभाग ने बिजली सप्लाई बंद कर दिया और मौके पर पहुच कर ट्रांसफॉर्मर में लगे आग को भुझा कर ट्रांसफॉर्मर को ठीक करने में अहम भूमिका निभाई

# इंटर आर्ट्स में हरिहरगंज की निशा जिला टॉप टेन में शामिल

**हरिहरगंज पलामू ।** जैक द्वारा घोषित इंटर आर्ट्स परीक्षा परिणाम में हरिहरगंज सीता +2 उच्च विद्यालय की छात्रा निशा शर्मा जिला टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया है। इनमें न्यू एरिया निवासी विश्वनाथ कुमार विश्वकर्मा की पुत्री निशा शर्मा 407 अंक 81.4 प्रतिशत लेकर पांचवा स्थान प्राप्त की है। निशा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता तथा विद्यालय के शिक्षकों को दी है । साथ ही सिविल सेवा की तैयारी कर प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है।

# हरि ओम सेवा संस्था के संस्थापक सदस्य विनोद सिंह लगातार गरीब लड़की के शादी में बढ़ चढ़कर मदद कर रहे है - शीतल दत्ता



बलियापुर डूहर एक परिस्थिति में जरूरतमंद लोगों के मदद के लिए विनोद सिंह अपने क्षमता अनुसार लगातार सहयोग कर रहे है चाहे किसी गरीब लड़की के शादी हो या किसी जरूरतमंद को रक्त की जरूरत हो या गरीब छोटे बच्चों को अस्पताल में मदद पहुंचाने का काम हो द्य

इस तरह के सभी मानव धर्म कार्य में हरिओम सेवा संस्था तथा उनके सदस्यों के द्वारा लगातार काम करने का प्रयास जारी हैं आपको बता दे की चांदमारी के मांझी बस्ती में एक अत्यंत गरीब लड़की के शादी में हरिओम सेवा संस्था के विनोद सिंह के द्वारा 5000 सहयोग राशि और कुछ सुखा राशन देकर मदद किया और लड़की के सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिए और अपना मानव धर्म निभाएं इसके लिए संस्था के मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता ,संस्थापक सदस्य प्रेमांशु पाल ,प्रभास पाल, सूर्य गोपाल भट्टाचार्य ,राणा प्रताप सिंह, सचिव हारु बावरी , राजा सिंह, बबलू बावरी,संजय रावत,अध्यक्ष डॉक्टर स्वरूप चौधरी ,सक्रिय सदस्य शंकर दास, दिलीप चौहान, अभय दीक्षित ,अमित सोंडा ,अमित बनर्जी ,मुकेश, दिनेश ,अनिल ,आमोद ,चंदन रंजीत महतो पिंटू ,रंजीत, विजय, अविनाश महतो, संचिता सहा आदि ने ढेर सारी शुभकामनाएं और बहुत सारा बधाई दिए द्य

# अनुपमा सिंह धनबाद लोकसभा के गलियारों में कर रही हैं धुंआधार जनसंपर्क



**बोकारो** ,एक तरफ जहाँ भीषण गर्मी का प्रकोप है लोग घरों से निकले में डर रहे हैं ,वहीं कांग्रेस पार्टी के धनबाद लोकसभा के उम्मीदवार अनुपमा सिंह धनबाद के गलियारों में लगातार धुंआधार जनसम्पर्क कर रही है, ओर लोगों से मिल रही और आशीर्वाद ले रही है, जनता के बीच जा रही है और अपने पक्ष में समर्थन मांग रही है, बोकारो, चास चंदनकियारी, धनबाद, झरिया निरसा, बाघमारा आदि जगहों में घर घर जाकर समर्थन की मांग रही है और आमजनों का भी भरपूर समर्थन मिल भी रहा है, आखिर आमजनों का समर्थन क्यों नहीं मिलेगा, क्योंकि इनके ससुर स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह के किए गए सराहनीयकार्यों को आम जनता भूल नहीं पाई है, बोकारो, धनबाद जिला के हर विकास कार्यों में इनके स्वर्गीय ससुर जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है इनको गरीबों का मसीहा कहा जाता है, आज भी लोग इनके स्वच्छ छवि को भूल नही पाए है, आज भी आमजनता इन्हें राजेंद्र बाबू के नाम से ही पुकारते है, स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह के पुत्र बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के भी सराहनीय कार्यों और ईमानदार नेता के छवि को सभी जानते है, जयमंगल सिंह भी अपने पिता के बताए गए राहों में ही चलते है, कुमार जयमंगल बेरमो के विधायक बनने के बाद बेरमो के जनता की हर समस्या को विधान सभा में लगातार उठाते रहते है, ये पिता की ही तरह ईमानदार और गरीबो के मसीहा कहे जाते है, कोमल ह्रदय वह हंसमुख चहेरा जनता को काफी प्रभावित करता है, वाकई ये कोमल ह्रदय के है जनता की गरीबी इनसे देखी नही जाती है, अनुपमा सिंह भी अपने ससुर और पति के ही मार्ग में चलने वाली एक शिक्षित सुयोग्य महिला है, इस कारण ही इनके द्वारा चलाया गया। हर जनसंपर्क में काफी संख्या में लोग जुटते दिखाई देते है।

# इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल आज भरेंगे नामांकन पर्चा

**हज़ारीबाग़ इस बार राजनीतिक उलगुलान के लिए तैयार : जय प्रकाश भाई पटेल**



**हज़ारीबाग़** – हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल आज अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद समाहरणालय भवन से समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में जिला स्कूल मैदान पहुंचकर जनसभा करेंगे। जनसभा में झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत कई विधायक एवं पूर्व विधायक शिरकत करेंगे।

### इंडिया अलायन्स के हज़ारों कार्यकर्ताओं की लगेगी भीड़

नामांकन रैली और जनसभा को लेकर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं में उत्साह चर्म पर है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ता ज़ोर शोर से लगे हुए हैं। कांग्रेस समेत इंडिया अलायन्स के सभी दलों से मिलाकर हज़ारों कार्यकर्ताओं के पहुंचने की उम्मीद है। इसके साथ ही भारी संख्या में समर्थकों का जनसैलाब उमड़ेगा।

**राजनीतिक उलगुलान कर इतिहास लिखेगा हज़ारीबाग़ – जेपी भाई पटेल** : नामांकन रैली से पहले जेपी भाई पटेल ने कहा कि झारखंडवासियों के खून में उलगुलान है। यहां के लोगों ने ही सबसे पहले अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था। सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ टेकलाल बाबू ने लड़ाई लड़ी थी। झारखण्ड आंदोलन में उन्होंने अहम भूमिका निभाते हुए राज्यसभा में अलग राज्य का बिल पास कराया था।

# मुस्कान कुमारी ने जिले में चौथा स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल के साथ-साथ अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया

**आगे चलकर चिकित्सक बन गरीब दुखियो की सेवा करना हमारा पहला कर्तव्य -मुस्कान कुमारी**



**पेटरवार, प्रतिनिधि।** जैक बोर्ड द्वारा जारी इंटर मीडिएट की परीक्षा फल में प्लस टू उच्च विद्यालय पेटरवार की छात्रा मुस्कान कुमारी ने साइंस में जिला टॉप टेन में स्थान बनाने में सफलता हासिल की है। उन्होंने टॉप टेन में पूरे जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है। बाजार में सब्जी बेचने वाले कैलास महतो और सुनीता देवी की पुत्री मुस्कान कुमारी ने यह उपलब्धि हासिल कर अपने गांव बेमरो टांड़( कसमार) सहित जिले का नाम रौशन किया है। उन्होंने साइंस में 455 अंक प्राप्त कर जिला टॉप टेन में चौथा स्थान प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। इस सफलता पर उसके घर में खुशी का माहौल व्याप्त है।

मुस्कान के इस सफलता पर उसके माता, पिता, दादा, दादी ने मुस्कान को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। मुस्कान ने इस उपलब्धि का सारा श्रेय अपने माता - पिता, साइंस शिक्षक प्रणति मिश्रा, प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश विश्वकर्मा को देते हुए कहा कि उनके दिशा निर्देश पर आज मुझे यह उपलब्धि हासिल हो पाई है। उन्होंने आगे कहा कि इस उपलब्धि पर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रही हूं और आगे नीट की तैयारी करूंगी और आगे चलकर चिकित्सक बन गरीब दुखियो की सेवा करना हमारा पहला कर्तव्य होगा। वहीं पर कला में महेंद्र बेसरा 389 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान,उपेंद्र टुडू 382 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, प्रेमिका कुमारी 374 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, विज्ञान में मनीषा कुमारी 431 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान ,कुंदन ठाकुर403 अंक प्राप्त कर तृतीय प्राप्त की वहीं पर वाणिज्य में प्रिंस कुमार अग्रवाल 367 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान ,शाजादा परवीन 356 अंक प्राप्त कर द्वितीय, और सुमित वर्मा 355 अंक प्रकार तृतीय स्थान प्राप्त किया यह सभी छात्र छात्राओं ने अपने स्कूल के साथ-साथ प्रखंड का नाम रोशन किया।

# लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह के जीत सुनिश्चित के लिए धनबाद जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने की बैठक



**धनबाद** जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की एक बैठक हाउसिंग कॉलोनी स्थित जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत को लेकर विशेष चर्चा हुई जिसमें सभी ने एक स्वर में प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित पर बल देते हुए संकल्प लिया । कार्यक्रम के शुभारंभ में कार्यकर्ताओं ने उपस्थित मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर को बुके देकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया । बैठक में मुख्य अतिथि में प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रत्याशी नहीं देने के कारण जो विवाद चल रहा था आलाकमान के अनुसार सुलझ गया जिसका परिणाम आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्ण रूप से दिखेगा । लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक का टिकट विधानसभा चुनाव में इसकी भागीदारी दिखेगी । वही धनबाद जिला परिषद सदस्य सोहराब अंसारी ने प्रेस को बताया कि कल से हम सभी कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत के लिए पार्टी के सभी प्रकोष्ठ पूरी ताकत के साथ प्रचार प्रसार में जुड़ जाएंगे और अपने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को भारी मतों से विजय बनाने के साथ विपक्षी भाजपा प्रत्याशी को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगी मौके पर शहजाद अनवर कार्यकारी अध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक मोर्चा, शमशेर आलम प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी सहपरवक्ता मुख्तार खान सदस्य प्रदेश कार्य समिति अब्दुल करीम अंसारी उपाध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग सोहराब अंसारी सदस्य जिला परिषद सा प्रदेश महासचिव झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग जावेद राजा प्रवक्ता धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी जहीर अंसारी धनबाद जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग इम्तियाज अली झरिया प्रखंड अध्यक्ष शाने रहमत प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग शरीफ अंसारी धनबाद जिला महासचिव आसिफ राजा महासचिव धनबाद जिला कांग्रेस मोइन अंसारी जिला महासचिव कांग्रेस मोहम्मद जुल्फिकार इम्तियाज आलम हसनैन अली अनवर हुसैन अंसारी शकील अंसारी मोबिन अंसारी पूर्व मुखिया एस, एम फैयाज अहमद ,मोहम्मद गुलाम ,मुंतका खालिद हुसैन ,आकिब जावेद ,सोहराब अली , अमीरुल हसन , राजा खान ,मोहम्मद अल्तमस, गुड्डू इंजीनियर के अलावे दर्जन लोग उपस्थित थे ।




सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादक:** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63